धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 05 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुल्क पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 148 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.9 | 26.2 |
| जमशेदपुर | 34.9 | 25.0 |
| डालटनगंज | 35.0 | 25.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



नवारो, फ्रिट्ज व सबालेंका ..> पेज 10



2019 का वादा था नवविवाहित महिलाओं को सोने का सिक्का देने का

2024 तक आप में से किसी को मिला क्या?

## 7,0927 महिला लाभुकों के बीच 70.50 करोड़ की राशि ट्रांसफार

# 18 साल की उम्र से ही मिलेगा मंईयां योजना का लाभ: हेमंत

सौगात

विशेष संवाददाता। रांची

- हेमंत का चुनावी आगाज, भाजपा पर चुन-चुन कर किया हमला
- चंदा के चक्कर में देशवासियों को लगवा दी जानलेवा वैक्सीन
- बाहर से आकर संप्रदायिकता फैला कर चले जाते हैं भाजपा के नेता
- दो-ढाई साल में इतना काम किया कि भाजपा उसमें समा जाएगी



नामकुम के खोजाटोली ग्राउंड में हाथ उठा कर अभिवादन करते सीएम हेमंत सोरेन.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के नामकुम स्थित खोजाटोली ट्रेनिंग ग्राउंड से विधानसभा चुनाव की तैयारी का आगाज कर दिया. उन्होंने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिले रांची, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा की 7,0927 महिला लाभुकों के खातों में 70.50 करोड़ की राशि ट्रांसफार की. प्रमंडल स्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम के दौरान सीएम ने एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की.

उन्होंने कहा कि अब इस योजना के लाभुकों की उम्र सीमा घटा कर 21 से 18 की जा रही है. यानी कि अब 18 वर्ष होने पर ही इस योजना का लाभ मिलने लगेगा. इस दौरान हेमंत ने भाजपा का नाम लेते हुए जमकर निशाना साधा. उन्होंने उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में हुई युवाओं की मौत का जिक्र करते हुए कहा कि यह सब क्यों हो रहा है? युवा छोटी सी छोटी बीमारी सर्दी-खांसी, जुकाम से भी एक से दो दिनों में मर जा रहे हैं. अभी तो सच सामने आना बाकी है. मगर, कोविड वैक्सीन को लेकर सच सामने आने लगा है. इन लोगों ने चंदा के चक्कर में दुनिया से रिजेक्टेड कोविड वैक्सीन को देशवासियों को लगवा दिया.

**जब असम ही घुसपैठिए का द्वार, तो बंद क्यों नहीं करते :** हेमंत सोरेन ने असम के सीएम और भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा पर भी जोरदार हमला किया. कहा कि यहां पर कभी मध्य प्रदेश के, कभी गुजरात के, तो कभी असम के नेता आते रहते हैं. हर सप्ताह एक नेता आते हैं और राज्य में सांप्रदायिकता का जहर घोल कर चले जाते हैं. कहते हैं घुसपैठ हो रहा है, जबकि वो खुद स्वीकार कर चुके हैं कि असम, घुसपैठ का द्वार है. जब आपका राज्य ही द्वार है, तो उसे बंद क्यों नहीं करते हैं?

**भाजपा के लोग टीना का चश्मा लगाए हुए हैं :** सीएम ने कहा कि भाजपावालों को हमारी सरकार का काम नहीं दिखता है. ये लोग टीना का चश्मा लगाए हुए हैं. हमने केवल दो-ढाई साल में इतना काम कर दिया कि उसमें भाजपा समा जाएगी. झारखंड में जब डबल इंजन की सरकार थी, तो लोग हाथ में राशन कार्ड लेकर भात-भात कहते हुए मर गए. जबकि, हमने कोरोना में भी लोगों को भूख से मरने नहीं दिया. डबल इंजन की सरकार ने सात लाख राशन कार्ड डिलिट कर दिया, हमने 18 लाख नए कार्ड बना कर राशन दिया. हमने अपने दम पर अबुआ आवास योजना शुरू की.

**हर हाल में सत्ता में बने रहना चाहती है भाजपा :** मुख्यमंत्री ने भाजपा का नाम लेकर कहा कि इन लोगों का काम केवल इतना बच गया है कि जहां वे हार गए हैं, वहां भी विधायकों की खरीद-फरोख्त करके सरकार बना लो. ये लोग हर हाल में सत्ता में बने रहना चाहते हैं. अगर सरकार बनाने में सफल नहीं हुए, तो गैर भाजपाई सरकार के नेताओं के पीछे ईडी और सीबीआई लगा कर झूठे आरोप में जेल भेज देते हैं.

## मणिपुर: मोर्टार, एके 47 सहित 50 से अधिक घातक हथियार बरामद

- मणिपुर के अलग-अलग जिलों से हथियारों का जखीरा मिला
- विगत एक सप्ताह से सेना चला रही थी सघन तालाशी अभियान

नई दिल्ली। मणिपुर के विभिन्न जिलों से बंदूकें, गोला-बारूद के अलावा अन्य युद्ध जैसे हथियारों और उपकरणों के भंडार की बरामदगी हुई है. सेना के मुताबिक, बीते एक सप्ताह से अधिक समय से चल रहे सघन अभियानों में मोर्टार, एके-47, पिस्तौलें, हैंड ग्रेनेड, विस्फोटक समेत 50 से अधिक हथियार बरामद किए गए हैं. इनमें बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और अन्य युद्धक हथियारों के भंडार भी शामिल हैं. रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, काकचिंग जिले में एक संभावित ठिकाने से असम राइफल्स ने नौ हथगोले, एक स्टेन मार्क-वी राइफल, दो 12 बोर सिंगल-बैरल राइफल, दो 9 एमएम पिस्तौल और युद्धक सामग्री बरामद की. वहीं, कांगपोकपी जिले के चांगसांग से एक सोवियत राइफल, एक स्थानीय निर्मित राइफल, एक बोल्ट एक्शन राइफल, एक 0.22 पिस्तौल, एक इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार और अन्य उपकरण बरामद किए हैं. एक अन्य तलाशी अभियान में मणिपुर हिल्स और अन्य इलाकों से एक 51 मिमी मोर्टार, एक एमए-3 एमके-2 राइफल, एक एके-47, दो लोडेड बंदूक, एक 303 राइफल, छह 9 मिमी पिस्तौल, सात सिंगल बैरल 12 बोर की बंदूकें, दो 0.22 राइफल, 11 पोम्पी बंदूकें, 49 विस्फोटक उपकरण, हथगोले, आंसू गैस के गोले, गोला-बारूद बरामद किए गए.

## सिंगापुर में पीएम मोदी का जोरदार स्वागत



सिंगापुर में बुधवार को ढोल पर हाथ आजमाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी.

सिंगापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन दिवसीय दौरे के क्रम में बुधवार को ब्रुनेई से सिंगापुर पहुंचे. मोदी जैसे ही सिंगापुर में अपने होटल पहुंचे, वहां मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया. पीएम ने लोगों को ऑटोग्राफ भी दिए. वहीं, भारतीय मूल की महिलाओं ने पीएम मोदी को राखी भी बांधी. इस दौरान लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला. भारतीय समुदाय के जोश को देखते हुए मोदी ने महाराष्ट्रियन धुन पर खुद भी ढोल बजाया. इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरया' के जमकर जयकारे भी लगे.

## राहुल गांधी से मिले विनेश और बजरंग

### कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

एजेंसी। नई दिल्ली



राहुल गांधी से मुलाकात करते विनेश फोगाट व बजरंग पुनिया.

हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं. कुछ दिनों से अटकलें लगाई जा रही हैं कि पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं. इस बीच बुधवार को विनेश और बजरंग ने लोकसभा में नता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की. इसके बाद कयास लगने शुरू हो गए हैं कि दोनों पहलवानों की टिकट पक्की हो सकती है.

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली में पहलवानों ने लंबे समय तक प्रदर्शन किया था. इस दौरान पहलवानों की भाजपा के प्रति नाराजगी भी साफ तौर पर दिखाई दी थी. वहीं, बीते शनिवार को विनेश किसानों के समर्थन में शंभू और खनौरी बॉर्डर पहुंची थीं. अब एक-दो दिन में कांग्रेस हरियाणा में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने वाली है. लिहाजा, दोनों पहलवानों की राहुल से मुलाकात ने इनके कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की अटकलों को तेज कर दिया है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,200 |
| चांदी (किलो) | 84,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### रास के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ दिलाई. शपथ लेने वालों में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और भाजपा की किरण चौधरी, रामेश्वर तेली, जॉर्ज कुरियन व धैर्यशील पाटिल शामिल रहे.

#### कश्मीर: उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल से पर्चा भरा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को गांदरबल विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया. अब्दुल्ला नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए गांदरबल विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे थे.

# 16 हजार टन अनाज की कालाबाजारी के आरोपी रामजी पांडेय के घर पर सीबीआई की छापेमारी

संवाददता। गिरडीह/रांची

- सीबीआई की टीम के हाथ लगे कई अहम दस्तावेज



शास्त्रीनगर में रामजी पांडेय के घर पर पहुंची सीबीआई की टीम.

#### एफसीआई के गोदामों से अनाज बंगाल पहुंचाया गया

शुरुआती जांच में पता चला था कि एफसीआई के गोदामों से निकाला गया अनाज बंगाल की राइस मिलों में पहुंचाया गया और फिर पॉलिश कर उसे बाजार में बेच दिया गया. इसमें जेएसएफसी (झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन) के कुछ अफसरों की भी मिलीभगत की आशंका जताई गई. एफसीआई ने सरिया में 10 हजार टन क्षमता का गोदाम शास्त्रीनगर, गिरिडीह में रहने वाले रामजी पांडे से किराये पर लिया था और संचालन की जिम्मेदारी भी उन्हें ही दी थी.

गिरिडीह जिले में एफसीआई के अनाज घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने बुधवार की सुबह कांट्रेक्टर एवं गोदाम संचालक रामजी पांडेय और संजय शर्मा के घरों में छापेमारी की. इस दौरान नकदी और कई दस्तावेजों की बरामदगी की सूचना है. एजेंसी के अफसरों को बरामद नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली मशीन मंगवानी पड़ी. टीम ने बाहर से जेरोक्स मशीन मंगवाई और रामजी के घर में मिले कागजातों की छाया प्रति भी निकाली.


सीबीआई की टीम द्वारा रामजी पांडेय के घर से गोदाम, अनाज से जुड़े कागजातों के अलावा उनके निवेश से संबंधित कागजातों को जांचा गया है. बता दें कि गिरिडीह जिले के सरिया में एफसीआई के गोदाम संचालन का ठेका लंबे समय से रामजी पांडेय के पास था. पांडेय पर आरोप है कि उन्होंने गोदाम से 16 हजार टन से भी ज्यादा अनाज की फर्जी कागजात के आधार पर निकासी कर उसकी कालाबाजारी की. इससे निगम को करोड़ों रुपये का घाटा हुआ. इससे पहले सीबीआई की तीन सदस्यीय टीम सुबह करीब साढ़े छह बजे गिरिडीह के शास्त्रीनगर स्थित रामजी पांडेय के घर पर पहुंची और तलाशी शुरू की. एक अन्य गोदाम संचालक संजय शर्मा के आवास पर भी इसी तरह की गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर छापेमारी की गई.

**हजारों टन अनाज की फर्जी तरीके से निकासी की :** उल्लेखनीय है कि अनाज की हेराफेरी और कालाबाजारी का यह मामला एफसीआई की एक टीम द्वारा गोदामों के निरीक्षण के दौरान पकड़ में आया था. मार्च 2024 में एफसीआई की टीम को सरिया गोदाम में पहली दफा 90 लाख से अधिक कीमत का 2900 क्विंटल से अधिक अनाज गायब गायब मिला. जांच आगे बढ़ी, तो पता चला कि हजारों टन अनाज फर्जी तरीके से निकाले गये. इसके बाद एफसीआई ने इसकी जांच सीबीआई से कराने का निवेदन किया था.

परिवहन विकास | गडकरी बोले- और मजबूत होगा देश का हाईवे नेटवर्क

# एक लाख करोड़ से बनेंगी 74 नई सुरंगें

एजेंसी। नई दिल्ली



- 35 नई सुरंगों का निर्माण पूरा, 49 किलोमीटर है लंबाई
- अब 273 किमी की नई सुरंगें बनाने की है तैयारी

देश में हाईवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले वर्षों में 74 नई सुरंगें बनाने का फैसला किया है. इन प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत करीब एक लाख करोड़ रुपये है. सरकार की ओर से 15,000 करोड़ रुपये की लागत से 49 किलोमीटर लंबी 35 सुरंगें पहले ही बनाई जा चुकी हैं. अब सरकार 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयारी कर रही है.

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में देश में सुरंगों का नेटवर्क काफी मजबूत हुआ है. मौजूदा समय में 40,000 करोड़ रुपये की लागत से 134 किलोमीटर लंबी 69 के करीब सुरंगें बन रही हैं. राष्ट्रीय राजधानी में फिक्की के टनलिंग इंडिया कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है. सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है. गडकरी ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने होंगे, जिसमें गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना अच्छी तकनीक और प्रभावी लागत भी हो.

**सरकार का फोकस हाईवे नेटवर्क को मजबूत करना :** सरकार का फोकस लगातार हाईवे नेटवर्क को मजबूत करना है. मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग का उद्घाटन किया था. इस प्रोजेक्ट की लागत 825 करोड़ रुपये थी. यह 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी दो लेन की टनल है.

## सीएम आवास में बैठे हैं कई अपराधी : तेजस्वी

पटना। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव राज्य में बढ़ते अपराध के मुद्दे पर एक बार फिर मुखर नजर आ रहे हैं. सोशल मीडिया पर उन्होंने अपराधों के आंकड़े जारी कर सरकार को घेरा है. तेजस्वी ने कहा है कि बिहार में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और इसके लिए सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पीड़ित परिवारों से मिलने की जहमत नहीं उठाती है. तेजस्वी ने दावा किया कि सरकार से कानून-व्यवस्था नहीं संभल रहा है. उन्होंने कहा कि हमने तो कई अपराधियों का फोटो शेयर किया है, जो सीएम आवास में बैठे हैं. कई अपराधी बीजेपी नेताओं के साथ बैठे रहे, उसका भी फोटो शेयर किया है.

A PIONEER GROUP OF NORTHERN INDIA, STREAMING IN JHARKHAND

SAI NATH UNIVERSITY

Established in 2012

Established under Jharkhand Govt. Act No. 15 of 2012 & Recognized as per Section 2 (f) of UGC Act, 1956




APPROVALS: Established under Jharkhand Govt. Act. No. 15 of 2012 | Recognized under section 2 (f) of UGC Act. | Member of AIU | NCTE App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI for D.Pharma | App. by BCI for Law Programme | Approved by INC

Admission 2024-25

पॉलिटेक्निक

Diploma Engineering : Approved by AICTE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | Diploma in Engg. | 3 Yrs. | 10th |
| 2. | Diploma Engg. (Lateral) | 2 Yrs. | 10+2 with Math / ITI |

- MINING ENGG
- ELEC. ENGG.
- MECH. ENGG.
- CIVIL ENGG.

PHYSICAL EDUCATION (Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.P.Ed. | 2 Yrs. | Bachelor Degree |
| 2. | D.P.Ed. | 2 Yrs. | 10+2 |

PHARMACY/ NURSING/ PARAMEDICAL

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc Nursing | 4 Yrs. | 10+2 (PCB) |
| 2. | B-Pharmacy* | 4 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 3. | D-Pharmacy | 2 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 4. | B.Sc. MLT | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | ANM | 2 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 6. | GNM | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |

EDUCATION PROGRAMME (Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | D.El.Ed./PTT | 2 Yrs. | 10+2 |
| 2. | M.Ed. | 2 Yrs. | B.Ed. |
| 3. | B.Ed.-M.Ed. | 3 Yrs. | Post Graduation |
| 4. | B.Ed.* | 2 Yrs. | Graduation |

* (Entrance: Jharkhand Combined)

LAW PROGRAMME (Approved by BCI)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | LL.M. | 2 Yrs. | LL.B |
| 2. | LL.B. (Hons.) | 3 Yrs. | Graduation |
| 3. | B.A. - LL.B. (Hons.) | 5 Yrs | 10+2 |

MANAGEMENT/COMPUTER

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | MBA | 2 Yrs. | Graduation |
| 2. | BBA | 3 Yrs. | 10+2 |
| 3. | BCA | 3 Yrs. | 10+2 |

AGRICULTURE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Agriculture (Hons.) | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 2. | M.Sc. Agriculture | 2 Yrs. | B.Sc. Agriculture |

CONDUCTED IN COLLABORATION WITH SHUBHAM UNIVERSITY, BHOPAL

Courses : PGDCA,B.Lib

gurugracia.com

*CONDUCTED IN COLLABORATION WITH SHUBHAM UNIVERSITY, BHOPAL

Sai Nath University having NCC Unit. In Campus Separate Boys & Girls Hostel

Campus : Jirawar, Chandway-Kuchu Road, Ormanjhi, Ranchi (Jharkhand)

7970408015, 6204313818, 7461073942, 7903145542, 9050565535

E-mail: sainathuniversity@ymail.com , Website: www.sainathuniversity.com

**झारखंड भाजपा : उम्मीदवारों का आकलन और कार्यकर्ता व जनता की राय के बाद ही टिकट पर मुहर**

# सर्वे के चार मानकों पर खरा उतरनेवाले को ही मिलेगा टिकट

रवि भारती। रांची

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक दल रेस हो गए हैं. रणनीति पर रणनीति बनाई जा रही है. हर दल में उम्मीदवारी को लेकर दावे पर दावे किए जा रहे हैं. प्रदेश भाजपा में भी उम्मीदवारी को लेकर दावे पर दावे हो रहे हैं. लेकिन टिकट की डगर काफी कठिन है. जानकारी के अनुसार, उम्मीदवारी का दावा करने वाले को



सर्वे के चार मानकों पर खरा उतरना होगा. भाजपा इस बार उम्मीदवारों की स्थिति का आकलन करेगी. फिर कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों की इच्छा को जानने और समझने के लिए अलग-अलग सर्वे कराया जाएगा. इसी सर्वे रिर्पोट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम फैसला लेगा.

**इसी महीने उम्मीदवारों की हो सकती है घोषणा:** जानकारी के अनुसार भाजपा इसी महीने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर सकती है. सोमवार को हुई बैठक में इस इस बात की भी चर्चा हुई थी कि हर विधानसभा सीट से पांच उम्मीदवारों के नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा जाएगा.

**28 आरक्षित सीटों पर फोकस कर रही है भाजपा:** भाजपा इस बार विधानसभा की 28 आरक्षित सीटों पर फोकस कर रही है. इसकी वजह यह भी है कि 2019 के चुनाव में इन आरक्षित सीटों में से सिर्फ दो पर ही भाजपा को जीत मिली थी. बाकी 26 सीटों पर हार के कारण भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा था. इस बार भाजपा ने संताल और कोल्हान पर सबसे ज्यादा फोकस किया है. झामुमो के कद्दावर नेता रहे चंपाई सोरेन के भाजपा में आने के बाद भाजपा थोड़ी राहत जरूर महसूस कर रही है.

**आदिवासी नेताओं को मोरचे पर तैनाती की तैयारी**

प्रदेश भाजपा आदिवासी नेताओं को मोरचे पर तैनाती की तैयारी कर रही है. इसमें कई बड़े नाम हैं, जिसमें पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी और चंपाई सोरेन मुख्य रूप से शामिल हैं. इन नेताओं के चुनाव लड़ने के साथ-साथ अन्य आदिवासी नेताओं के भी चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है. इनमें सुदर्शन भगत, गीता कोड़ा, समीर उरांव, अरूण उरांव, सुनील सोरेन और ताला मरांडी का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है.

## ई हैं डॉग्डर बाबू, कंघी कईलें, झाड़ू ले झड़ुवाइलें, अब फिरो पंजा लड़ाईले बाड़ें

संजय सिंह

**चुनावी चकल्लस**

ई अपना झारखंड भी है न, गजबे है. ईहां ढेरे कांग्रेसी नेताजी लोग एनआरजे (नॉन रेसीडेंट झारखंडी) है. कुछ तो यही जन्मे, पढ़े-लिखे, लेकिन दिल्ली में सेट कर गए. वही से ऊपरे-उपरे गेटिंग सेटिंग कर राजनीति चमकाइले रहते हैं. कुछ उधरे से आए, यहां कर्मक्षेत्र बनाए, कुछ दिन सक्रिय रहे, फिर दिल्लीए में गेटिंग-सेटिंग में लग गए. अब विधानसभा चुनाव आया, तो ढेरे एनआरजे नेताजी लोग कुएं से बहरी निकल आए हैं. टरटरावे लगे हैं. अइसने एगो नेताजी हैं. ई डॉग्र साहिब हैं... होम्योपैथीवाले नहीं भाई असली एलोपैथीवाले डॉग्डर साहिब हैं. पुलिस के अफसर रहे हैं. देश भर में चर्चित रहे. खूबे एनकाउंटर किये कराये थे. स्मार्ट भी वइसने हैं. चश्मा लगाइले फिल्मी हीरो जइसा दिखते हैं. ज्यादा दिल्ली में रहते हैं. वहीं राष्ट्रीय नेताजी लोगन के आगे-पीछे पैडल मारले रहते हैं. ई पहिले कंघी खूब करते थे. लाल बाबू जी कमल फूल से खिसियाए, तो कंघी छाप वाली पार्टी बना लिए. डॉग्डर साहिब की किस्मत लही, कंघी करते-करते सांसद बन गए. लेकिन बाद में पंजा लड़ाने लगी चले आए... लेकिन फेंका गए. ईहां न सके. पंजा ने टिकट दिया, लेकिन डॉग्डर साहिब हबकुनिए गिरे, सो उठिए न पाए. देखिन की पंजा लड़ावे के चक्कर में पंजवा मुरुक जाएगा, तो किनारा धर लिए. पंजा को मरोड़ कर फेंके और दिल्ली में झाड़ू लगावे चल दिए. झड़ुवा वाली पार्टी के नेताजी इनको खेबी सब्जबाग दिखाए. डॉग्डर बाबू भी तेजी से झाड़ू लगावे लगे, लेकिन झाड़ू लगाईते -लगाईते हांफे लगे, तो साहिब को बुझाए लगा कि फंस गए हैं. ईहो बुझाए लगा कि ई झाड़ू छाप नेताजी पक्का झाड़ीबाज है. तो डॉग्डर बाबू छटपटाए लगे. झाड़ू लगावे से धूल उठे लगा, तो हंफनी होवे लगा. जब झाड़ू लगाईते लगाईते ज्यादा हंफनी होवे लगा तो डॉग्डर बाबू को पंजा चापवाले शहजादा की याद आई. सोचे तनिका झूठ-सांच अंग्रेजी में दिस-दैट झाड़ेंगे, तो शहजादा साहिब को मोहित करिए लेंगे. पूरा जोर लगाइले रहे. गोटी फिट हो गई. पंजवा पार्टी ने बड़का जिम्मेवारी दी... डॉग्डर साहिब देश की राजधानी में ज्यादा बिजी रहे लगे. लेकिन लोह नगरी जमशेदपुर में एगो टाटा कृपावाला ठिकाने धइले रहे. जब-जब चुनावी मौसम आता है, डॉग्डर साहिब टरटरावे लगते हैं. लोकसभा चुनाव के समय भी अवतरित हुए, लेकिन सीट शेयरिंग में दाल न गली, तो बेचारे मन मसोस कर रह गए. तनि-मनी टरटराए फिर दिल्ली देने चले गए. अब विधानसभा चुनाव का समय आया, तो डॉग्डर साहिब फिरो टरटराए लगे हैं. इससे पहिले प्रदेश अध्यक्ष के लिए भी हाथ-पैर मारले ते, लेकिन डॉग्डर साहिब की चली नहीं. अब विधानसभा चुनाव लड़े ला टरटरा रहे हैं. कभी अपनी ही पार्टीवाले गुप्ता जी को बन्ना बनावे में जुट जाते हैं, तो कभी सरयू चाचा वाली सीट पर नजर दौड़ावे लगते हैं. पिछला विधानसभा चुनाव (2019) में भी डॉग्डर साहिब खूबे उछल-कूद मचाइले थे, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने हंफा-हंफा कर छोड़ दिया. बुझाए लगा कि डॉग्डर साहिब को हंफनी रोग (दमा) हो गया है. फिर संसदीय चुनाव में हांफे, न सके, तो अबकी विधानसभा चुनाव का टिकट लगी फिर से हांफे लगे हैं. अइसे एनआरजे डॉग्डर साहिब हैं बहुते यंग-एनरजेटिक. स्मार्ट तो अइसन की पूछिए मत. बोले-बतियावे में मुंह से शहदे टपकाइले रहते हैं. एक बार प्रदेश अध्यक्ष का भी जिम्मेवारी संभाल चुके हैं. साहिब को चस्का लगले है, सो मीठी-मीठी बोल के, शहद टपकाइके साहिब जी टिकट जोगाड़े में लगे हैं. लेकिन केतना सफल होंगे, ई तो समय बताएगा... लेकिन ई तो तय है कि पंजा पार्टिया में जो लोग पंजा मरोड़-चरोड़ कर, पंजा को लात मारकर भागते रहा है, ओकरे ज्यादा चलता रहा है. ई हो साहिब पंजा मरोड़ कर, पार्टीको लात मारकर दिल्ली गए थे झाड़ू से झड़ुवावे... लेकिन हंफनी के बेमारी साथे लौट आए फिर पंजा लड़ावे लगी... अब देखना है कि डॉग्डर साहिब पंजा लडाव्रे में सकते हैं कि पंजवा मुरका के दिल्ली के एगो मैक्स में बईठ कर फिरो से फैक्स करे लगते हैं.

### ब्रीफ खबरें

**झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सिंतबर को**

**रांची ।** राज्य सरकार ने छह सितंबर को केबिनेट की बैठक बुलाई है. बैठक प्रोजेक्ट बिल्डिंग में शाम के चार बजे होगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दी है. बैठक में सरकार कई योजनाओं पर फैसला लेगी.

**जिला स्कूल में छह से 16 तक पुस्तक मेला**

**रांची ।** राजधानी के जिला स्कूल मैदान में छह सितंबर से राष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन होगा. पुस्तक मेला 16 सितंबर तक चलेगा. इस दौरान पुस्तक मेला में हर शाम कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा. दिन के 11 बजे से रात के 9.00 बजे तक पुस्तक मेला में लोग आ सकते हैं. पुस्तक मेला में देश भर के प्रकाशकों का स्टॉल लगता है. रांची व इसके आसपास के जिलों के पुस्तक प्रेमियों को इस मेला का इंतजार रहता है.

**दिल्ली के झारखंड भवन के उदघाटन में हड़बड़ी: भानू**

**रांची ।** पूर्व मंत्री व विधायक भानू प्रताप शाही ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके कहा है कि झारखंड भवन का उदघाटन आनन-फानन में किया गया है. यहां तक कि अभी तक झारखंड भवन में बिजली का कनेक्शन नहीं लगा है. शाही ने मुख्यमंत्री से सवाल किया है कि क्या बिजली कनेक्शन में अभी दो महीना लगेगा ? इतनी हड़बड़ी क्यों है ? क्या सिर्फ इसलिए कि शिलापट्ट पर व अखबार में नाम के लिए.

**सेना के कौशल का प्रदर्शन छह सितंबर से**

**रांची ।** राजधानी रांची में पहली बार भारतीय सेना के अद्भुत कौशल, शौर्य और सेवा भाव का अनूठा प्रदर्शन होगा. मोराबादी मैदान में छह से 8 सितंबर तक यह कार्यक्रम चलेगा. तीनों दिन सुबह 9:00 बजे से रात 9:00 तक चलने वाला यह कार्यक्रम भारतीय सेना से हमें और भी जुड़ाव महसूस कराएगा. यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर दी है.

**5.31 लाख रु लूटनेवाले की सजा बरकरार रही**

**रांची।** सिविल कोर्ट, रांची के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने प्रज्ञा केंद्र संचालक से 5.31 लाख रुपये लूटनेवाले सजायाफ्ता पंकज कुमार पासवान की सजा बरकरार रखी है. एसडीजेएम रूपम स्मृति टोपनो ने लूट व आर्म्स एक्ट में दोषी पाकर पंकज कुमार पासवान को 29 जुलाई को तीन साल कैद की सजा सुनाई थी. साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था. सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी. अभियुक्त मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के महिप बिगहा गांव का रहनेवाला है. ज्ञात हो कि लूट की घटना को लेकर आशीष कुमार ने 11 नवंबर 2022 को मैक्लुस्कीगंज थाने में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

**विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर एनडीए में झिकझिक**

# आजसू 12 सीटों पर अड़ी, आठ देने को तैयार है भाजपा,जयराम से भी संपर्क

संवाददाता ।रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर अभी तक कोई फैसला नहीं आया है. सूचना है कि बारह-आठ का पेंच फंस गया है. आजसू 12 सीटों पर अड़ी हुई, जबकि भाजपा आठ से आगे नहीं बढ़ रही है. बीच का रास्ता 10 सीट पर निकल सकता है. ले-देकर हालात पिछली विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे से बहुत ज्यादा जुदा नहीं नजर आ रहा है. चंदनकियारी, जुगसलाई, ईचागढ़, लोहरदगा सीट को लेकर जहां पेंच फंसा हुआ है, वहीं डुमरी और टुंडी में आजसू की सफलता को लेकर भी भाजपा सशंकित है. इस बीच खबर यह है कि भाजपा के नेता जयराम महतो के भी संपर्क में हैं. लोकसभा चुनाव में जयराम महतो की पार्टी के प्रदर्शन ने सभी को चौंकाया है. चाहे वह भाजपा हो, कांग्रेस हो, झामुमो हो या दूसरा कोई दल. जयराम महतो सबके लिए हॉट केक बन चुके हैं.

सूत्रों ने जो जानकारी दी है कि उसके मुताबिक आजसू और भाजपा के बीच सीट शेयरिंग को लेकर कई बार बात हो चुकी है. लेकिन बात बन नहीं पा रही है और भाजपा के कुछ नेताओं का कहना है कि अगर आजसू की जगह जयराम महतो को एनडीए में शामिल कर लिया जाये, तो इसका ज्यादा फायदा हो सकता है. आजसू पार्टी लोगों के लिए देखा हुई, जानी हुई और उम्मीदों पर तौली हुई पार्टी है, जबकि जयराम महतो की पार्टी के साथ ऐसा कुछ भी नहीं है. नया चेहरा है, नई पार्टी है और उनसे जुड़े लोगों की उम्मीद को भी अभी तक तौला नहीं गया है. भाजपा को एक फायदा यह भी दिख रहा है कि संभव है जयराम महतो कम सीटों पर भी राजी हो जायें और लोकसभा चुनाव के परिणाम से उसकी पार्टी से गठबंधन करने में ज्यादा लाभ मिलने के संकेत मिल रहे हैं.

**सिल्ली में खुद ही पसीना बहाना पड़ रहा सुदेश को :** भाजपा के कुछ नेता इस बात को लेकर भी आजसू से दिक्कत महसूस करते हैं कि कोई भी बात दिल्ली दरबार में ही हो पाती है. राज्य स्तर पर किसी तरह की संयुक्त रणनीति बनाने में भाजपा के लोकल नेताओं को परेशानी होती है. कई नेता उस घटना को बार-बार दुहराते हैं, जिसमें भाजपा के शिवराज सिंह चौहान, कर्मवीर सिंह, बाबूलाल मरांडी जैसे नेताओं को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का इंतजार करना पड़ा था. इस बीच यह रिपोर्ट भी चर्चा में है कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो खुद अपने क्षेत्र सिल्ली में घिरते नजर आ रहे हैं. खुद को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें अभी से ही सिल्ली में बहुत मेहनत करनी पड़ रही है. गोमिया में जयराम महतो की ज्यादा धमक महसूस की जा रही है. रामगढ़ में भी स्थिति बहुत ठीक नहीं है. पारिवारिक पार्टी होने का तमगा लग गया है सो अलग. कुल मिलाकर भाजपा खेमा यह देख रहा है कि आजसू के साथ सीट शेयरिंग से आजसू को ज्यादा और भाजपा को कम फायदा होगा, जबकि जयराम से अगर बात बनती है, तो भाजपा को अधिक फायदा मिलेगा.

**आजसू को लेकर भाजपा सतर्क**

आजसू को लेकर इस बार भाजपा पूरी तरह सतर्क और अलर्ट है. आजसू की पुराने फैसलों को ध्यान में रख कर भाजपा रिश्तों को तौल रही है. भाजपा नेताओं का मानना है कि अगर वह आजसू पर पूरी तरह निर्भर रहें, तो झटका भी लग सकता है. ऐसी सोंच की वजहें भी हैं. वर्ष 2014 में स्थानीय नीति के मामले में आजसू ने दोहरी चाल चली थी. कैबिनेट में मंत्री चंद्रप्रकाश की सहमति और बाहर पार्टी का सरकार से विरोध. भाजपा कभी नहीं चाहेगी कि ऐसी परिस्थितियां दुबारा पैदा हों. हाल ही में गांडेय उपचुनाव में भी, जो भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल था, आजसू पहले तो असमंजस की स्थिति में रही, फिर आजसू के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में उतर गए. गांडेय उप चुनाव में आजसू की तरफ से प्रचार करने के लिए कोई नेता नहीं गया. इन वजहों से भाजपा चाहती है कि उसकी पूर्ण बहुमत की सरकार हो और आजसू भी सहयोगी हो. आजसू को वही सीट मिले, जहां वह मजबूत स्थिति में है.

## 10 से 12 सितंबर तक सचिवालय और निदेशालय में कामकाज रहेगा ठप

- सचिवालय सेवा संघ का सामुहिक अवकाश में जाने का फैसला
- सचिवालय सेवा के 1000 पदाधिकारी और कर्मी करेंगे आंदोलन

प्रमुख संवाददाता ।रांची

सचिवालय सेवा संघ ने 10 से 12 सितंबर तक सामुहिक अवकाश में जाने का निर्णय लिया है. संघ के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिख कर इसकी जानकारी दी है. सचिवालय और निदेशालय में इस संवर्ग के करीब 1000 पदाधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं. सभी पिछले तीन महीने से अपनी मांगों को लेकर आनंदोलन कर रहे हैं.

संघ के महासचिव ने पत्र में लिखा है कि उनकी मांगे कई सालों से सरकार के पास लंबित है. इस उपेक्षापूर्ण रवैया की वजह से संघ के पास चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है. संघ की कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि आंदोलन के अगले चरण में 10 से 12 सितंबर तक सभी पदाधिकारी व कर्मचारी सामुहिक अवकाश पर रहेंगे.

**संघ की छह मांगे**

- सचिवालय सेवा के पदाधिकारी व कर्मचारी की लंबित प्रोन्नति दी जाये.
- प्रशाखा पदाधिकारी के पदों पर भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति का लाभ दें.
- प्रशाखा पदाधिकारियों को अकार्यात्मक वेतनमान की स्वीकृति दें.
- सचिवालय सेवा के उप सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर के पदों का सृजन हो.
- संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव व प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति मिले.
- शिशु शिक्षण भत्ता दें और सचिवालय सेवा के मूल कोटि के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती हो.

## सुरेंद्र बंगाली मामले में महाधिवक्ता ने जवाब देने का मांगा समय

संवाददाता। रांची

तीन दशक पहले रांची में आतंक का पर्याय माना जाने वाला अपराधी सुरेंद्र सिंह रौतेला उर्फ सुरेंद्र बंगाली की क्रीमिनल याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुरेंद्र बंगाली को प्रीमेच्योर (25 साल की सजा के बाद) रिहाई को लेकर सरकार का पक्ष रखने के लिए महाधिवक्ता ने समय की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है. सुरेंद्र बंगाली ने हाईकोर्ट में क्रीमिनल याचिका दाखिल कर कहा है कि हत्या के मामले में अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी. वह 25 साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं. वर्ष 2003 में राज्य स्तर पर गठित पुनरीक्षण बोर्ड ने उनकी रिहाई के आवेदन को खारिज कर दिया था. सुरेंद्र बंगाली ने इसी साल सुप्रीम कोर्ट के (जोसेफ बनाम स्टेट ऑफ केरला) फैसले का हवाला देते हुए प्रीमेच्योर रिलीज का आग्रह किया है.

**खबर हाईकोर्ट की**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1996 में लालपुर थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या मामले में अदालत ने सुरेंद्र बंगाली को फांसी की सजा सुनायी थी. वर्ष 2000 में हाई कोर्ट ने भी फांसी की सजा को कायम रखा था. इसके बाद सुरेंद्र बंगाली ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. वर्ष 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी फांसी की सजा को आजीवन कारावास की सजा में तब्दील कर दी थी.

**पहले 14 साल की सजा काटने के बाद कर दिया जाता था रिहा :** गौरतलब है कि पहले आजीवन कारावास की सजा पाने वाले व्यक्ति को 14 साल की सजा काटने के बाद रिहा कर दिया जाता था. बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह व्यवस्था बनी कि आजीवन कारवास का मतलब पूरी जिंदगी जेल में रहना पड़ेगा. साथ ही यह भी व्यवस्था बनी कि आजीवन कारावास की सजा प्राप्त व्यक्ति 20 साल की सजा काटने के बाद राज्य स्तर पर गठित पुनरीक्षण बोर्ड में अपील कर प्रीमेच्योर रिहाई का लाभ ले सकता है.

**पुलिस मुख्यालय ने थानों में महिला मुंशी पद के लिए आवेदन मांगा**

**रांची।** राज्य के थानों में महिला मुंशी का पदस्थापन होगा. इसके लिए महिला सिपाहियों से आवेदन मांगे गए हैं. थानों में मुंशी के रुप में पदस्थापित होने के लिए कई शर्तें रखी गई हैं. उन शर्तों को पूरा करने के बाद ही महिला सिपाहियों को थाना में मुंशी के पद पर पदस्थापित किया जायेगा. उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा था कि शहरी थानों में महिला मुंशी की नियुक्ति होगी. कोशिश होगी कि अगले तीन महीने में इनकी नियुक्ति कर ली जाये. शुरुआत में रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिला के थानों में महिला मुंशी की नियुक्ति की जायेगी. इसके अलावा थानों में महिला प्रभारी देने की भी कोशिश की जायेगी. शर्तों में कहा गया है कि महिला मुंशी को थाना में आवश्यकता अनुसार 12 से 14 घंटा काम करना पड़ सकता है. उन्हें राज्य की स्थानीय भाषा की जानकारी भी रखनी होगी. साथ ही उन्हें अपने अपने गृह जिला, वर्तमान पदस्थापना और इकाई के बारे में जानकारी देनी होगी.

## सरकार की युवा विरोधी नीतियों के कारण उत्पाद सिपाही बहाली में हो रहीं मौतें: बाउरी

प्रमुख संवाददाता ।रांची

उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि आज झारखंड में भाजपा की सरकार होती तो पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनाये गये नियम के मुताबिक 13 से अधिक परिवारों का चिराग नहीं बुझता. हेमंत सरकार ने जो नियम बनाया, उसकी वजह से आज राज्य के युवाओं की मौत हो रही है. जब सरकार के पास ना नीति हो, ना नियत हो और ना सक्षम नेतृत्वकर्ता हो, तो ऐसी ही घटनाएं होती हैं. झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के युवा विरोधी नीति के कारण उत्पाद सिपाही दौड़ मौत का दौड़ बन गया है.



**जनता पूछ रही पुराने आवेदनों का क्या हुआः** बाउरी ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर बाउरी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का जबरदस्त विरोध हो रहा है. जनता पूछ रही है कि पुराने आवेदनों का क्या हुआ. झूठ की रोपनी करने झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार आपके द्वार पहुंची है.

## एसबीएम और जेजेएम कर्मचारी संघ का अल्टीमेटम

संवाददाता। रांची

- मांगें नहीं मानी गईं तो 10 सितंबर से हड़ताल पर चले जाएंगे कर्मचारी
- पांच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं एसबीएम और जेजेएमकर्मी

स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) और जल जीवन मिशन (जेजेएम) के कर्मियों ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 10 सितंबर से हड़ताल पर चले जाएंगे. एसबीएम और जेजेएम के कर्मी अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं. पिछले छह महीने से उनका कांट्रैक्ट रिन्यूअल नहीं किया गया है, जिस कारण उन्हें मानदेय भी नहीं मिल रहा है. बिना मानदेय के ही उनसे काम भी कराया जा रहा है. कर्मियों ने कहा है कि नौ सितंबर तक असहयोग आंदोलन कर विरोध जताया जाएगा. इसके बाद बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे.

**क्या हैं मांगें**

- समान काम के बदले समान वेतन
- बिहार व अन्य राज्यों की तर्ज पर सेवा नियमितिकरण
- ग्रेड पे, ईफीएफ के साथ मेडिकल सुविधा
- एक-एक प्रखंड में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की बहाली
- कांट्रैक्ट का रिन्यूअल शीघ्र किया जाए

## होल्डिंग टैक्स से 514.21 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में होल्डिंग टैक्स से 514 करोड़ 21 लाख 65 हजार 927 रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है. इसके एवज में अब तक राज्य सरकार के खाते में 73 करोड़, छह लाख 61 हजार 918 रुपये ही आए हैं. होल्डिंग टैक्स धारकों ने एडवांस के रूप में 29 लाख 82 हजार 451 रुपए जमा कराए हैं, जबकि राज्य सरकार की ओर से होल्डिंग टैक्स में अब तक चार करोड़ 21 लाख 29 हजार 112 रुपए का रिबेट भी दिया जा चुका है.

**चार करोड़ रुपये पेनाल्टी से आए :** होल्डिंग टैक्स देने में देरी करने वालों से राज्य सरकार अब तक पेनाल्टी के रूप में चार करोड़ 57 लाख 20 हजार 577 रुपये की वसूली कर चुकी है, जबकि पुराना बकाया 1010 करोड़ 79 लाख 51 हजार 931 रुपये है. आदित्यपुर नगर निगम, चास नगर निगम, हजारीबाग नगर निगम में सबसे अधिक होल्डिंग टैक्स धारकों का बकाया है. धनबाद नगर निगम, आदित्यपुर नगर निगम, चास नगर निगम और देवघर नगर निगम से सबसे अधिक पेनाल्टी की वसूली की गई है.

**किस नगर निगम, नगर पंचायत से कितने राजस्व उगाही का लक्ष्य**

| नगर निगम, पंचायत व परिषद | राशि | नगर निगम, पंचायत व परिषद | राशि |
|---|---|---|---|
| सरायकेला नगर पंचायत | 1,01,44,864.49 | महगामा नगर पंचायत | 26,73,401.20 |
| सिमडेगा नगर परिषद | 91,39,403.84 | धनबाद नगर निगम | 3,70,36,73,369.71 |
| नगर उंटारी नगर परिषद | 1,09,71,132.33 | लोहरदगा नगर परिषद | 1,89,77,622.67 |
| चाकुलिया नगर पंचायत | 66,88,731.27 | मधुपुर नगर निगम | 1,05,85,654.98 |
| कपाली नगर परिषद | 1,37,24,563.75 | मानगो नगर निगम | 20,32,29,693.98 |
| डोमचांच नगर पंचायत | 2,06,86,141.00 | मझिआंव नगर पंचायत | 57,20,856.25 |
| बड़हरवा नगर पंचायत | 45,40,658.10 | मेदिनीनगर नगर निगम | 8,13,84,306.95 |
| छत्तरपुर नगर पंचायत | 64,29,843.58 | मिहिजाम नगर परिषद | 1,28,92,828.45 |
| धनवार नगर पंचायत | 34,66,666.59 | पाकुड़ नगर परिषद | 1,44,69,742.30 |
| हरिहरगंज नगर पंचायत | 1,32,31,927.45 | फुसरो नगर परिषद | 2,37,92,316.29 |
| बरकीसराय नगर पंचायत | 41,37,294.53 | राजमहल नगर पंचायत | 20,26,902.72 |
| | | रामगढ़ नगर परिषद | 4,81,75,237.52 |
| | | साहेबगंज नगर परिषद | 1,87,11,667.40 |

क्लासिफाइड





















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in धनबाद, गुरुवार 05 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 148 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



**ब्रीफ खबरें**

### कांग्रेस में शामिल हुई महिलाएं, सबीना बनीं प्रखंड अध्यक्ष

**कालूबथान।** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी का नारी न्याय महासम्मेलन का कार्यक्रम कलियासोल प्रखंड के उरमा में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सबिना खातून अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जिलाध्यक्ष सीता राणा, महासचिव रूबी खातून, सचिव हेमंती जयसवाल के समक्ष महिला कांग्रेस का दामन थामा. जिलाध्यक्ष सीता राणा ने सबिना खातून को माला पहनाकर स्वागत किया. महासचिव रूबी खातून ने बताया कि सबिना खातून को कलियासोल प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है. महिला कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने एवं आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य की अपेक्षा करते हुए पार्टी ने सबिता को अध्यक्ष चुना है. मौके पर जिला महासचिव रूबी खातून, सचिव हेमंती जयसवाल, निरसा विधानसभा प्रभारी नूतन विश्वकर्मा, सरस्वती मंडल, लक्ष्मी मंडल, हिना खातून, जैनब खातून , नुरेशा खातुन , हाजरा खातुन सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं.

### ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**गोड्डा :** गोड्डा पुलिस ने नशा के खरीद बिक्री के कारोबार में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर इनके पास से ब्राउन शुगर की बड़ी मात्रा बरामद किया है. पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गोड्डा के नशा कारोबारी माल लाने के लिए कालियाचक बंगाल गया हुआ है और कार से माल लेकर गोड्डा आ रहा है. इस सूचना पर काले रंग की आई टेन जेएच 01जेड- 3198 कार को रोका गया. कार में सवार दो युवक की तलाशी लेने पर उसके पॉकेट से पचास ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया. दोनो युवकों की पहचान मो नौशाद आलम(24) पिता इसराफिल आलम एवं महफूज अंसारी(20) पिता खुदबुद्दीन अंसारी दोनों निवासी मोहल्ला फासिया डंगाल गोड्डा के रूप में हुई. दोनों युवकों के खिलाफ नगर थाना में एनडीपीएस की धारा में केस दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है.

### सीडब्ल्यूसी चेयरमैन ने किया डीएवी का निरीक्षण

**धनबाद.** डीएवी कोयला नगर में पंखा गिरने से बच्चों के घायल होने के मामले का सीडब्लूसी ने संज्ञान लिया है. सीडब्लूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी ने स्कूल का निरीक्षण किया तथा प्रिंसिपल एन एन श्रीवास्तव से रिपोर्ट ली.पता चला जिस कमरे में पंखा गिरा संस्थान के द्वारा 2014-15 में उसका निर्माण हुआ है. क्लैंप में कोई समस्या नहीं थीं. चीरापिन के कारण ऐसा हुआ है. बच्चे ख़तरे से बाहर है. सेंट्रल हॉस्पिटल ने भी नार्मल रिपोर्ट निर्गत किया है.अध्यक्ष ने प्रिंसिपल से नियमित सतर्क रहने व ऐसे मामलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया. प्रिंसिपल ने कहा सारे पंखों का अपडेट लिया जा रहा है. सीडब्लूसी अध्यक्ष ने डीएसई से पूरे मामले पर रिपोर्ट मांगी है तथा सरकारी व ग़ैरसरकारी सारे स्कूलों में पंखे, बिजली, नंगें तार व संभावित खतरे का आकलन करने को कहा है.

**लापरवाही :** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कट पर उठे थे सवाल, डीसी दे चुकी हैं बंद करने का निर्देश

## 11 किलोमीटर की सड़क, डिवाइडर में जानलेवा 45 कट

**खास बातें**

- बाइक चालकों को अवैध कट से सबसे अधिक खतरा
- जानवरों के अचानक आने से गिरते हैं बाइक सवार

**रनजीत कुमार सिंह । धनबाद**





धनबाद शहर की सड़कों में बने कट के कारण अक्सर लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं. जल्दबाजी के कारण हो रही दुर्घटनाओं में लोग जख्मी हो रहे हें और मौतें भी हो रही हैं. सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने पर चर्चा हुई. इसमें सड़क के बीच बने कट को खतरनाक माना गया. शुभम संदेश ने झरिया कतरास मोड़ से लेकर मेमको मोड़ तक कुल 10.7 किलोमीटर की दूरी पर 45 कट बने हुए हैं. धनबाद के बैंक मोड़ से झरिया दुःख हरनी धाम तक मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर में 23 अवैध कट है. वहीं सिटी सेंटर से मेमको मोड़ तक बने डिवाइडर में कुल 22 कट हैं. जिससे वाहन चालकों में हादसे का भय बना रहता है. जिले में बने डिवाइडर में दर्जनों अवैध कट को लेकर धनबाद उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सम्बंधित अधिकारियों को एक महीना पूर्व अवैध कट को बंद करने का सख्त निर्देश दिया था. उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों से कहा था कि डिवाइडर में अवैध कट होने के कारण गंभीर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं. इसे देखते हुए सम्बंधित विभाग इसके प्रति गंभीरता बरतते हुए इस पर सख्त कार्रवाई करें .उपायुक्त के इस आदेश के बाद भी आज तक सम्बंधित अधिकारियों ने अवैध कट को बंद करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है. अधिकारियों की इस लापरवाही के कारण वाहन चालक जानलेवा खतरे से प्रतिदिन गुजरते हैं.

सामाजिक कार्यकर्ता अखलाक अहमद ने कहा कि मुख्य सड़क पर बने डिवाडर में अवैध कट पथ निर्माण विभाग की लापरवाही है. अवैध कट से हमेशा हादसे का डर बना रहता है. क्योंकि अवैध कट से राहगीर के साथ-साथ जानवर भी अचानक सड़क पार करने की कोशिश करते है. वाहन चालक का विशेष ध्यान सिर्फ मुख्य कट पर होता है. ऐसे हालात में सड़क हादसा हो जाते हैं. संबंधित विभाग को इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध कट बंद करने चाहिए. धनबाद से झरिया तक बने डिवाइडर के बीच मे पौधारोपण की जगह भी होनी चाहिए. जैसे शहर के बाकी स्थानों पर बने डिवाइडर में है.

### बच्चू यादव मामले में ईडी की दो सदस्यीय टीम पहुंची साहिबगंज

**साहिबगंज।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की दो सदस्यीय टीम सड़क मार्ग से बुधवार की सुबह साहिबगंज पहुंची. टीम में अधिवक्ता आतिश कुमार भी शामिल थे. इसके बाद ईडी की टीम वन विभाग गेस्ट हाउस पहुंची. फिर वहां से साहिबगंज व्यवहार न्यायालय गई. वहां एडीजे 3 के कार्यालय में दस्तावेज पड़ताल के बाद कुछ न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ी कार्यों को पूरा किया. बताया जा रहा है कि ईडी पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव से जुड़े केस को पीएमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कराने की प्रक्रिया में लगी है. इसके बाद ईडी की टीम वापस वन विभाग के गेस्ट हाउस पहुंची. बताया जा रहा है कि इसकी प्रक्रिया में कुछ दिनों का समय लग सकता है. तब तक ईडी की टीम साहिबगंज में रुकेगी. ज्ञात हो कि मामले में सितंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बच्चू यादव जमानत पर रिहा हुए थे.

## बोकारो डीआईजी ने किया महिला थानों का निरीक्षण

**धनबाद व बाघमारा महिला थाना को अपग्रेड करने की होगी पहल : डीआईजी**

**खास बातें**

- महिला थाने में होगी हॉल और शौचालय की व्यवस्था
- बच्चों के लिए बेबी फीडिंग रूम और प्ले स्टेशन बनाने का निर्देश

**संवाददाता। धनबाद/कतरास**



बोकारो प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र झा ने बुधवार को धनबाद व बाघमारा महिला थाने का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने दोनों थानों में हो रहे काम काम को देखा, कई निर्देश भी दिए. इसके साथ ही बताया कि धनबाद के दोनों महिला थानों को जल्द की अपग्रेड व मॉडल थाना बनाने की कवायद की जा रही है. दोनों थानों में कई नई सुविधाएं बहाल होंगी. धनबाद महिला थाना के भवन को रंग रोगन करने के साथ फर्नीचर को दुरुस्त करने का निर्देश दिया. बच्चों के लिए थाना परिसर में बेबी फीडिंग रूम बनाने, बच्चों के खेलने के लिए प्ले स्टेशन तैयार करने, कॉउन्सिलिंग रूम को व्यवस्थित करने, थाना परिसर की दीवारों पर आकर्षक चित्रकला बनाने, महिला व बाल सुरक्षा एवं अधिकारों से जुड़ी जानकारी को डिस्प्ले के जरिए प्रदर्शित करने का निर्देश भी दिया. डीआईजी ने बताया कि शिकायत लेकर महिला थाना पहुंचने वाली महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि महिलाएं अपनी बातों को निडर व शांत वातावरण में पुलिस को बता सके.यदि कोई भी महिला शिकायत लेकर अपने बच्चों के साथ थाना पहुंचती है तो थाना में बच्चों के लिए खेल का वातावरण और अनुकूल परिवेश की व्यवस्था की जाएगी ताकि मां को छोड़कर बच्चे अपने खेलकूद में लग रहे और उनकी मां अपनी शिकायत पुलिस से सुगमता से कर सके, इसकी व्यवस्था की जा रही है. महिलाओं के लिए थाना में बड़ा हॉल, शौचालय की व्यवस्था करवाना हमारी प्राथमिकता है.

महिला थाना को आधुनिकीकरण में लाने के लिए हम कई कदम उठा रहे हैं. धनबाद थाना के निरीक्षण के दौरान एसएसपी एचपी जनार्दनन, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, धनबाद थाना प्रभारी आर एन ठाकुर, धनबाद महिला थाना प्रभारी मीनू कुमारी थे. वहीं बाघमारा में निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना से जुड़ी विभिन्न कांडों के डायरी का अवलोकन किया. इसके साथ ही महिला थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया. मौके पर बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति इमेज कतरास आंचल महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे.

### चंदन सिंह के बाद अब बंटी खान को भी जेल में जान का खतरा

**धनबाद :** धनबाद मंडल कारा में यूपी का कथित शूटर अमन सिंह की हत्या, तेनुघाट जेल में गैंग ऑफ वासेपुर के औरंगजेब की मौत के बाद से जेल में बंद चर्चित आरोपियों को जान का खतरा सता रहा है. नीरज हत्याकांड के आरोपी चंदन सिंह की पत्नी मीनाक्षी सिंह के आवेदन के बाद अब पाकुड़ जेल में बंद गैंग ऑफ वासेपुर के बंटी खान ने जेल में जान का खतरा की आशंका व्यक्त की है गई है. बंटी खान की पत्नी वासेपुर कमर मखदूमी रोड निवासी सना प्रवीण ने इस संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत को आवेदन देकर अपने पति की जान की रक्षा की गुहार लगाई है. अदालत ने पाकुड़ जेल से रिपोर्ट तलब किया है. अदालत को दिए गए आवेदन में सना प्रवीण द्वारा कहा गया है कि जब उसका पति धनबाद जेल में था तो वह बिल्कुल स्वस्थ था. यहां से पाकुड़ जय स्थानांतरण किए जाने के बाद उसका स्वास्थ्य खराब होता गया. जेल प्रशासन द्वारा उसके पति का इलाज नहीं कराया जा रहा है.पाकुड़ जेल में डॉक्टर बंटी खान को रिम्स रेफर किया था परंतु प्रबंधन द्वारा डॉक्टर के निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है और ना ही जेल मैनुअल के अनुसार उसे खाना उपलब्ध कराया जा रहा है.

**साइबर क्राइम**

### व्यापारियों के बैंक खाते फ्रीज डीसी ने दिया हल का आश्वासन

**ऑन लाइन पेमेंट लेन में फंस रहे व्यापारी, हो रहे बैंक खाते फ्रीज**



**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद में साइबर क्राइम के मामले बढ़ते जा रहे हैं. व्यापारियों के बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं और उन्हें काफी परेशानी हो रही है. बैंक मोड़ चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त माधवी मिश्रा से मिलकर इस मामले में अपनी बात रखी है.उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही हल निकालने का आश्वासन दिए है. इससे पहले प्रतिनिधी मंडल ने एसएसपी एचपी जनार्दनन से भी मुलाकात की. एसएसपी ने भी माना कि परेशानी तो है, लेकिन दूसरे राज्य के अनुसंधान में जिला पुलिस हस्तक्षेप नहीं कर सकती. लेकिन व्यापारियों की परेशानी को समझते हुए वरीय अधिकारियों से बात करेंगे.

वहीं व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन पेमेंट के मामलों में दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है, जो कि अनुचित है. व्यापारियों कहा कि दुकानदार को नहीं पता होता है कि ग्राहक का पेमेंट साइबर क्राइम से जुड़ा हुआ है या नहीं, लेकिन बाद में परेशानी दुकानदार को ही उठानी पड़ती है. उन्होंने कहा कि अगर ऐसा ही होता रहा, तो मजबूरन यूपीआई पेमेंट के लिए मना करना पड़ेगा. साइबर क्राइम के मामलों में उन्हें काफी नुकसान हो रहा है और उन्हें अपने बैंक खातों को सुरक्षित रखने में कठिनाई हो रही है. प्रतिनिधि मंडल में चेंबर के संरक्षक सुरेंद्र अरोड़ा, महासचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप मुखर्जी, सहसचिव सुशील साँवरिया सहित अन्य शामिल थे.

## धनबाद में डेंगू का कहर फिर मिले दो मरीज

**नगर निगम की लापरवाही से आक्रोश**

**संवाददाता। धनबाद**



डेंगू मच्छर के डंक का कहर धनबाद में लगातार ही बढ़ता जा रहा है. बुधवार को जिले में दो डेंगू के मरीज मिले हैं. डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है तो नगर निगम की लापरवाही उजागर हो रही है. हालांकि निगम के अधिकारी सिर्फ बड़े-बड़े वादे करते नज़र आ रहे हैं. बता दें कि धनबाद की आबादी करीब 15 लाख और कुल 55 वार्ड हैं, जबकि फॉगिंग मशीन 11 है, जिसमें से कई खराब हो चुकी है. स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक लगभग 28 डेंगू के मरीज धनबाद में मिल चुके हैं, जिनका इलाज सही से किया गया और स्वास्थ्य विभाग क्यूआरटी टीम द्वारा उन जगहों पर जाकर दवा का छिड़काव भी किया गया है. साथ ही निगम से भी पत्राचार कर उन जगहों पर फॉगिंग कराने का निर्देश भी दिया गया है. हीरापुर के राहुल कुमार ने कहा कि कहीं भी दवा या फॉगिंग मशीन से छिड़काव नहीं किया जा रहा है, सिर्फ कागजों में खानापूर्ति की जा रही है. संदीप गुप्ता ने कहा कि कुंभकर्णी नींद में सोई हुई निगम के अधिकारियों की नींद पता नहीं कब खुलेगी. सभी जगहों पर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे बीमारियों से बचने के लिए दवा का छिड़काव व फॉगिंग की व्यापक व्यवस्था करनी चाहिए.

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**धनबाद :** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी अमर भुइयां को बीस वर्ष कैद एवं बारह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. मंगलवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. सुनवाई के दौरान आरोपी अमर को 26 अप्रैल 24 को अदालत ने फरार घोषित कर दिया था.उसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने उसे दोषी करार दिया है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर एक दिसंबर 19 को कतरास थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 29 नवंबर 19 को पीड़िता स्कूल के लिए घर से निकली परंतु वापस नहीं आई. खोजबीन पर पता चला कि अमर उसे बहला फुसलाकर ले गया है. अनुसंधान के दौरान पुलिस ने पीड़िता और अमर भैया को हैदराबाद से बरामद किया था.

## तोपचांची थाना गेट के समक्ष धरना

**जदयू के बैनर तले दीपनारायण सिंह व समर्थकों ने किया प्रदर्शन**

**खास बातें**

- एसएसपी के नाम 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा
- आपराधिक वारदातों पर अंकुश की मांग

**संवाददाता। तोपचांची**




तोपचांची थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों के खिलाफ बुधवार को जदयू के बैनर तले विरोधस्वरूप एक दिवसीय धरना दिया गया. जदयू कार्यकर्ता हाथों में बैनर-तख्ती लेकर पुलिस कार्यशैली के विरोध में धरना पर बैठे. थाना गेट के समीप क्षेत्र में बढ़ते अपराध के विरुद्ध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में पुलिस से चोरी समेत अन्य आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग की गई. जदयू नेता दीपनारायण सिंह ने 11 सूत्री मांगों को लेकर तोपचांची थाना प्रभारी से मिलकर वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के नाम का मांग पत्र सौंपा. उन्होंने क्षेत्र में हो रही आपराधिक मामलों में रोक लगाने की मांग की. मौके पर जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी,जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू जिला महासचिव संजय दे,जदयू नेता तारा बाबू, सुरज सिंह , सुखदेव दास, फुलचंद दास, अमित दास, सीता देवी, अंजू देवी, सुखिया देवी,काजल देवी,संजय पांडेय, भागिरथ सिंह,अमित दास,मिट्ठू रजवार, भागवत पांडेय, बैजनाथ ठाकुर, विनय सिंह, बिनोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

बता दें कि थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों से सहमे ग्रामीण अब खुद पहरेदारी कर रहे हैं. गांव के युवा टोली बनाकर अलग-अलग इलाकों में पूरी रात जाग कर चोरों से घरों की हिफाजत कर रहे हैं. युवाओं के साथ-साथ कुछ इलाकों में महिलाएं भी पहरेदारी में साथ दे रही हैं.

**एक्शन** अवैध खनन रोकने के लिए ईसीएल प्रबंधन, पुलिस-प्रशासन की संयुक्त बैठक

## जागरुकता फैलाकर कोयला चोरी रोकने की कवायद

- राष्ट्रीय संपत्ति को बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी : एसके चौधरी

**संवाददाता। निरसा बाजार/मैथन**



अवैध कोयला खनन रोकने को लेकर बुधवार की दोपहर ईसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में ईसीएल प्रबंधन, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, सीआईएसएफ एवं ईसीएल सिक्योरिटी के अधिकारियों की संयुक्त समन्वय बैठक मुगमा क्षेत्र के महाप्रबंधक एसके चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि लोगों के बीच अवैध खनन रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. साथ ही अवैध उत्खनन स्थलों की मिट्टी, फ्लाई ऐश एवं पानी से भराई करवाई जाएगी.

बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक एसके चौधरी ने कहा कि कोयला राष्ट्रीय संपत्ति है.इसकी चोरी रोकना हम सभी का नैतिक जिम्मेवारी है. उन्होंने कहा कि बरमूड़ी ओसीपी बड़े पैमाने पर डीजल,केवल, मशीनरी पार्ट्स की चोरी हो रही है1 उक्त ओसीपी में रात्रि 7:30 बजे से 9:30 बजे तक रात्रि गश्ती पुलिस द्वारा की जानी चाहिए. साथ ही डीजल, केवल एवं मशीनरी पार्ट्स पुर्जे के चोरी में संयुक्त लोगों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए.निरसा थाना क्षेत्र के चापापुर, हरियाजाम,बैजना, निरसा ओसीपी, श्यामपुर बी, श्यामपुर ए एवं कापासारा कोलियारियों के लीज होल्डर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन कर कोयला चोरी की जा रही है. सीआईएसएफ एवं एकल सिक्योरिटी द्वारा अवैध कोयला लदे वाहनों की जब्ती पर एफआइआर दर्ज करवाने को लेकर पुलिस द्वारा भी आवश्यक सलाह दिया जाए. ताकि अदालत से उपरोक्त कोयला चोरों पर कार्रवाई करवाने में सफलता मिले.

संबंधित थाना क्षेत्र में अवस्थित कोयला भट्टों पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है. कहीं वे चोरी का कोयला तो नहीं ले रहे. यदि कोयला चोरी का है तो उन लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. बैठक में एसडीपीओ रजत मानिक बाखला, निरसा सीओ रमेश रविदास, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, एमपीएल ओपी प्रभारी जोगेंद्र कुमार, कालूबथान ओपी प्रभारी, मैथन ओपी प्रभारी एवं ईसीएल के संबंधित कोलियारियों के अभिकर्ता एवं प्रबंधक मौजूद थे.

### सुशांतो हत्याकांड में डॉक्टर का बयान दर्ज

**धनबादः** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल के हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई. सीबीआई ने गणेश स्वर्णकार का इलाज करने वाले डॉक्टर चंद गुप्ता को बतौर गवाह पेश किया. जिसने जख्म प्रतिवेदन की पुष्टि की, कहा कि उसने गणेश स्वर्णकार के शरीर से गोली निकाली थी.कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. बताते चलें कि 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे. गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी.

## इमरजेंसी में लगा फ्रीजर खराब

**एसएमएमएमसीएच : शवों को रखने में हो रही परेशानी**

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएमएमएमसीएच) की इमरजेंसी में लगा फ्रीजर बीते करीब 10 दिनों से बंद पड़ा हुआ है, जिससे शवों को खुले में रखने की मजबूरी हो रही है. इससे अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से मृतकों के परिजनों में आक्रोश है. अस्पताल के इमरजेंसी का फ्रीजर खराब होने से शव से दुर्गन्ध आने लगती है, जिससे पोस्टमार्टम कराने में भी समस्या होती है.अज्ञात शवों को रखने में भी परेशानी हो रही जाती है, क्योंकि उन्हें 72 घंटे तक रखना होता है. इस समस्या के कारण अस्पताल में शवों को रखने की व्यवस्था भी खराब हो रही है. अस्पताल प्रबंधन को जानकारी होने के बाद भी सुधार कराने के प्रयास नहीं किए जा रहे हैं. अस्पताल के इमरजेंसी में शवों को रखने के लिए फ्रीजर लगाए गए हैं, लेकिन रख-रखाव के अभाव में फ्रीजर बंद पड़े हुए हैं. अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों का कहना है कि फ्रीजर की खराबी के कारण शवों को रखने में परेशानी हो रही है. उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन को इस समस्या का समाधान निकालने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए. मृतकों के परिजनों ने भी अस्पताल प्रबंधन से शिकायत की है कि शवों को रखने की व्यवस्था खराब होने से उन्हें परेशानी हो रही है.

# तेतुलमारी-निचितपुर में प्रदूषण से लोग त्रस्त

- क्षेत्रीय कार्यालय में आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता । तेतुलमारी



तेतुलमारी व निचितपुर परियोजना से उड़ रहे धूलकण पर तत्काल रोक लगाई जाए अन्यथा बाध्य होकर पूरे परियोजना का कार्य बाधित कर क्षेत्रीय कार्यालय पर उग्र आंदोलन किया जाएगा. उक्त बातें नगरी कला दक्षिण पंचायत के मुखिया अशोक ठाकुर ने बीसीसीएल सिजुआ महाप्रबंधक से वार्ता के दौरान कही. उन्होंने कहा कि करीब एक माह से इतना धूल कण उड़ रहा है कि तेतुलमारी क्षेत्र में रहना और चलना काफी दुश्वार हो गया है. बच्चे एवं बुजुर्ग कि स्थिति काफी दयनीय हो रही है. लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि परियोजना से उड़ रहे धूलकण एवं प्रदूषण के रोकथाम के लिए सामुहिक हस्ताक्षर युक्त आवेदन एक माह पहले सिजुआ महाप्रबंधक को दिया गया था, मगर कोई पहल नहीं हुई. ग्रामीणों ने कहा कि अपनी समस्या से अवगत कराते हुए सर्वप्रथम महाप्रबंधक को ग्रामीणों का सामुहिक हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया था. अगर समयानुसार महाप्रबंधक समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो ग्रामीण निचितपुर एवं तेतुलमारी परियोजना का कार्य बाधित कर क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे. मौके पर अशोक ठाकुर, मनोज रवानी, अशोक चौहान, बिट्टू सिंह,दिपक चौहान, बिनोद दास, दिनेश रजक, सुधीर सिंह, नगेन्द्र सिंह, अजय सिंह,लव सिंह, संजय दास,पवन कुमार, नितेश सिंह, शशि कुमार, विक्की सिंह, श्रवण निषाद, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे.

## जेल भेजे गए बाइक चोर

**बरवाअड्डा।** डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कांति ने मंगलवार को बरवाअड्डा थाना में प्रेस वार्ता कर बरवाअड्डा पुलिस द्वारा चोरी की चार बाइक बरामद करने और बाइक चोर गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया जाने की बात कही. डीएसपी ने बताया कि भूली न्यू इस्लामपुर निवासी मो आसिफूर रहमान द्वारा मामला दर्ज के अनुसंधान व उद्भेदन के लिए ,गोविंदपुर इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज के साथ के नेतृत्व में बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि, अजय महतो, विजय कुजूर, रॉबिंसन मुंडरी,अनुसंधानकर्ता दीपक कुमार पासवान, कन्हैया लाल मंडल, सच्चिदानंद के साथ एक टीम गठित की गई. टीम ने बरवाअड्डा बजरंग विहार कॉलोनी स्थित रवि सिंह के घर में छापामारी कर चार बाइक बरामद किया. पुलिस ने मौके से दो पीस पेचकस, एक लोहे का छेनी, एक पीस स्टील का हथौड़ा जप्त किया.

# बेनागरिया पहुंचा चलंत लोक अदालत

- विभिन्न सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी
- मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास, बिजली कर माफी के लिए लोगों ने लगाई गुहार

संवाददाता । धनबाद



झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को चलंत लोक अदालत कलियासोल ब्लॉक के बेनागरिया पंचायत पहुंचा. जहां दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जमीन की दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया. समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया. एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल शैलेन्द्र झा द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. इस मौके पर वैधानिक स्वयंसेवक, निमाई प्रमाणिक ,अजीत दास , हेमराज चौहान समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे. धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि उपेक्षित और वंचित वर्ग के लोगों को निष्पक्ष और सार्थक न्याय सुनिश्चित कराने के लिए एक समावेशी न्याय प्रणाली को बढ़ावा देना, समाज के उपेक्षित और बहिष्कृत समूहों को प्रभावित कानूनी प्रतिनिधित्व, कानूनी साक्षरता और जागरूकता प्रदान करते हुए एवं कानूनी रूप से उपलब्ध लाभों तथा हकदार लाभार्थियों के बीच के अंतर को भरते हुए उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए डालसा हमेशा काम कर रही है. इसी कड़ी में जस्टिस ऑन व्हील 2 सितंबर को रवाना किया गया. जो 30 सितंबर तक जिले के सभी ब्लॉक और पंचायत का भ्रमण कर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता फैलाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### जैन मंदिर में आठ दिवसीय पर्यूषण महापर्व

**महुदा।** जैन मंदिर कुमारडीह में आयोजित 8 दिवसीय पर्यूषण महापर्व के पांचवें दिन मुम्बई से पधारे समेकित ग्रुप मुम्बई के समीर मेहता व लीना समीर मेहता ने समारोह में उपस्थित जैन धर्म के अनुयायियों को भगवान महावीर के बारे में बताते हुए उनकी अराधना करायी.कहा कि जैन धर्म का मुख्य उद्देश्य मानव के प्रति दया भाव एवं मानव सेवा करना है. यह समारोह 8 दिन का है. अंतिम दिन सभी बच्चों व तपस्वियों को पारणा कराया जायेगा. इसके साथ जाने अनजाने यदि किसी जीव पर उनके द्वारा अत्याचार हो गया हो तो इसके लिए प्रभु से क्षमा याचना की जायेगी. समारोह में समेकित ग्रुप मुम्बई की और से भगवान महावीर का भजन कीर्तन किया गया. इस अवसर पर सराक जैन डेवलपमेंट सोसाइटी कुमारडीह की ओर से बाहर से आये सभी अतिथियों का बहुमान किया गया.

### आईआईटी-आईएसएम में स्वच्छता पखवारा शुरू

**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम में स्वच्छता पखवारा की शुरुआत बुधवार से हुई. पहले दिन डायमंड हॉस्टल के पास परिसर में सफाई अभियान चलाया गया. अभियान का उद्देश्य संस्थान के परिसर को स्वच्छ और हरित बनाना है. प्रोफेसर संजीव आनंद साहू के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में छात्रों और स्वच्छता कर्मचारियों ने भाग लिया. 15 दिवसीय पखवारा के तहत मध्य विद्यालय कुसुमदाहा (बगुला बस्ती) में सफाई और पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा. अंबेडकर हाई स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ-साथ कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा 7 सितंबर को अंबर छात्रावास में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा. 15 सितंबर को पखवारा का समापन होगा.

### शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों को सम्मान

**कतरास।** बालिका उच्च विद्यालय मोदीडीह में बुधवार को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक एंव शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया.इस दौरान हुए रंगारंग कार्यक्रम के पश्चात बालिका उच्च विद्यालय और प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल सिजुआ के शिक्षकों को विद्यालय प्रबंधन ने उनके योगदान के लिए बुके एंव अन्य पारितोषिक भेंटकर बारी-बारी से सम्मानित किया. विद्यालय के सचिव सुरेंद्र सिंह और प्रशासक सतीश कुमार सिंह ने पुरस्कार भेंट किया. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज और एक अच्छा नागरिक के निर्माण में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है.

# हाजिरी रोकने पर खरखरी कोलियरी में तनाव, कार्यालय छावनी में तब्दील

**खास बातें**

- मजदूर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंदोलन पर उतरे
- 109 मजदूरों की हाजिरी काटने का विरोध

संवाददाता । मधुबन



गोविन्दपूर एरिया 3 के खरखरी कोलियरी के 109 मजदूरों की हाजिरी पर बुधवार को स्थानीय खरखरी कोलियरी प्रबंधन ने पूरी तरह से रोक लगाते हुए कोलियरी व कोलियरी कार्यालय को सीआईएसएफ छावनी में तब्दील कर दिया. कोलियरी पीओ सहित अन्य पदाधिकारी मौके से गायब हो गए. इधर दूसरी तरफ प्रबंधन के इस फैसले के विरोध में मजदूरों का दिनभर खरखरी कोलियरी पिट व कार्यालय, दोनों जगहों पर कर्मियों ने नारेबाजी व प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारी मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन तुगलकी फरमान से मजदूरों का शोषण करना चाहता है. प्रबंधन अपनी मनमानी और मजदूर विरोधी नीति के तहत खरखरी कोलियरी को बंद कर एमडीओ के माध्यम से निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिये काम कर रहा है. परंतु मजदूरों की चट्टानी एकता व दृढ़ निश्चय के आगे प्रबंधन को मुंह की खानी पड़ेगी. बंदूक के बल पर कंपनी अधिकारी मजदूरों को दबाना चाह रही है जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. मौके पर मौजूद बीसीकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा कि खरखरी कोलियरी को एमडीओ को सौंपने के विरोध में संयुक्तमोर्चा एक वर्ष नौ महीने से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रही है,और प्रबंधन के इस फैसले को वापस लेने तक मजदूरों का आंदोलन जारी रहेगा. उन्होंने चरणवद्ध आंदोलन का शंखनाद करते हुए कहा कि आज से ही मजदूर हित में नए सिरे से धरना के माध्यम से आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा, जो चरणबद्ध तरीके से सड़क से सदन तक लड़ा जाएगा. उन्होंने कहा कि प्रबंधन की नीति के खिलाफ उक्त लड़ाई केंद्रीय नेतृत्व में होगी. जिसमें औद्योगिक अशांति की सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी. बताते चले कि 159 मजदूरों में शेष बचे 109 मजदूरों के लिये प्रबंधन की ओर से जारी की गई नोटिस के अनुसार खरखरी कोलियरी में मजदूरों की उपस्थिति 31 अगस्त अंतिम तिथि दर्शायी गयी थी. 31 अगस्त के बाद उक्त सभी मजदूरों के स्वतः विरमित होने का कार्यालय आदेश जारी किया गया था, उसके बाद दो दिनों तक स्थानीय प्रबंधन की मौखिक सहमति से मजदूरों ने अपनी हाजिरी खरखरी में बनाई थी. इस दरमियान प्रबंधन ने औद्योगिक अशांति के मद्देनजर दोनों जगहों पर सीआईएसएफ की दो टुकड़ियों की तैनाती की गई है. इस संबंध में कोलियरी पीओ से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय प्रबंधन पूर्व में जारी किये गए कार्यालय आदेश का पालन कर रही है.

## जिला पंचायत सचिव संघ का धरना-प्रदर्शन

**गोविंदपुर।** दो सूत्री मांगों के समर्थन में गत 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने बुधवार को गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया. पंचायत सचिवों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगें स्वीकार नहीं करेगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी. धरना पर बैठे पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए धनबाद जिला पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष सुदन चंद्र राणा, जिला मंत्री मधुसूदन पासवान, उपाध्यक्ष कन्हाई चंद्र दां, निसार अहमद, दिनेश कुमार, नंदलाल चौहान, श्रीपति मरांडी, सुनीता कुमारी, आकांक्षा कुमारी, रवि कुमार रवि, अमरेश मंडल, विजय कुमार, शंकर रजवार, लालू रविदास, भीमपद रविदास, मोपन टुडू, परमेश्वर बास्की, राजेंद्र दास, मो. आलम, मोफिजुद्दीन अंसारी, रणवीर कुमार आदि ने कहा कि सरकार पंचायत सचिवों का ग्रेड पे 2400 रुपए करे तथा प्रोन्नति में व्याप्त विसंगतियों को दूर कर 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर सीधे योग्य पंचायत सचिवों को बहाल किया जाए. कार्यक्रम में बुलु कुमारी, अनिशा कुमारी, रिक्की कुमारी, अनिता तिवारी, अर्चना कश्छप, तिरी कश्छप, ममता कुमारी, आशा कुमारी, शत्रुघ्न गिरि, दुर्योधन मरांडी, महादेव टुडू, राम पुकार पासवान आदि समेत दर्जनों पंचायत सचिवों ने भाग लिया.

# आदिवासी महिला के घर लाखों की चोरी



- दरवाजा तोड़कर चोरों ने घर में किया प्रवेश

संवाददाता । गोमो

हरिहरपुर थाना के चैता ग्राम पंचायत अंतर्गत निमिया मोड़ के समीप मंगलवार की रात चोरों ने एक आदिवासी महिला के घर 10 हजार रुपए नगत समेत करीब डेढ़ लाख के सोने और दी जेवरातों की चोरी की. चोर चारदीवारी फांदकर घर के आंगन में घुसे. फिर कमरे के बन्द दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर कमरे में दाखिल हुए. कमरे में तीन बक्से रखे हुए थे. चोरों ने बारी-बारी से बक्सों को खोलकर चोरी की.

भुक्तभोगी महिला सुकूर मणि देवी ने बताया कि मंगलवार की शाम वह किसी कार्य से अपने मायके तुपकाडीह (बोकारो) गई थी. सुबह लौटने पर घर के दरवाजे में लगे ताले को टूटा देखा. कमरे में प्रवेश करने पर तीनों बक्से टूटे पड़े थे तथा सामान जमीन पर बिखरे थे. एक बक्सा घर के बाहर कुछ दूरी पर चोरों ने फेक दिए थे. बक्से से जिन सामानों की चोरी हुई उसमें 10 हजार रुपए, चांदी की दो जोड़ी पायल, गले का चेन, दो जोड़ी कंगन, कमरधनी, चांदी की मठिया, दो जोड़ी पायल और कांसा का बर्तन शामिल है. सभी सामानों की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपए है. मामले की सूचना पाकर हरिहरपुर थाना पुलिस सुबह करीब 10 बजे घटनास्थल पर पहुंची. भुक्तभोगी महिला ने पुलिस को घर में बिखड़े सामानों को दिखाया. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है.

# भादो अमावस्या भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु



संवाददाता । चिरकुंडा

मानव सेवा परिवार व नारायणी परिवार द्वारा चिरकुंडा-पंचेत रोड के रिलांयस मोल के समीप स्थित पुष्पा अग्रवाल के हॉल में राणी सती दादी जी का भादो अमावस्या महोत्सव मनाया गया. महोत्सव में राणी सती दादी जी का आलौकिक श्रृंगार किया गया व छप्पन भोग लगाया गया. मंगलपाठ में 71 महिलाओं ने भाग लिया. संगीतमय मंगलपाठ मंजु अग्रवाल व लता अग्रवाल द्वारा किया गया. मंगलवार की देर रात्रि तक श्रद्धालु भजन संध्या में झूमते रहे. भजन गायिका मंजु अग्रवाल व लता अग्रवाल द्वारा जब से मिली है मइया किस्मत बदल गई..., कीर्तन की है रात दादी आज थाणे आनो है...,मेंहदी रची थारे हाथो में... आदि भजनों से ऐसा शमा बांधा कि श्रद्धालु भक्ति सागर में डूब गए. महोत्सव को सफल बनाने में सरिता चुलानिया,बबिता गढ़याण, पुष्पा अग्रवाल, विनिता अग्रवाल, रामा शर्मा, बसंती शर्मा, गीता शर्मा, उमा अग्रवाल, भारती कुमारी, मीना अग्रवाल, सुशीला अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, मीना गुप्ता, सीमा अग्रवाल, मधु अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, सविता अग्रवाल, सरिता पिलानिया, रंजु शुक्ला आदि थे.

## चिरकुंडा नगर परिषद के चार वार्डों में पेयजलापूर्ति ठप

# चार दिनों से जलापूर्ति नहीं होने से खफा नागरिकों ने कार्यालय में मचाया हंगामा

संवाददाता । चिरकुंडा



चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में स्थित शहरी जलापूर्ति के पानी टंकी का वाल्व स्लिप कर जाने को लेकर चार वार्डों के करीब दस हजार नागरिकों को चार दिनों से पानी नही मिलने के कारण आक्रोशित नागरिकों ने बुधवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर हो हंगामा मचाया. नागरिकों ने कहा कि इधर जनता पानी के लिए तरस रही हैं वहीं वाल्व खराब हुए आज चार दिन हो गए हैं लेकिन विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं. इन्हें जनता की परेशानी से कोई मतलब नहीं है. नागरिकों ने बताया कि वार्ड संख्या 18,19,20 व 21 के करीब 10 हजार नागरिकों को चार दिनों से शहरी जलापूर्ति योजना का पानी नहीं मिल पा रहा है. जब पानी खोलने वाले स्टाफ को फोन करते हैं तो स्टाफ जो है बार-बार फोन नहीं करने की बात कहता है. वहीं जब लोग कार्यालय पहुंचे तो नगर परिषद के पदाधिकारी कार्यालय में नहीं मिले, जिससे जनता का आक्रोश बढ़ गया. विभाग के अधिकारियों ने आने के बाद लोगों को शांत कराया. इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा ने कहा कि नगर परिषद कार्यालय में जो जल मीनार है. उसका वाल्व स्लिप हो गया है. पानी टंकी में मौजूद पानी को खाली कराया जा रहा है वाल्व को ठीक करने के लिए मिस्त्री लगा हुआ है. जल्द ही लोगों को सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति बहाल की दी जाएगी.

## 88 बच्चों के बीच साइकिल वितरण

**गोविंदपु।** मध्य विद्यालय गोङतोपा में बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर 88 बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया. मुख्य अतिथि जिप सदस्य सोहराब अंसारी ने कहा कि साइकिल वितरण झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजना है. विद्यार्थियों को इससे लाभ उठाने की जरूरत है. उन्होंने बच्चों से नियमित विद्यालय आने की अपील की. प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार राय ने सभी का स्वागत किया. मौके पर बलियापुर की जिप सदस्य उषा महतो, मुखिया विनोद रजवार, एसएमसी अध्यक्ष नुरुल अंसारी, चंद्रभूषण तिवारी, गोविंद पासवान समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

## बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

| एरिया | | कोल | ट्रांसपोर्ट |
|---|---|---|---|
| बरोरा | - | 16,424 टन | 12,265 टन |
| ब्लॉक-2 | - | 16,016 " | 16,116 " |
| गोविंदपुर | - | 1,700 " | 3,400 " |
| कतरास | - | 7,250 " | 5,849 " |
| सिजुआ | - | 5,606 " | 3,700 " |
| कुसुंडा | - | 13,205 " | 6,900 " |
| पंजाब | - | 612 " | 0 " |
| बस्ताकोला | - | 10,008 " | 13,165 " |
| लोदना | - | 17,490 " | 16,183 " |
| ईजे | - | 10,500 " | 3,780 " |
| सीवी | - | 1,320 " | 0 " |
| डब्ल्यू जे | - | 0 " | 0 " |
| कुल | | 100,131 | 81,358 |




Maya ACADEMY
Classes (BOARDS - CBSE, ICSE, JAC)
VI-X - (English, Social Science, Computer)
XI-XII (ARTS) - (English, History, Geography, Pol.Sc, Computers)
U.G. & P.G Courses
Honour Subjects - English, History
M.A. Subjects - English, History
IGNOU, BBMKU, VINOBA BHAVE (VBU)
By :- SONA BISWAS
M.A (ENGLISH), M.A (HISTORY),M.C.A
DOEACC('A' Level qualified) - New Delhi

# प्रखंड परिसर में 40 लाख की लागत से तैयार शौचालय में लटक रहे ताले

संवाददाता । निरसा



**ग्रामीण परेशान एनसीपी ने दी आंदोलन की चेतावनी**

प्रखंड परिसर में वर्ष 2021 में 40 लाख की लागत से तैयार शौचालय दम तोड़ रहा है. शौचालय में तीन वर्षो से ताला लटका हुआ है. इसे बंद रखने से आम लोगों समेत प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मचारी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं. प्रखंड कार्यालय में विभिन्न कार्यों को लेकर 27 पंचायतों के ग्रामीण आते हैं. शौचालय बंद रहने से ग्रामीणों को परेशानी होती है. ग्रामीणों का कहना है कि प्रखंड में बीडीओ, सीओ समेत अन्य अधिकारी तैनात हैं. शौचालय बंद है इसकी जानकारी सभी अधिकारियों को है. जब अधिकारी ही प्रखंड की व्यवस्था नहीं सुधारेंगे तो ग्रामीण आखिर व्यवस्था कैसे सुधारे? ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नहीं है. प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास ने बताया कि प्रखंड में कैंटीन संचालक को ही शौचालय निर्गत करने का प्रस्ताव पास हुआ था. कैंटीन बंद होने के कारण शौचालय चलाने के लिए अभी तक कोई व्यक्ति नहीं मिला है. इस वजह से शौचालय में ताले लटक रहे हैं. बीडीओ इंद्रलाल ओहदार ने बताया कि बहुत जल्द शौचालय को आम आदमी के लिए खोल दिया जायेगा. वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने इसी वर्ष जुलाई माह में डीसी को आवेदन भेजकर शौचालय खुलवाने की मांग की थी. आवेदन दिए दो महीने का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक पहल नहीं हुई. जल्द शौचालय नहीं खोले जाने पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा.

## मध्य विद्यालय एग्यारकुंड में शिक्षक अभिभावक की बैठक

**निरसा।** झारखंड राज्य परियोजना निदेशक के आदेशानुसार बुधवार को अभिभावकों एवं शिक्षकों की बैठक मध्य विद्यालय एग्यारकुंड निरसा-3 में हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने की. बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता और शिक्षक छात्रों के सीखने के स्तर को बढ़ाने और स्कूलों के सुचारू रूप से संचालन के लिए पारस्परिक रूप से सहायक की भूमिका निभाते हैं. हालांकि व्यावहारिक तौर पर शिक्षकों और अभिवावकों के बीच प्रतिकूल संबंध होता है, जहां दोनों पक्ष एक दूसरे पर अविश्वास करते हैं. फिर भी दोनों के बीच बेहतर संबंध होता है. उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को साफ-सुथरे स्कूली पोशाक में नियमित विद्यालय भेजने का आग्रह किया. बैठक में मारुति बाउरी, लक्ष्मी देवी, कोमल देवी, रेनू बाउरी, प्रमोद राव ,ज्योति कुमारी आदि उपस्थित थे.

# बीसीसीएल मुख्यालय में उद्योग विकास पर बैठक

संवाददाता । धनबाद



बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में बुधवार को सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग विकास बैठक आयोजित हुई. बैठक में निदेशक (तकनीकी) संजय कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे. इस दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के अंतर्गत आने वाले बीसीसीएल के वेंडर सम्मिलित हुए. निदेशक (तकनीकी) संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को भुगतान में सरलता होगी. कार्यक्रम के दौरान 22 से ज्यादा वेंडर कोयला भवन से वहीं कुछ वेंडर्स ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा वित्तीय भुगतान पर जानकारी प्राप्त की. आरएक्सआईएल रिसिवेबल एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड के माध्यम से वित्तीय भुगतान में शीघ्रता पर ट्रेड रिसिवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (ट्रेड्स), इनवॉइस्मार्ट, तथा एम-1 एक्सचेन्ज के प्रतिनिधियों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं आरएक्सआईएल के माध्यम से सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योग, क्रेताओं से अपना पेमेंट कम समय में प्राप्त कर पाएंगे .जिसका परिणाम है की आरएक्सआईएल सेलर-वेण्डर और विक्रेता के बीच कड़ी के रूप में कार्य होगा. मौके पर महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) भंडार डॉ एस त्रिपाठी, महाप्रबंधक (सुरक्षा) आनंद कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत एवं यांत्रिकी) आर आर करण तथा मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित रहे.



चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**तिसरी (गिरिडीह)।** लोकाय थाना क्षेत्र अंतर्गत थानसिंहडीह ओपी टी पॉइंट के पास मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान गांवा थाना क्षेत्र के गढ़ीसाख निवासी मनोज भुला, पिता लालजीत भुला के रुप में की गई है. मिली जानकारी के अनुसार मनोज बाईक से बड़कीटांड सिकंदरा स्थित अपने बहन के ससुराल गया था. वापसी के दौरान वह टी पॉइंट के पास असंतुलित होकर सड़क किनारे स्थित झाड़ियों में जा गिरा. आस पास के लोगों ने थानसिंहडीह पुलिस को मामले की जानकारी दी. जिसके बाद ओपी प्रभारी नीरज कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर परिजनों को इसकी सूचना दी. जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया.

### चोरी का आठ टन कोयला जब्त

**ललमटिया।** कोयला चोरी पर लगाम लगाने के लिए ललमटिया थाना पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा ईसीएल के सुरक्षा कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से ललमटिया कोलियरी क्षेत्र के आसपास ईसीएल के सुरक्षा अधिकारी दिनेश ओझा के नेतृत्व में बुधवार को कोयला चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया. इस छापेमारी अभियान में लोहंडिया खदान साइड तथा बसडीहा मुख्य सड़क स्थित खदान के समीप जगह-जगह अवैध रूप से जमा कर रखे गए चोरी का कोयला जब्त किया गया. तस्करी कर लाए गए लगभग आठ टन कोयला को जब्त कर दो ट्रैक्टर पर लाद कर उसे ईसीएल प्रबंधन को सुपुर्द किया गया.

### 8 सितंबर को द प्रेस क्लब ऑफ देवघर का चुनाव

**देवघर।** द प्रेस क्लब ऑफ देवघर के पदाधिकारियों का चुनाव 8 सितंबर 2024 रविवार के दिन स्थानीय इंडोर स्टेडियम में होगा. मतदान सुबह 9 से अपराह्न चार बजे तक होगा. मतदान समाप्ति के पश्चात उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना कर परिणाम घोषित किये जायेंगे. पत्रकारों के इस क्लब के लिए पहली बार लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत गुप्त मतदान का आयोजन किया जा रहा है. करीब 250 सदस्यों की संख्या वाले इस क्लब के लिए देवघर जिला के पत्रकारों में उत्साह का माहौल है. द प्रेस क्लब ऑफ देवघर के लिए इस चुनाव में कुल 18 पदों पर चुनाव होना है.

### चैनपुर, कल्हाबार में लगा सरकार आपके द्वार शिविर

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड के चैनपुर और कल्हाबार पंचायत भवन में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का शिविर लगा. शिविर में उप प्रमुख उपेन्दर महतो और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य बरकत अली शामिल हुए . शिविर में क्षेत्र के महिला-पुरूष उपस्थित थे. मौके पर ग्रामीणों को कार्यक्रम का उद्देश्य लोक कल्याणकारी योजनाओं, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित अन्य योजनाओं एवं लाभुकों की आहर्ता और आवेदन देने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की गई. शिविर में विभिन्न योजनाओं का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था. जहां लाभुकों से आवेदन लिये गये.

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 8907 आवेदन प्राप्त

## प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में कार्यक्रम, 669 मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

संवाददाता। बोकारो

जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में बुधवार को भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिविर में काफी लोग जुटे थे. जहां जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारियों की अगुवाई में आयोजित शिविर में कुल 8907 आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें ऑन द स्पॉट कुल 0669 मामलों का निष्पादन पदाधिकारियों द्वारा किया गया. शेष आवेदनों का निष्पादन प्रगति पर है. शिविरों में स्थानीय प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधिगण भी शामिल हुए.



आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रखंडों के लिए पर्यवेक्षक पदाधिकारी बनाया गया है. पर्यवेक्षक पदाधिकारी संबंधित प्रखंडों के पंचायतों में आयोजित शिविर में शामिल हुए. उल्लेखनीय हो कि, गोमिया प्रखंड के लिए उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, चास प्रखंड के लिए अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, चंदनकियारी प्रखंड के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलको, जरीडीह प्रखंड के लिए निदेशक डीआरडीए मेनका, पेटरवार प्रखंड के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, नावाडीह प्रखंड के लिए अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, बेरमो प्रखंड के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, कसमार प्रखंड के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, चंद्रपुरा प्रखंड के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता सदानंद महतो को पर्यवेक्षक पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है.

जिला स्तरीय पर्यवेक्षक पदाधिकारियों ने पंचायत परिसर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच क्रमवार जिला स्तरीय, बीडीओ, सीओ एवं प्रखंड स्तरीय अन्य अधिकारियों ने समस्या सुनी. मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई.

शिविर में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र समेत आदि विभागों से संबंधित हजारों आवेदन प्राप्त किया गया.

### विवाद सुलझाने गई महिला के साथ मारपीट

**बोकारो।** सेक्टर 9, हरला थाना क्षेत्र में पति-पत्नी विवाद की मध्यस्ता करने गई स्वार्णिम नारी शक्ति सुरक्षा फाउंडेशन के चेयरमैन माया पाण्डेय की निरंजन महतो ने सरेआम पिटाई कर दी. जिसके बाद फाउंडेशन से जुड़ी महिलाएं भी हमलावर हो गई. दोनों तरफ से शुरू हुई मारपीट के बाद घटनास्थल रणक्षेत्र में तब्दील हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस मुकदर्शक बनी रही. ज्ञात हो कि हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 9 स्थित बी रोड निवासी फुल्लू देवी तथा उनके पति निरंजन महतो के बीच विगत एक वर्ष से विवाद चल रहा है. फाउंडेशन के चेयरमैन माया पांडेय ने बताया कि पति द्वारा पत्नी को प्रताड़ित करते हुए मारपीट किया जा रहा था. उसका खर्चा भी पति ने बंद कर दिया था. महिला का पति श्रृंगार स्टोर का दुकानदार है. इसके बाद फाउंडेशन की महिलाओं ने दुकान का ताला तोड़वाकर दुकान में पत्नी को स्थापित करवा दिया. लेकिन बुधवार को पुनः विवाद की सूचना पर फाउंडेशन के चेयरमैन माया पाण्डेय अपनी सदस्यों के साथ पहुंची तो दोनों तरफ से कहासुनी होने लगी. इस बीच निरंजन महतो महिलाओं पर हमलावर हो गये. वे न केवल सोने की चेन छीन ली बल्कि महिलाओं की पिटाई भी कर दी. इसके बाद महिलाओं ने उनका जमकर धुनाई कर दी. घटना पुलिस के सामने होने की वजह से फाउंडेशन की महिलाएं उतरी छोटनागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डॉ माइकल राज एस से मिलकर गिरफ्तारी की मांग की है. आईजी ने उचित करवाई का आश्वासन दिया है.

# बंद घर का ताला तोड़ डेढ़ लाख के सामान की चोरी, दो गिरफ्तार

संवाददाता। कसमार (बोकारो)

कसमार थाना क्षेत्र के गर्री निवासी विशाल चौबे के बंद घर में सोमवार की रात को चोरी की घटना हुई है. विशाल चौबे रांची में कार्यरत हैं. घटना की सूचना पाकर मंगलवार देर शाम को घर लौटे. शक के आधार पर अपने स्तर से कुछ लड़कों से पूछताछ की. इस दौरान एक लड़के ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली. उसने बताया कि कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया था. यह भी बताया कि चोरी का सामान बगल के ही चट्टी गांव में एक व्यक्ति को बेचा है. इसके बाद विशाल चौबे ने कसमार थाना में इस बाबत प्राथमिकी दर्ज करायी. उसमें बताया गया है कि वे रांची में कार्यरत हैं और सपरिवार वहीं रहते हैं. पैतृक घर में कभी कभार आना-जाना रहता है.



इसी बीच मंगलवार की सुबह पड़ोसियों के माध्यम से यह सूचना मिली कि उनके घर की खिड़की आदि टूटी हुई है तथा घर में चोरी हो गयी है. इस सूचना पर जब घर पहुंचे तो देखा कि विभिन्न कमरों का ताला टूटा हुआ है. दरवाजा एवं खिड़की भी उखड़ा हुआ है. साथ ही घर के अंदर रखे लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य के पीतल, कांसा के बर्तन, टुलू पंप, पंखा, गैस सिलिंडर, लोहे का रड एवं अन्य सामान गायब है. प्राथमिकी के अनुसार, पूछताछ करने पर विशाल चौबे को यह पता चला कि इस घटना को शमीम अंसारी, पिता- कलीम अंसारी, अमन अंसारी, पिता-मारूफ़ अंसारी उर्फ सिकंदर, रेहान अंसारी उर्फ लड्डु, पिता ख्वाजा गुलाम अंसारी, सभी ग्राम गरी कसमार एवं दो तीन अन्य लड़कों ने मिलकर अंजाम दिया है. प्राथमिकी में यह भी बताया गया है कि चोरी गया सामान चट्टी निवासी शंकर दे (पिता स्व राखोहरि दे), जो कबाड़ी का कार्य करता है, के पास बेचा गया है. कसमार पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद शमीम अंसारी व शंकर दे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस दौरान पुलिस ने कुछ सामान भी बरामद किया है. कसमार के थाना प्रभारी भजनलाल महतो के अनुसार, बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है.

### बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को ले किसान मित्र की बैठक

**पिरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को बीटीएम अमित कुमार साह की अध्यक्षता में कृषक मित्र और किसानों एक बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मोटे अनाज को लेकर प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार साह एवं प्रखण्ड सहाकारिता पदाधिकारी पीरटांड़ राजीव रंजन के द्वारा किया गया. फसल बीमा में सभी कृषक मित्र को तेजी लाने का निर्देश दिया गया, ताकि कृषकों को लाभ मिल सके. बजाज बीमा कम्पनी ने सभी कृषक मित्र का आईडी कर दिया है. सभी किसान मित्र अब अपने-अपने क्षेत्र के किसानों को बीमा करेंगे. साथ ही झारखंड मोटे अनाज अंतर्गत कोदो, चेना, रागी, सनवा, बाजरा, ज्वार आदि फसल का किसान से पंजीकरण करवाने का निर्देश दिया है. जिसमें किसानों को 3000 हजार प्रति एकड़ से लाभ दिया जायेगा. किसान सीएससी के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं. साथ ही योजना का लाभ ले सकेंगे. इसके अलावे कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई. बैठक में सहायक तकनीकी प्रबंधक निखिल कुमार, कृषक मित्र रामचंद्र महतो, रविलाल मुर्मू, पंचम सिंह, जयराम, नीलम देवी, जागेश्वर पंडित, मुंसी रजक, एतवारी मरांडी सहित कई लोग उपस्थित थे.


## बच्चों को सोशल मीडिया का सकारात्मक इस्तेमाल के लिए प्रेरित करें : एसएस कर

संवाददाता। बोकारो



अच्छी तालीम की नींव शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी के समन्वय है. उक्त बातें डीएवी, सेक्टर चार के प्राचार्य एसएस कर ने कहा. कर ने कहा कि सोशल मीडिया का सकारात्मक इस्तेमाल के लिए बच्चों को प्रेरित करने की जरूरत है. कोरोना काल के समय शैक्षणिक संस्थाओं में पेपरलेस प्रणाली का प्रचलन बढ़ा, ये समय की मांग भी थी. जिससे बच्चों में मोबाइल इस्तेमाल की चलन को बढ़ावा मिला. इसके कुछ दुष्प्रभाव भी हैं. बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखने के लिए स्कूलों में स्पोर्ट्स, इंटर क्लास एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों में कागज, कलम के रुझान बनाना होगा.

**बच्चों के रोल मॉडल होते हैं शिक्षक : मिंज**



संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य फादर अरुण मिंज ने कहा कि शिक्षक बच्चों को शिक्षित कर छात्रों का मार्ग दर्शन करते हैं . शिक्षक बच्चों के रोल मॉडल होते हैं और उनके मूल्य और चरित्र विकास में अहम योगदान प्रदान करते हैं . शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी .

# उत्पाद सिपाही बहाली में मौत पर भाजपा ने जताया दुख

## परिजनों को एक लाख रुपये की सहायता दी

संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)

सरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम केशवारी (मंझिलाडीह) निवासी महेश रजक के पुत्र पिंटू रजक विगत दिनों उत्पाद सिपाही बहाली में जमशेदपुर में दौड़ के क्रम में निधन हो गया था. भाजपा झारखंड प्रदेश के आदेश पर आज भाजपा की एक प्रतिनिधि मंडल मृतक अभ्यर्थियों के परिजनों से बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे सहित भाजपा के शिष्ट मंडल नेताओं ने मुलाकात कर दुखः व्यक्त किए. साथ ही भाजपा की ओर से आश्रित परिजनों को सम्मान राशि के तौर पर एक लाख रुपये दिया गया. इस दौरान झारखंड उत्पाद सिपाही में मौत पर पूर्व विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार वोट बैंक के लिए इस धूप में बहाली का दौड़ करा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रही है. ऐसा देश भर में आज तक



ऐसे घटिया दौड़ नहीं हुई है, जो इतने अभ्यार्थियों की मौत हुई है. उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अविलंब मृतकों के आश्रित को 50 लाख रुपए मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए. साथ ही असामयिक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया. परिजनों को ढांढस बंधाया और मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए. इस दौरान वार्ड सदस्य बिनोद रजक, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री संजीव कुमार, जिला मंत्री रजनी कौर, जिप सदस्य रीता प्रसाद, मंडल अध्यक्ष सह मुखिया अजय यादव, पूर्व मुखिया प्रेमचंद कुशवाहा, जय मंडल, केदार मोदी, चिंतामणि मंडल, धीरन पासवान, छोटू मंडल, बाल गोविंद मंडल, भेखलाल मंडल, युधिष्ठिर मंडल, अशोक राणा, केदार सिंह, अशोक राणा, बिनोद यादव, नरेश मंडल, रंजित सिंह, लक्ष्मण दास, विकाश राणा, सुभाष राणा, मुकेश मंडल, गजाधर यादव, सुरेंद्र मोदी, बद्री रजक सहित भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ नेता कार्यकर्ता मौजूद थे.

# डीसी ने मंडरो प्रखंड में बने केज कल्चर का लिया जायजा

## उपायुक्त ने दिलाया पलायन रोकने के लिए प्रशिक्षण

संवाददाता। साहिबगंज

उपायुक्त हेमंत सती द्वारा डीएमएफटी मद से मंडरो प्रखंड के पंचायत दामिन भीठा अंतर्गत सिमरिया गांव में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने एवं रोजगार सृजन हेतु माइनिंग पीट में केज कल्चर का अधिष्ठापन किया गया, जिनका उपायुक्त श्री सती ने जायजा लिया. सिमरिया गांव में रहने वाले लोग अपने परिवार को आजिविका चलाने हेतु पलायन कर रहे थे या पहाड़ से सूखी लकड़ी इकट्ठा कर बाजार में बेचकर गुजारा करते थे. उपायुक्त द्वारा सिमरिया गांव वासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मत्स्य पालन के लिए सिमरिया गांव में रहने वाले संपूर्ण परिवारों के लोगों को रोजगार दिया गया एवं मत्स्य पालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया.



जिससे सिमरिया वासियों को आजिविका चलाने हेतु पलायन न करना पड़े. उपायुक्त ने इस केजी कल्चर से महिलाओं को अत्यधिक जोड़ने को लेकर पदाधिकारी को निर्देशित किया गया एवं इस प्रकार केजी कल्चर और अधिष्ठापन हेतु कहा गया, जिससे जिला में रोजगार के सृजन में बढ़ोत्तरी हो सकें.

इस मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे.

### झारखंड बंद को लेकर मंच ने की बैठक

**बोकारो।** झारखंड सांस्कृतिक मंच के प्रधान कार्यालय, राजेन्द्र स्मृति भवन, धर्मशाला मोड़ चास में बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा एवं झारखंड सांस्कृतिक मंच की संयुक्त बैठक मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष राजदेव माहथा की अध्यक्षता में हुई. झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम झारखंड बंद के तहत 11 सितंबर 2024 को बोकारो जिला भी बंद रहेगा. झारखंड बंद को सफल करने के लिए निर्णय लिया गया कि 08 सितंबर को दिन 10:00 बजे राम रूद्र हाई स्कूल में रखी गई है और जिसमें ज्यादा से ज्यादा अलग राज्य आंदोलनकारी शामिल हो, इस पर चर्चा की जाएगी. बतातें चले कि झारखंड आंदोलनकारियों की लंबी मांगें, जब से झारखंड अलग राज्य हुआ है, तब से लगातार आन्दोलन किया जाता रहा है, लेकिन सरकार की अनदेखी के कारण ना उन्हें सम्मान मिल रहा है, ना ही पेंशन मिल रहा है और ना ही अधिकार. इन सभी अहम मुद्दों को लेकर मोर्चा ने सभी आंदोलनकारियों से आह्वान किया है.

# पोल्ट्री फार्म की दुर्गंध से परेशान लोगों ने की बैठक

- प्रशासन से की हस्तक्षेप की मांग

संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)

गांडेय प्रखंड के मोहनडीह गांव में पोल्ट्री फार्म से हो रही दुर्गंध से परेशान लोगों ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता राजेश यादव के साथ बैठक कर समस्या निदान की गुहार लगाई. लोगों ने बताया कि उक्त फार्म से अत्यंत दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास रहने वाले परिवारों सहित उधर से गुजरने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी हो रही है. बगल में ही सरकारी स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं. कहा कि, मना करने के बावजूद पोल्ट्री संचालक बात नहीं मानते . ग्रामीणों ने थाने में लिखित शिकायत भी दी है. दूसरी तरफ, पोल्ट्री फार्म संचालक को भी लोगों के सामने बुलाकर उनका पक्ष जानने की कोशिश हुई तो रोजगार का हवाला देकर उन्होंने कोई विकल्प नहीं होने और इसे बंद करने के प्रति असमर्थता जाहिर की गई. बैठक में शामिल राजेश यादव सहित गांडेय पंचायत के मुखिया अमृतलाल पाठक एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि श्याम किशोर पाठक ने कहा कि नियम प्रावधान के अनुसार आबादी और स्कूल के बगल में पोल्ट्री फार्म लगाने की क्या व्यवस्था है. जैसे बिंदुओं पर प्रशासन को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि यह विवाद नहीं बढ़े. इस सवाल पर थाना में सूचना दी गई है, उस पर 2 दिन बाद स्थानीय लोग थाना एवं अन्य सक्षम अधिकारी के समक्ष जाकर अपनी फरियाद करेंगे.

मौके पर मुख्य रूप से श्याम पाठक, सुबोध पाठक, राजू वर्मा, लक्ष्मण महतो, जगलाल महतो, मदन वर्मा, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, चंदरू वर्मा, रवि वर्मा, खोसलाल महतो, लोकी वर्मा, संजय वर्मा, डुमर वर्मा, अंजू वर्मा, कंतू वर्मा, बालेश्वर वर्मा, कैलाश वर्मा, नकुल वर्मा, जागो वर्मा सहित अन्य मौजूद थे.















# महुदा रेलवे कालोनी में 50-50 हजार में बेचे जा रहे क्वार्टर

## कई रेलवे अधिकारियों पर रिश्वत लेकर आवास देने का आरोप

**खास बातें**

- सीनियर डीईएन कोर्डिनेशन ने जांच व कार्रवाई की बात कही








**संवाददाता। महुदा**

**महुदा (कतरास)।** द.पू रेलवे स्थित महुदा रेलवे कालोनी में रेल कर्मियों के लिए बने सरकारी आवासों में इन दिनों रेलवे के आई डब्लू विभाग के कुछ भ्रष्ट रेल अधिकारी एवं इनके सिंडिकेट के कुछ दलालों द्वारा एक मोटी रकम लेकर वैसे कर्मचारियों जो कुछ दिनों में सेवानिवृत हो जाते हैं. उनके क्वार्टरों को अनाधिकृत लोगों को दे रखा है. मामला प्रकाश में उस वक्त आया, जब महुदा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्यामलाल महतो को आनन-फानन में बुधवार को क्वार्टर खाली करने को कहा गया. मामले में बताया जाता है कि रेलवे कर्मी लाल मोहन प्रमाणिक बीते महीने सेवानिवृत हो गए थे. जिन्हें अगस्त 30 को क्वार्टर का क्लीयरेन्स देना था. इस पर आई डब्लू, असिस्टेंट आई.डब्लू एवं गैंगमेन के मेट मिहिर कुमार महतो तीनों ने मिलकर इनके क्वार्टर में रहते हुए कर्मी लाल मोहन प्रमानणिक को क्वार्टर का क्लीयरेन्स दिला दिया. इसके एवज में किरायेदार श्यामलाल महतो से 50 हजार की मोटी रकम तीनों ने वसूले. वहीं भुक्तभोगी ने 50 हजार में से कुछ राशि ऑनलाइन एवं कुछ कैश दिये थे. उक्त तमाम बातें किराये में रहने वाले भुक्तभोगी ने बताया है. मामला सरेआम चर्चा होने लगी कि उक्त क्वार्टर में जब विभाग द्वारा ताला जड़ दिया गया. जबकि पीछे के दरवाजे को क्यों खुला रहने दिया गया. रेलवे के बिजली विभाग भी उक्त क्वार्टर से मीटर को खोल कर नो ड्यूज दे दिया. इसमें रेलवे के बिजली विभाग भी संदेह के घेरे में है. इन दलालों द्वारा क्वार्टर को रेंट में देने के लिए तत्काल एनओसी दिलाने के नाम पर 50-50 हजार की अवैध वसूली का खेल खेला गया. मामला चर्चा में आने के बाद मकान के समान को आनन-फानन में पीछे के दरवाजे से बाहर निकालने का प्रयास किया गया. इस पर किरायेदार ने राशि की मांग करते हुए क्वार्टर न छोड़ने की बात कही है. आई.डब्लू विभाग करीब दर्जनों क्वार्टरों में इसी तरह से अवैध वसूली कर अनाधिकृत लोगों को रखा गया है. इस सन्दर्भ में आई.डब्लू ने कतराते हुए कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया. एडीएन ने अधिकारिक तौर पर बयान देने से साफ नकार दिया है. मामला प्रकाश में आने के बाद आद्रा डिवीजन के सीनियर डीइएन से बात करने पर उन्होंने इस तरह की घटित घटना पर अफ़सोस जताते घटना में शामिल तमाम अधिकारियों को कोसा है. मामले की आंतरिक जांच करा कर कार्रवाई की बात कही है.

## 13 सूत्री मांगों को लेकर जश्रसं के महामंत्री ने महाप्रबंधक से की वार्ता



**संवाददाता। तेतुलमारी**

बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या-4 के महाप्रबंधक राजेश कुमार अग्रवाल से जनता श्रमिक संघ के महामंत्री रागिनी सिंह ने 13 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता की. मांगों में वेस्ट मोदीडीह परियोजना से डीजल चोरी पर रोक लगाने, कोल कर्मियों के जर्जर आवासों की मरम्मत, पदोन्नति प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने, हाजिरी घर के समीप शेड निर्माण करने समेत अन्य शामिल हैं. वार्ता के दौरान रागिनी सिंह ने महाप्रबंधक को बिंदुवार मांगों से अवगत कराया. वार्ता मे प्रबंधन की ओर से एपीएम रामानुज प्रसाद, राणा एसके सिंह शामिल थे. वहीं यूनियन की ओर से राजू सिंह राजपूत, सत्येंद्र सिंह, प्रदीप सिन्हा, राजेश सिंह, मोहर्रम अली समेत अन्य शामिल थे.

# ईसीआर जीएम ने किया धनबाद मंडल के रेलखंडों का निरीक्षण

## राजगीर-तिलैया रेलखंड के विकास कार्य की समीक्षा





**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद. पूर्व मध्य रेल के जीएम छत्रसाल सिंह ने बुधवार को धनबाद रेल मंडल के बंधुआ-प्रधान खांटा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया. इस दौरन उन्होंने स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं को देखा. पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने छत्रसाल सिंह ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए हर हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया.

**राजगीर-तिलैया रेलखंड के विकास कार्य की समीक्षा :** महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल छत्रसाल सिंह द्वारा राजगीर स्टेशन का निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म आदि की साफ-सफाई कार्य को बारीकी से देखा. जीएम ने राजगीर-तिलैया रेलखंड पर अवस्थित वृहत रेल पुल संख्या 47 का निरीक्षण किया.राजगीर स्टेशन में महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की. उन्होंने पुनर्विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया. मौके पर धनबाद रेल मंडल के डीआरएम केके सिन्हा के अलावा अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे.

### एरिया सेक्रेटरी कुजामा का किया दौरा

**झरिया।** विधायक पूर्णिमा सिंह के निर्देश पर एरिया सेक्रेटरी मृणालकांत सिंह ने बुधवार को कुजामा का दौरा कर वहां सैकड़ों साल से रह रहे लोगों की समस्याओं से अवगत हुए. लोगो ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए उन्हें कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी कोयला खदानों में ब्लास्टिंग करती है, जिससे घर में दरारें पड़ जाती है. बीसीसीएल प्रबंधन ने जलापूर्ति पाइपलाइन बंद कर दिया है, जिससे पेयजल की भारी किल्लत है.

### मेडिकल कॉलेज कैथलैब के समीप लगी आग

**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच कैथलैब बिल्डिंग के समीप लॉन्ड्री में बुधवार की शाम आग लगने से अफरा तफरी मच गई. अचानक लॉन्ड्री से धुआं निकलते देख लोग नजदीक गए तो लॉन्ड्री से आग की लपटों को निकलते देखा. आनन-फानन में स्थानीय लोग आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे. इसी बीच खबर पाकर अग्निशमन विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया.

# सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना में धांधली का आरोप

**संवाददाता। तेतुलमारी**



छोटानगरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदन जमा करने आए ग्रामीणों ने इसे सरकार की खानापूर्ति योजना करार दिया. ग्रामीणों ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत पूर्व में भी यहां शिविर लगाए गए थे. शिविर में कई ग्रामीणों ने आवेदन दिए थे, लेकिन आजतक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया. ग्रामीणों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने का प्रचार-प्रसार नहीं किया गया. जानकारी के अभाव में कम लोग आए. कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल में विभागों के नाम नहीं लिखे थे. इस वजह से भी लोगों को परेशानी हुई. ग्रामीण एक टेबल से दूसरे टेबल पर भागते नजर आए.

अबुआ आवास के लाभुकों का नाम जनप्रतिनिधियों द्वारा काटे जाने पर पंसस अमृत रवानी, कृष्ण प्रसाद सिंह और जीरा देवी ने विरोध जताया. इनलोगों ने बताया कि अबुआ आवास की जिन्हें जरूरत है, उन्हें नहीं देकर संपन्न लोगों को दिया गया है. इस संबंध में उपायुक्त को आवेदन देकर जांच कराने की मांग की गई है. शिविर का उद्घाटन कतरास प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक पाल व पंचायत की उप मुखिया मंत्री कुमारी ने की. मौके पर बीईईओ अशोक कुमार पाल, अमित कुमार, पर्यवेक्षक मदन मोहन झा, एएनएम चंद्रिका हांसदा, उप मुखिया सुनीता कुमारी, मनोज महतो आदि मौजूद थे.

### बैंकमोड़ थाना में नेत्र जांच शिविर



**धनबाद :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा बैंकमोड़ थाना परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में थाना में पदास्थापित सभी पुलिस कर्मियों की नेत्र जांच की गई. जांच शिविर में स्थानीय निवासी व व्यापारियों ने भी भाग लेते हुए नेत्र जांच कराई. मौक़े पर डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार, थाना प्रभारी लव कुमार समेत स्थानीय लोग भी उपस्थित थे

## आसनसोल

# जामुड़िया में भाजपा का धरना प्रदर्शन मुख्यमंत्री ममता से इस्तीफे की मांग



**संवाददाता। जामुड़िया**

**जामुड़िया।** जामुड़िया विधानसभा के बहादुरपुर स्थित बीडीओ कार्यालय के बाहर भाजपा ने धरना प्रदर्शन किया। यह धरना कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में आयोजित किया गया था। भाजपा नेता संतोष सिंह ने कहा, ₹मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। यह घटना निंदनीय है और कार्यस्थल पर महिला के साथ हुई अमानवीयता स्वीकार्य नहीं है। इस धरने में भाजपा जिला महासचिव तापस राय, साधन माजी, राम अधिकारी, बृजमोहन पासवान, गौतम राय, रंजीत नोनिया, राहुल चौबे समेत कई नेता शामिल हुए। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। भाजपा ने मांग की है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और घटना की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग का गठन करना चाहिए।

### दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के 13वें स्थापना दिवस पर महिला सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम

**आसनसोल।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के 13वें स्थापना दिवस पर अंडाल पुलिस ने उखड़ा आदर्श हिंदी हाई स्कूल और काजोड़ा बीएड कॉलेज में महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में ए.सी.पी पिंटू साहा, सर्किल इंस्पेक्टर पिंटू मुखर्जी, अंडाल थाना प्रभारी तन्मय रॉय, उखड़ा आउट पोस्ट के आई.सी मइनूल हक़, एस आई प्राण कृष्ण प्रमानिक, और उखड़ा आदर्श हिंदी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक पी.के सिंह ने भाग लिया। ए.सी.पी पिंटू साहा ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की सुरक्षा, खासकर स्कूली छात्राओं के लिए सुरक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को कभी न डरने की सलाह दी और कहा कि अगर कभी कोई मुसीबत आती है, तो बिना डरे अपने माता-पिता को जानकारी दें और अनजान लोगों से बिना मतलब के बात न करें। जरूरत पड़ने पर आसपास के पुलिस स्टेशन में जाकर जानकारी दे सकते हैं।

### कमिश्नरेट के निर्देश पर लगा रक्तदान शिविर

**आसनसोल।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर सालानपुर पुलिस के कल्याणेश्वरी आउटपोस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर डीसीपी हेड क्वार्टर डॉ. अरविंद कुमार आनंद और एसीपी वेस्ट एसके जावेद हुसैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कल्याणेश्वरी चौकी प्रभारी अरुणाभ भट्टाचार्य और सालानपुर थाना प्रभारी अमित हाती ने प्रथम रक्तदाता के रूप में रक्तदान किया। इसके अलावा, बांकुड़ा की एक लड़की ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। क्षेत्र के युवाओं, पुलिस अधिकारियों और नागरिक स्वयंसेवकों ने भी रक्तदान में भाग लिया। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता भोला सिंह, मनोज तिवारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एसीपी जावेद हुसैन ने डीसीपी का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया। दोनों अतिथियों ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।

## युवा डॉक्टर के साथ दुष्कर्म हत्या को लेकर विरोध मार्च



**संवाददाता। बराकर**

आरजी कर अस्पताल में युवा डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाराबनी मंडल में विरोध मार्च निकाला और बीडीओ कार्यालय का घेराव किया। यह विरोध मार्च बाराबनी थाने के पानी टंकी से शुरू हुआ और बाराबनी प्रखंड कार्यालय पर समाप्त हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'जस्टिस फॉर अर्जीकर' की मांग के साथ बैनर और पोस्टर के माध्यम से अपनी आवाज उठाई। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग भी की। इस विरोध मार्च में भाजपा जिला अध्यक्ष बप्पादित्य चटर्जी, सुजीत मंडल, रंजीत मुखर्जी अकबर हुसैन, महिला नेत्री डोलन नायक समेत कई भाजपा समर्थक मौजूद थे। यह घटना महिला सुरक्षा की मांग को लेकर की गई थी, जिसमें दोषियों को फांसी देने की मांग की गई।

### नाबालिग से अभद्रता के आरोप में वृद्ध गिरफ्तार



**सालानपुर।** सालानपुर थाना क्षेत्र के डाबर कॉलोनी में एक नाबालिक लड़की से अभद्रता करने के आरोप में 65 वर्षीय तपन कर्मकार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लड़की के परिजनों के अनुसार, नाबालिक लड़की अक्सर तपन कर्मकार के घर खेलने जाती थी, जहां उन्होंने लड़की को पैसों का लालच देकर अभद्रता करने का प्रयास किया। लड़की ने अपनी माँ को घटना के बारे में बताया, जिसके बाद परिजनों ने सालानपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तपन कर्मकार को गिरफ्तार कर लिया है।

## बैगुनिया सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में खुटी पूजन संपन्न



**संवाददाता। बराकर**

बराकर के बैगुनिया स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में दुर्गापूजा पंडाल निर्माण कार्य के पूर्व खुटी पूजन का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी काली पोदो चटराज ने विधिवत पूजन कराया, जिसमें मंदिर कमिटी के वरिष्ठ सदस्य हराधन मंडल सहित कई सदस्य शामिल थे। हराधन मंडल ने बताया कि बराकर के सबसे पुराने मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गापूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमिटी तन, मन और धन के साथ तैयारी में जुटी है। मंदिर की साज-सजावट, पंडाल, विधुत साजो-सज्जा देखने लायक होगी। बराकर में सबसे बड़े पूजा बजट की पूजा का आयोजन कमिटी करती आई है।

# नहाने के दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों की दामोदर नदी में डूबने से मौत

**संवाददाता। सांकतोड़िया**

सांकतोड़िया फांड़ी के डिसरगढ़ मजार शरीफ पर मंगलवार की संध्या स्नान करने के दौरान कोलकाता से आये एक ही परिवार के तीन लोगों की नहाने के दौरान दामोदर नदी में डूबने से मौत हो गई। इनमें दो शवों को बरामद कर लिया गया। जबकि समाचार लिखे जाने के तक तीसरे शव की तलाश जारी थी। शवों को अंत्यपरीक्षण के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया गया।



जानकारी के अनुसार मंगलवार को कोलकाता के 19 बी हुसैन शाह रोड, थाना इकबालपुर कोलकाता-23 जे, से मो फिरोज (45), उनकी पत्नी नसीमा बेगम, पुत्र मो आसिफ (24), मो तौसीफ (20) तथा छोटे पुत्र कुल पांच लोग डिसरगढ़ दामोदर नदी किनारे मजार शरीफ पर पीरबाबा के दर्शन के लिए ट्रेन से आये थे। बताया जाता है कि वे यहां पहली बार पहुंचे थे। इस दौरान संध्या करीब 4:30 बजे बाबा के दर्शन से पहले दामोदर नदी में स्नान करने पहुंचे। बताया जाता है कि स्नान के दौरान ही सेल्फी लेने के चक्कर में वे पांचों नदी में डूबने लगे। शोर मचने पर स्थानीयों ने नसीमा बेगम और उनके छोटे बेटे को नदी से खींचकर बचा लिया। लेकिन बाकी तीनों नदी में समा गए और उनकों नहीं बचाया जा सका। सूचना पाकर सांकतोड़िया पुलिस नदी किनारे पहुंचकर उनकी तलाश शुरु की। लेकिन संध्या हो जाने, जलस्तर बढ़ा होने तथा पानी मटमैला होने के कारण खोजने में परेशानी हुई। सूचना देने पर आपदा प्रबंधन की टीम पहुंची। इस बीच रात को करीब साढ़े 9 बजे स्थानीय लोगों की सहायता से पिता 45 वर्षीय मो फिरोज का शव बरामद कर लिया गया। दूसरे दिन बुधवार की सुबह बड़े पुत्र मो आसिफ का शव भी उसी जगह से बरामद हुआ। जबकि आपदा प्रबंधन और पुलिस की टीम 20 वर्षीय मो तौसीफ की तलाश के लिए नदी के रास्ते चिनाकुड़ी पहुंची। संध्या समाचार लिखे जाने तक उसकी तलाश जारी थी।

## तृणमूल नेता गौतम मजूमदार की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर



**संवाददाता। रानिगंज**

रानीगंजः अंडाल ब्लॉक के काजोरा मोड़ में तृणमूल कांग्रेस नेता स्वर्गीय गौतम मजूमदार की दूसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 100 लोगों ने रक्तदान किया। दुर्गापुर उप जिला अस्पताल से डॉ अटोरिया बनर्जी और उनकी टीम ने रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर अंडाल ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष कालू बरन मंडल, मदनपुर ग्राम पंचायत प्रधान पार्थो देवासी, पश्चिम बर्धवान युवा तृणमूल कांग्रेस के राज्य सचिव कौशिक मंडल, कंचन मित्रा, जिला परिषद के सह-कारी सभाधिपति विष्णु देव नोनिया, मदनपुर अंचल सभापति अजय पात्रा, महिला नेत्री सुजाता बसु, मिनती हाजरा, काजोरा ग्राम पंचायत सदस्य चंदन सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान की महत्ता के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराना था।



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** दिन बहुत ही अच्छा है पर कार्य को लेकर अधिक दौड़धूप रहेगी. बुरी खबर मिल सकती है. वाणी पर नियंत्रण रखें. दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं. समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी. राजकीय सहयोग मिलेगा. संकटमोचन का पाठ करें.

**वृष** परीक्षा में सफलता का अच्छा योग है. मेहनत से सफलता मिलेगी. कार्य की प्रशंसा होगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे. विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. फल का दान करें.

**मिथुन** किसी सिद्ध पुरूष का दर्शन प्राप्त होगा. नया कार्य लाभ का मौका देगा. उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. स्वाभिमान बना रहेगा. नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे. स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें. रुका धन मिलेगा. व्यापार में नए अनुबंध होंगे.

**कर्क** समय बहुत ही अनुकूल है. किसी वरिष्ट से मुलाकात होगी. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. जोखिम न उठाएं. प्रसन्नता रहेगी. धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी. आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है. व्ययों में कमी करनी चाहिए.

**सिंह** दिन खुशनुमा होगा. शारीरिक कष्ट संभव है. दूसरों पर अतिविश्वास न करें. वस्तुएं संभालकर रखें. आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी. स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी. व्यापार अच्छा चलेगा.

**कन्या** कार्य होने से मानसिक संतुष्टि होगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. प्रसन्नता रहेगी. सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा. संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी.

**तुला** दिखावा में खर्च होगा. योजना फलीभूत होगी. नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें. प्रसन्नता रहेगी. उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा. प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे. सूर्य को बल दें.

**वृश्चिक** पूजा-पाठ में मन लगेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. निवेश शुभ रहेगा. शनि को खुश रखें, जिससे प्रसन्नता रहेगी. अपनी वस्तुएं संभालकर रखें. जीवनसाथी से मतभेद. व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा. वाहन सावधानी से चलाएं.

**धनु** किसी वरिष्ठ से मुलाकात होगी. विवाद को बढ़ावा न दें. कुसंगति से हानि होगी. कार्य होगा, पर आय कम होगी. नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे. व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है. व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें.

**मकर** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. चिंता रहेगी. प्रमाद न करें. परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे. शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी. अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं. काली वस्तु का दान करें.

**कुंभ** समय अनुकूल है. शत्रु परास्त होंगे. बेरोजगारी दूर होगी. यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे. व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें. आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी. संतान की शिक्षा संबंधी समस्या रह सकती है.

**मीन** समय बहुत ही उत्तम है. मेहनत का फल मिलने का दिन है. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता बनी रहेगी. आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है. कार्य, व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं की समाप्ति होगी. मंदिर में झाड़ू का दान करें.

## राज्यपाल से मिले बिनोद बिहारी विवि के कुलपति डॉ आरके सिंह

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह ने मुलाकात की. इस दौरान डॉ सिंह ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया. इसके बाद बाल कल्याण संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राज्यपाल से मुलाकात की. वहीं सैनिक बाजार दुकानदार संघ, रांची के शिष्टमंडल ने भी अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के नेतृत्व में राज्यपाल से मुलाकात की.

## महाराष्ट्र के निर्वाची पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे बीडीओ कुमुद झा

**खूंटी।** तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा महाराष्ट्र के निर्वाची पदाधिकारियों और सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे. चुनाव आयोग, भारत सरकार के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट ने उन्हें वहां निवाची पदाधिकारियों और सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रित किया है. प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आठ से 11 सितंबर तक महाराष्ट्र के छत्रपति शंभाजी नगर, (औरंगाबाद) में किया गया है. तोरपा के बीडीओ कुमुद झा चुनाव आयोग भारत सरकार के नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर हैं. इसके पूर्व उन्होंने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों के निर्वाची पदाधिकारी तथा सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दे चुके हैं.

## व्यवसायिक संघ की बैठक संपन्न

**गढ़वा।** जिला व्यवसायिक संघ की बैठक बाजार समिति परिसर स्थित दुर्गा मंडप में संपन्न हुई. सरकार के द्वारा प्रस्तावित कृषि उपज एवं पशुधन विधायक कृषि बाजार समिति शुल्क 2% लागू किए जाने के विरोध में बैठक की गई. जिसमें सभी व्यापारियों ने एक मत होकर निर्णय लिया गया कि अगर सरकार इस प्रस्ताव को लाती है तो गढ़वा जिला के व्यवसायी अपनी अपनी दुकान को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर देंगे. साथ ही कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स रांची जो भी व्यापारियों के हित में निर्णय लेगी. मौके पर मनोज बाबू, पिंटू बाबू, प्रदीप बाबू, महेंद्र बाबू, कलू खां, शेखर, देवचरण शाह, सोना, भगवान कुशवाहा, नरसिंह मेहता, सुरेंद्र कुशवाहा, रमेश केशरी, राजेश कश्यप, सुदामा प्रसाद आदि उपस्थित थे.



भूमि पूजन करती महिलाएं

### आदित्यपुर : कल्पनापुरी में इस वर्ष महिलाएं ही करेंगी मां दुर्गा की पूजा

# कोलकाता से आएंगे पुरोहित, 9 दिनों तक होगी पूजा

- मोहल्ले की लगभग 200 से अधिक महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हैं.
- इस वर्ष 25 महिलाओं की कमेटी बनाई गई है
- कल्पनापुरी में महिलाएं ही रसीद लेकर घर-घर चंदा काट रही हैं

संवाददाता । आदित्यपुर



आदित्यपुर के कल्पनापुरी मोहल्ले में इस वर्ष महिलाएं दुर्गा पूजा का आयोजन करेंगी. दुर्गा पूजा के लिए कोलकाता से पुरोहित बुलाए जा रहे हैं और पूरे विधि विधान से 9 दिनों तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाएगी. इस आयोजन में मोहल्ले की लगभग 200 से अधिक महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हैं. यहां तक कि इस कमेटी में पूरी जिम्मेदारी महिलाएं ही संभाल रही हैं. बता दें कि कल्पनापुरी का दुर्गा पूजा पहले मंदिर में हुआ करता था, तब पुरुषों द्वारा पूजा का आयोजन किया जाता था. किसी कारणवश महिलाओं ने पूजा को अपने हाथ में लिया और अब मंदिर के बजाय पंडाल बनाकर और मूर्ति स्थापित कर पूजा हो रही है. इस वर्ष 25 महिलाओं की कमेटी बनाई गई है

**पंडाल में सुरक्षा गार्ड भी महिलाएं रहेंगी**

और कमेटी में करीब 200 महिला सदस्य सक्रिय हैं. कल्पनापुरी में महिलाएं ही रसीद लेकर घर-घर चंदा काट रही हैं. पंडाल में सुरक्षा गार्ड भी महिलाएं रहेंगी. पूजा कमेटी का कहना है कि ढोल बजाने वाली भी सभी महिलाएं ही रहेंगी. इस बार कमेटी में शामिल महिलाओं में मुख्य रूप से शांति सिंह, गीता देवी, रूपा झा, प्रियंका मंडल, रंजना मिश्र, पूनम ठाकुर, बीजू मिश्रा, किरण सिंह, श्वेता सिंह, वेंधाना तिवारी, मधुलिका सुमन, झरना साहू, संगीता तिवारी आदि महिलाएं शामिल हैं.

### मंईयां योजना के तहत राशि वितरण के मौके पर सीएम हेमंत बोले-

# बेटियों के जन्म से लेकर मृत्यु तक सरकार कुछ न कुछ जरूर देगी

विशेष संवाददाता। रांची



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों और महिलाओं के प्रति बहुत सजग है. अब तक कई योजनाएं चलायी गयी हैं. हमारी सरकार बेटियों के जन्म से लेकर मृत्यु तक कुछ न कुछ जरूर देगी. उन्होंने कहा कि हमलोग सरकार में आते ही जेपीएससी का परीक्षा करवाकर राज्य में 300 बीडीओ, सीओ, कलेक्टर हमलोगों ने बनवाएं हैं. अभी वह सेवा दे रहे हैं. आज शिक्षकों की नियुक्ति हमलोगों ने की, पंचायत सचिव की नियुक्ति हुई.

उन्होंने कहा कि पुरानी सरकार में पेंशन के लिए लोग दलालों के चक्कर में फंसे रहते थे. आज कोई भी ऐसा नहीं है जिसे पेंशन नहीं मिल रहा है. हमने बीडीओ ओर सीओ को साफ-साफ कह दिया कि अगर पेंशन कार्ड बनाने में दिक्कतें हुई तो आपकी नौकरी जाएगी. जब हम सरकार में आए तो खजाना को डबल इंजन सरकार ने साफ कर दिया था. हमने सोचा कि कैसे होगा काम. जब हिसाब-किताब लगाना शुरू किए तो पता चला कि हमारे माइनिंग की रॉयल्टी का 1 लाख 36 हजार करोड़ केंद्र के पास बकाया है. जब पैसा मांगना शुरू किया तो मुझे ही फंसाने के काम में ये लोग लग गए. अंतत. झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया.

**हेमंत का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता : कल्पना सोरेन** कार्यक्रम में सीएम हेमंत की पत्नी और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार की कहानी संघर्षों से भरा रहा है. हेमंत की ताकत झारखंडी जनता है और झारखंडी जनता से जुड़ाव है. सरकार गठन होते ही पहले महामारी आया फिर भाजपा वाले लोग साजिशें करना शुरू कर दिया. इतना ही नहीं झूठे केस में जेल तक भेज दिया. इसका जवाब जनता लोकसभा चुनाव में दे चुकी है. अब जो बचा है, उसका जवाब विधानसभा चुनाव में मिल जाएगा. चुनावी रणनीति तैयार हो चुकी है. हम विपक्ष की चुनौतियों का सामना करने को तैयार हैं. हेमंत सोरेन का कोई बाल भी बांका नहीं सकता है, क्योंकि झारखंडी जनता उनके साथ खड़ी है.

### हमारी सरकार ने रोटी-कपड़ा व मकान पर फोकस किया : डॉ रामेश्वर उरांव

वहीं, वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि किसी भी मनुष्य के लिए तीन चीज बहुत जरूरी है. रोटी, कपड़ा और मकान. हमारी सरकार ने इसी पर फोकस किया. सामाजिक सुरक्षा पर हमारी सरकार ने ध्यान दिया. देश की पहली सर्वजन पेंशन स्कीम हमारी सरकार ने लाने का काम किया. इसके बाद मां-बहनों और बेटियों के लिए मंईयां योजना, सावित्री फुले बाई योजना जैसी योजनाएं लायीं.

### हेमंत के पास सभी तरह की समस्याओं का समाधान है : सत्यानंद भोक्ता

श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कोई ऐसी समस्या नहीं जिसका समाधान सीएम के पास नहीं है. समस्या और उसका समाधान का नाम है हेमंत सोरेन. हमारी सरकार के फोकस में गांव और गरीब हैं. इसलिए हमारी सरकार ने इस दिशा में फोकस किया. इस मौके पर सांसद सुखदेव भगत, महुआ माजी, जिग्गा होरो, विकास मुंडा, राजेश कच्छप, नेहा शिल्पी तिर्की, भूषण तिर्की, सुबोधकांत सहाय, केशव महतो कमलेश, डीजीपी आदि मौजूद थे.

## राज्य सरकार रोजगार के प्रति गंभीर नहीं है : सुदेश महतो

प्रमुख संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- झारखंड के युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित
- अधिवक्ता आशुतोष वर्मा ने थामा पार्टी का दामन

सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी रोजगार के प्रति गंभीर नहीं रही. नए पदों का सृजन करने की बात तो दूर यह सरकार रिक्त पदों को भी नहीं भर पाई है. आज राज्य के युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं. वर्तमान राजनीतिक हालात ने राज्य की छवि को धूमिल की है, लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की हमारी तैयारी है. उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कहीं. मौके पर अधिवक्ता सह समाजसेवी आशुतोष वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

**सरकार की गलतियों के कारण युवाओं की जानें गई :** उत्पाद सिपाही बहाली में सरकार की बड़ी गलती की वजह से हमने अपने परिवार के 12 नौजवानों को खो दिया है. सरकार अपनी ही बनाई हुई नियमावली का बहाना बना कर अपनी जिम्मेदारियों से मुकर नहीं सकती है. इस बहाली में राज्य के लाखों युवा शामिल हो रहे हैं. यह उनकी मजबूरी है. सरकार ने रोजगार के अवसर न देकर युवाओं को ऐसा करने पर मजबूर कर दिया है. मुख्यमंत्री घटना होने के बाद मूल्यांकन कर रहे हैं, जबकि सरकार का दायित्व था कि ऐसी घटना ही न हो. बिना किसी तैयारी के सरकार ने यह दौड़ आयोजित की थी. अपने कार्यक्रम के लिए सरकार बच्चों की पढ़ाई बाधित कर रही है. यह सही नहीं है.

**अधिवक्ता आशुतोष वर्मा ने थामा आजसू का दामन :** मौके पर अधिवक्ता आशुतोष वर्मा ने आजसू का दामन थामा. सुदेश महतो ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों के विषय में बेहतर सोचने वाले लोगों की इस राज्य की आवश्यकता है. अच्छे विचार और निःस्वार्थ भाव से राज्य की सेवा करने की इच्छाशक्ति से ही बदलाव संभव है.आशुतोष के अनुभवों का लाभ पार्टी को मिलेगा. लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम करें. इसके लिए आजसू पार्टी आपको एक सशक्त मंच देगी.पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद आशुतोष वर्मा ने कहा कि आजसू के विचारों, सिद्धांतों के साथ ही सुदेश महतो की ईमानदारी, राज्य के लिए समर्पण और इनकी दूरदर्शिता ने हम सभी को प्रभावित किया है.

**अधिवक्ता के साथ इन्होंने ली पार्टी की सदस्यता :** विशाल अग्रवाल, खीताराम दास, ललित दास, अतिराज सिंह, शुभम, गौतम, प्रीतम, श्याम, मिथलेश, शुभम यादव, सौरव, अमिश, विक्की समेत अन्य युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय मंत्री और सांसद ने भाग लिया



संवाददाता। लातेहार

भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग तोखन साहू व सांसद कालीचरण सिंह ने भाग लिया. मौके पर संबोधित करते हुए तोखन साहू ने कहा कि जिले के लातेहार एवं मनिका विधानसभा चुनाव की तैयारी में हमें अभी से ही जुट जाना है और इन दोनो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा का परचम लहराना है. उन्होने आगामी 90 दिनों की एक कार्य योजना व रोडमैप बनाने की अपील की. हर धर्म व तबके के हर घर में जा कर संपर्क करने की अपील की. कहा कि गांवों में कंद्र सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देना आवश्यक है. उन्होने जनजातीय समाज के हर घर में जनसंपर्क करने की बात कही. भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पलामू प्रमंडल प्रभारी विकास प्रीतम ने कहा हम मंईया सम्मान योजना का सम्मान करते हैं लेकिन भाजपा शासित राज्यों में इससे भी अच्छी अच्छी योजनाएं चलायी जा रही हैं. चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई करते कहा कि जिस प्रकार लोकसभा चुनावों में 50 डिग्री तापमान में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने डट कर काम किया उसी प्रकार विधानसभा चुनावों में भी एकजुट हो कर काम करना है.

### पूर्व सांसद ने भाजपा को बताया महिलाओं की आर्थिक सशक्तीकरण का विरोधी

# महिलाओं को सम्मान मिलता देख बौखला गयी है भाजपा : डॉ अजय

- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से बौखला कर भाजपा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर करवाई

वरीय संवाददाता। जमशेदपुर

पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डा. अजय कुमार ने कहा कि भाजपा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण



की विरोधी है. उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को मिल रही प्रति माह एक हजार रुपये की सम्मान राशि से भाजपा बौखला गई है. इसलिए एक साजिश के तहत भाजपा ने इस योजना के खिलाफ रांची हाईकोर्ट में सिमडेगा निवासी विष्णु साहू के माध्यम से एक जनहित याचिका दायर करवाई है.

एक तरफ अर्जुन मुंडा गरीबों के घरों को उजाड़ने के लिए एनजीटी में शिकायत करते हैं, वहीं दूसरी और भाजपा मंईयां सम्मान योजना का विरोध कर रही है. इससे स्पष्ट है कि भाजपा को केवल सत्ता चाहिए उसे जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है.

अब प्रदेश की आधी आबादी (महिलाओं) को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना की सफलता से भाजपा बौखला गई है. इस योजना के विरोध में भाजपा के नेताओं द्वारा मीडिया में दिए गए बयान इस बात के प्रमाण हैं कि भाजपा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की विरोधी है. वह नहीं चाहती कि प्रदेश की आधी आबादी आर्थिक रूप से मजबूत हों. इस योजना की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महज 15 दिनों में 45 लाख महिलाओं ने अपना निबंधन कराया है और 42 लाख महिलाओं को यह राशि प्राप्त भी हो गई है. झारखंड निर्माण के 24 वर्ष में 13 साल से अधिक समय तक भाजपा ने शासन किया.

उसके बावजूद प्रदेश की महिलाओं की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ. हेमंत सरकार ने जब महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का बीड़ा उठाया है तो भाजपा इसको चुनावी मुद्दा बताकर इसका विरोध कर रही है. इतना ही नहीं इस योजना के खिलाफ रांची हाई कोर्ट में जनहित याचिका भी दर्ज करवाई है. यही भाजपा की महिला विरोधी होने के प्रमाण है.

## पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा गढ़वा

**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में बुधवार को जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (डीटीपीसी) के कार्यकारिणी निकाय एवं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई. डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिले के अधिसूचित पर्यटक स्थलों के विकास के लिए विचार विमर्श किया गया. बैठक में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के अन्य सदस्यों ने अपने-अपने प्रस्ताव व सुझाव दिया. बैठक में मुख्य रूप से प्राप्त योजना प्रस्ताव के तहत ब्रह्म स्थान लगमा खजूरी, राजा पहाड़ी शिव मंदिर एवं श्री बंशीधर नगर मंदिर तथा श्री बंशीधर नगर का सौन्दर्यकरण, गुरु सिंधु जलप्रपात, खोनहरनाथ मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर के पास छठ घाट, बीरबंधा खजूरी डैम, चटनियां डैम केतार, मथुरा बांध गढ़वा, सतबहिनी जलप्रपात, जिरुआ डैम, सुखलदरी जलप्रपात आदि के सौंदर्यीकरण एवं विकासात्मक कार्य के संबंध में विचार विमर्श किया गया. साथ ही राजा पहाड़ी शिव मंदिर आदि के संबध में प्रस्ताव दिया गया.

# शिक्षक के गोद में पलते हैं सृजन और संहार

**शिक्षक दिवस पर विशेष**



अभिमन्यु सिंह

**चतरा।** भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है. इसमें गुरु को ब्रह्मा ही नहीं परम ब्रह्म बताया गया है. इसका कारण भी स्पष्ट है. गुरुर ब्रह्मा, गुरुर विष्णु, गुरुर देवो महेश्वरा में सिमटे गुरु की महिमा अपरंपार है. गुरु की महत्ता मिट्टी के लोंधे सदृश स्कूल लाए गए बालक को शुभ संस्कार तथा समस्त मानवीय गुणों के सर्जक होने के नाते गुरु ब्रह्मा (सृष्टिकर्ता), जीविकोपार्जन हेतु क्षमता विकसित करने के कारण विष्णु (पालनकर्ता) तथा संस्कारों व अंतर्विकारों का समूल नाश करने के कारण महेश (संहारक) के रूप में व्यक्ति के जीवन में विद्यमान है. इस प्रकार ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों की सम्मिलित क्षमता ही श्रेष्ठ ब्रह्म है, और यह तीनों गुणों से संपन्न होने के कारण ही गुरु परम ब्रह्म हैं. गुरु मात्र गुरु ही नहीं वह बालक का माता-पिता मित्र और कुटुंब की भूमिका में भी होते हैं जहां स्नेह, मंगल, ज्ञान व विवेक की सरिता सदा प्रवाहित रहती है. साध्य और साधन के मध्य तालमेल बिठाता कठिन अध्यवसाय संपन्न करता गुरु श्रेष्ठ नागरिक तैयार करता है, तभी आज गुरु को दूसरे रूप में राष्ट्र निर्माता भी कहा जाता है.

भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन ने अपना करियर मद्रास रेजीडेंसी कॉलेज में शिक्षक के रूप में शुरू कर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी तथा आंध्र यूनिवर्सिटी में 40 वर्षों से अधिक समय तक अपने को यशस्वी अध्यापक के रूप में प्रतिष्ठापित किया. इस कृति से इनका चतुर्दिक यश फैला. हजारों छात्रों को योग्य नागरिक बनाया. जिसके फलस्वरूप प्रभावित उनके शिष्य व प्रशंसक उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की स्वीकृति हेतु निवेदन किया. इस प्रस्ताव से अहलादित श्री राधाकृष्णन ने कहा कि मेरे लिए इससे बड़ा कोई सम्मान की बात कुछ और नहीं हो सकती कि मेरा जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए. तब वर्ष 1958 से संपूर्ण भारतवर्ष में उनकी जन्मतिथि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाए जाने की परंपरा अनवरत जारी है. इस तिथि को कुशल शिक्षण क्षमता, शिक्षण से लगाव तथा प्यार, छात्रों को नैतिक गुणों के निर्माण में पटुता व राष्ट्र सेवा में समर्पण के लिए चयनित शिक्षकों को दिल्ली के विज्ञान भवन में देश के महामहिम राष्ट्रपति के कर कमलों से सम्मानित किए जाने की परंपरा है.

हमारा अतीत अत्यंत उज्जवल था. नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला और ओदंतपुरी जैसे प्रख्यात विश्वविद्यालय में देश देशांतर के छात्र पढ़ने आते थे. शिक्षक कभी साधारण नहीं होते, सृजन और संहार उनकी गोद में पलते हैं. एक योद्धा युद्ध जीत सकता है, लेकिन एक शिक्षक साधारण व्यक्ति को युद्ध जीतने के योग्य बनाने की क्षमता विकसित करता है. सरसों के दाना सदृश बीज में एक विशाल बरगद का वृक्ष की असीम संभावनाओं को पहचानने की कला शिक्षक में सन्निहित है.

### पटना साहिब गुरुद्वारा | नए महासचिव के चुनाव के लिए जिला जज से मांगा निर्देश

# इंद्रजीत की छुट्टी करेंगे जगजोत

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर



पटना हाईकोर्ट के आदेश पर 15 सितंबर को तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना साहिब प्रबंधन कमेटी की प्रस्तावित बैठक में नए महासचिव का चुनाव कराने के लिए पटना के जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश सह कस्टोडियन से निर्देश मांगा गया है. तख्त श्री हरमंदिर साहिब प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही ने लिखित रूप से जिला जज से इस आशय का आग्रह किया है. इससे साफ जाहिर हो गया है कि वह इस पद से महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह की छुट्टी करना चाहते हैं. जिला जज को लिखे गए पत्र में प्रधान ने उल्लेख किया है कि उनके निर्देश के बावजूद महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह कार्यकारिणी की बैठक बुलाने में टाल मटोल करते रहे हैं. अंतिम बैठक 8 फरवरी 2024 को हुई है. जबकि संविधान के मुताबिक हर दो महीने के अंतराल पर कार्यकारिणी की बैठक होनी चाहिए. वहीं प्रधान ने पटना जिला जज के पत्र का हवाला देते हुए बताया है कि 4 अगस्त 2023 की बैठक पूर्ण रूप से असंवैधानिक रही है और बैठक के फैसले को लागू नहीं किया जा सकता है. पटना हाई कोर्ट के आदेश के बाद ही महासचिव ने बैठक बुलाई है.

इधर, सरदार इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पटना हाई कोर्ट ने एजेंडा पहले ही तय कर दिया है और उससे बाहर जाने का सवाल नहीं पैदा होता है. इधर, राष्ट्रीय संयोजक कुलविंदर सिंह के अनुसार वर्तमान कमेटी का कार्यकाल खत्म हुए एक साल से ज्यादा हो गए हैं और अब चुनाव में किसी भी सूरत में देरी नहीं की जानी चाहिए. प्रधान और महासचिव पटना हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार चुनाव प्रक्रिया शुरू करें.

# चेतावनी से उभरते सवाल

भारत की अर्थव्यवस्था के उज्ज्वल भविष्य का दावा करते हुए भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने आखिरकार अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप को लेकर वह चेतावनी दी है, जिस पर अर्थ जगत में पहले से चिंता रही है. नागेश्वरन ने अर्थव्यवस्था के वित्तीयकरण में निहित खतरों को लेकर आगाह किया है. उन्होंने देश के वित्तीयकरण के जाल में फंसने की आशंका जताई है. जब शेयर बाजार का सकल पूंजी मूल्य जीडीपी के 140 प्रतिशत तक पहुंच गया हो, तो समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था किस मुकाम पर है. नागेश्वरन ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में हो रहे रिकॉर्ड मुनाफे से एक ऐसी परिघटना सामने आई है, जिस पर कड़ी नजर रखनी होगी. उनकी ये बातें खास गौरतलब हैः 'जब बाजार का आकार अर्थव्यवस्था से बड़ा हो जाता है, तब यह स्वाभाविक है कि बाजार के हित और उसकी प्राथमिकताएं सार्वजनिक विमर्श पर हावी हो जाती हैं, हालांकि ऐसा होना तार्किक रूप से जरूरी नहीं है. यहां मैं उस परिघटना का जिक्र कर रहा हूं, जिसे वित्तीयकरण अथवा नीति एवं सकल अर्थव्यवस्था के लाभों पर वित्तीय बाजार के वर्चस्व के रूप में जाना जाता है.' आर्थिक सलाहकार ने यह भी कहा कि नीति और वृहद आर्थिक परिणामों पर वित्तीय बाजार के प्रभुत्व की बात कर रहा हूं. "ऐसा होने पर क्या होता है, इसकी चर्चा भी मुख्य आर्थिक सलाहकार ने की है. उनके मुताबिक सार्वजनिक एवं निजी ऋण का अभूतपूर्व ऊंचा स्तर, जिसमें से कुछ ऋण विनियामकों को मालूम है और कुछ नहीं, परिसंपत्तियों की मूल्य वृद्धि पर आर्थिक वृद्धि का निर्भर हो जाना और उसके परिणामस्वरूप गैर-बराबरी में भारी बढ़ोतरी, ये वित्तीय वर्चस्व वाली अर्थव्यवस्था के परिणाम हैं. उन्होंने आगाह किया कि भारत को ऐसे परिणामों से बचने का प्रयास करना चाहिए. नागेश्वरन की ये बातें पूरी तरह सच के करीब हैं. अर्थव्यवस्था के यह रूप लेने के दुष्परिणाम आज कभी औद्योगिक शक्ति से दुनिया पर अपना दबदबा बनाने वाले विकसित देश भी झेल रहे हैं. मगर सवाल है कि मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है? आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं. क्या नागश्वेरन जिस सरकार से जुड़े हैं, उसमें ये दिशा बदलने का बौद्धिक साहस और माद्दा मौजूद है? दरअसल वास्तविक अर्थव्यवस्था की चर्चा कम ही होती है. इसका एक बड़ा कारण अरबपतियों में लगातार वृद्धि है और उसके बरक्श निम्न मध्यवर्ग की जिंदगी दुरूह होती जा रही है. हाल ही में एक आर्थिक एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि तेजी से उभरते अरबपतियों का भारत केंद्र बनता जा रहा है. दुनिया का अनुभव बताता है कि वास्तविक अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर संकेत नहीं है. नागेश्वर राव की बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत है, ताकि उन गलतियों को सुधारा जाए जो आम जन की जिंदगी की प्रगति में सहायक नहीं है. दरअसल भारत की जनता ने 2024 के चुनाव में अपने असंतोष का ही इजहार किया था. यह असंतोष असमान होते सामाजिक आर्थिक हालात को ले कर हैं.

> अर्थव्यवस्था के यह रूप लेने के दुष्परिणाम आज कभी औद्योगिक शक्ति से दुनिया पर अपना दबदबा बनाने वाले विकसित देश भी झेल रहे हैं. मगर सवाल है कि मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है?

## सुभाषित

**कलहान्तानि हर्म्याणि कुवाक्यानां च सौहृदम्।**
**कुराजान्तानि राष्ट्राणि कुकर्मान्तम् यशो नृणाम्।।**


झगड़े से परिवार टूट जाते हैं. गलत शब्द के प्रयोग करने से दोस्ती टूट जाती है. बुरे शासकों के कारण राष्ट्र का नाश होता है. बुरे काम करने से यश दूर भागता है.

# ट्रंप या हैरिस : इस बहस में क्यों उलझें?

**अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की परिघटना ऐसे ही ध्रुवीकरण का परिणाम है. ट्रंप ने नव-उदारवादी नीतियों के कारण अवसर गंवाने वाले समूहों तथा धार्मिक मान्यताओं एवं कंजरवेटिव उसूलों से प्रेरित जन समुदायों की व्यापक गोलबंदी करके अस्मिता की जवाबी राजनीति) खड़ी की है. समाज में मौजूद आक्रोश और असंतोष को अपने पक्ष में संगठित करने में वे सफल रहे हैं.**



• देश-काल



सत्येंद्र रंजन

यह घटनाक्रम विचित्र है. जबसे अमेरिका में 2024 का चुनाव-चक्र शुरू हुआ, जनमत सर्वेक्षणों में डोनाल्ड ट्रंप की बड़ी बढ़त बनी हुई थी. सीएनएन टीवी चैनल पर राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ उनकी बहस के बाद तो यह अंतर इतना बढ़ गया कि डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए उसे पाट पाना लगभग नामुमकिन दिखने लगा. इसे देखते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी बीच राह में उम्मीदवार बदलने को मजबूर हुई. पार्टी ऐस्टैबलिशमेंट ने बाइडेन को मैदान से हटने के लिए विवश किया और उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाया. उसके बाद जनमत सर्वेक्षणों और मीडिया कवरेज में चमत्कारिक बदलाव आया. अब चुनाव पूर्व अधिकांश सर्वेक्षणों में न सिर्फ हैरिस की बढ़त बनी हुई है, बल्कि यह बढ़ती ही जा रही है. सवाल वही चुनाव-पूर्व जनमत सर्वेक्षणों के सटीक होने का है. वैसे तो ऐसे सर्वेक्षणों के अनुमान पहले भी कभी-कभार गलत साबित हो जाते थे, लेकिन पिछले लगभग डेढ़ दशक में ऐसा होने के मामले तेजी से बढ़ते चले गए हैं. और यह सिर्फ अमेरिका की बात नहीं है. अभी तीन महीने पहले हमने अपने देश में इन सर्वेक्षणों की धज्जियां उड़ते देखीं. ऐसा क्यों हो रहा है, इस बारे में सर्वे के कारोबार से जुड़े लोगों ने कोई ठोस स्पष्टीकरण नहीं दिया है.

फिर भी हम कुछ अनुमान लगा सकते हैं. 1990 के दशक में अपनाई गई आर्थिक नीतियों को सार्वजनिक बहस से दूर रखने के मकसद से विभिन्न देशों में सामाजिक- सांस्कृतिक मुद्दों पर ध्रुवीकरण को सुविचारित रूप से बढ़ावा दिया गया. विकसित देशों में 2007-08 की मंदी के बाद ऐसे ध्रुवीकरण के लिए वस्तुगत परिस्थितियां गहरी होती चली गईं. ऐसे में किसी भी चुनावी लोकतंत्र वाले देश में सियासी समीकरण पहले जैसे (20वीं सदी के उत्तरार्द्ध की तरह) नहीं रह गए हैं. संभवतः सर्वे एजेंसियां अभी तक नए समीकरणों और मतदाताओं के नए मूड को भांपने के तरीके नहीं ढूंढ पाई हैं. अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की परिघटना ऐसे ही ध्रुवीकरण का परिणाम है. ट्रंप ने नव-उदारवादी नीतियों के कारण अवसर गंवाने वाले समूहों तथा धार्मिक मान्यताओं एवं कंजरवेटिव उसूलों से प्रेरित जन समुदायों की व्यापक गोलबंदी करके अस्मिता की जवाबी राजनीति) खड़ी की है. समाज में मौजूद आक्रोश और असंतोष को अपने पक्ष में संगठित करने में वे सफल रहे हैं.

इस रूप में वे समाज में पारपंरिक राजनीति के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हैं. उनके समर्थकों में अक्सर एक तरह का जुनून देखा जाता है. इस जुनून की व्यापकता में कितने लोग समाहित हो चुके हैं, इसका अनुमान लगाना पारंपरिक कौशल के बाहर की चीज हो गई है. इसी तरह उनके विरोधी मतदाताओं में ध्रुवीकरण का स्तर किस रूप में और किस रफ्तार से बढ़ा है, इसका अंदाजा लगाना भी आसान नहीं है. ऐसे ध्रुवीकरण का परिणाम 2022 के संसदीय और राज्य स्तरीय चुनावों में देखने को मिला था, जब डेमोक्रेटिक पार्टी को अनुमान से अधिक कामयाबी मिली. इसीलिए अभी जबकि मतदान में लगभग दो महीने बाकी हैं, ओपिनियन पोल्स के आधार पर चुनाव के बारे में लगाए जा रहे अनुमानों का आधार बहुत मजबूत नहीं है. खासकर यह देखते हुए कि 2022 के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थकों के बीच एक बड़ी फूट पड़ी है. फिलस्तीन के ग़ज़ा में इजराइल के नरसंहार को बाइडेन-हैरिस प्रशासन ने अंध समर्थन दिया है. इससे नाराज लोग जो बाइडेन को आज जिनोसाइड बाइडन कह कर पुकारना ज्यादा पसंद करते हैं.

युवा, अल्पसंख्यक, ब्लैक समुदाय आदि के लोगों में बाइडेन-हैरिस प्रशासन की नरसंहार समर्थक नीतियों से फैले आक्रोश का नज़ारा सड़कों पर, विश्वविद्यालय परिसरों आदि में खूब देखने को मिला है. पांच नवंबर को आने वाला चुनाव परिणाम काफी कुछ इससे तय होगा कि ये समूह अपनी वर्तमान भावना से प्रेरित बने रहते हैं या फिर ट्रंप को बड़ा खतरा मान कर अनिच्छा से डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट डालने की विवशता दिखाते हैं. हैरिस के लिए एक अन्य चिंताजनक पहलू महंगाई और बढ़ी ब्याज दरों से पिछले तीन साल में लोगों की बढ़ी आर्थिक मुसीबतें हैं. ये सारा विमर्श अमेरिका के लोगों के लिए महत्त्वपूर्ण है. यह अमेरिकी खेमे में शामिल देशों के लोगों के लिए भी अहम है. मुमकिन है कि ग्लोबल साउथ के शासकवर्गीय लिबरल और कंजरवेटिव समूहों को भी यह अहम मालूम पड़े. इसलिए कि पश्चिमी प्रचार तंत्र के प्रभाव में जीने वाले उनमें से बहुत से लोग- जो चुनावी लोकतंत्र को आदर्श मानते हैं- उन्हें हैरिस लिबरल-प्रोग्रेसिव और ट्रंप कंजरवेटिव-प्रतिक्रियावादी नजर आते हो सकते हैं. लेकिन हकीकत यह है कि अमेरिका के सत्ता तंत्र में ऐसा जो भी बंटवारा नज़र आता है, सुविचारित ढंग से तैयार किया गया एक भ्रमजाल है. कम-से-कम आज के दौर में तो यह बात सोलह आने सच है. इसलिए वैसे तो रह जगह कर, लेकिन कम-से-कम ग्लोबल साउथ के मेहनतकश तबकों और आम लोगों को अमेरिकी चुनाव को देखने के लिए अलग पैमाना अपनाने का जरूरत है. किसी खेल की तरह चुनावों में भी एक तरह का रोमांच मौजूद रहता है. चुनावी गणनाओं में अक्सर आम इनसान की दिलचस्पी बन जाती है. इस रूप में अमेरिकी चुनाव में भी दिलचस्पी स्वाभाविक है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## क्रोध के परिणाम

क्रोध ऐसी आग है, जो भड़क जाये तो पूरी दुनिया को अपना ग्रास बना लेता है. उसका एक ही गुणधर्म खुद जलना और दूसरों को जला कर भस्म कर देना. क्रोध को व्यक्त करने का सहज, स्वाभाविक तरीका आक्रामक तरीके से प्रतिक्रिया करना है. क्रोध खतरों के प्रति एक स्वाभाविक, अनुकूल प्रतिक्रिया है. यह शक्तिशाली, अक्सर आक्रामक, भावनाओं और व्यवहारों को प्रेरित करता है, जो हमें लड़ने और हमला होने पर खुद का बचाव करने की अनुमति देता है. इसलिए, हमारे अस्तित्व के लिए एक निश्चित मात्रा में क्रोध आवश्यक है. दूसरी ओर, हम हर उस व्यक्ति या वस्तु पर शारीरिक रूप से भड़क नहीं सकते जो हमें परेशान या गुस्सा दिलाती है; कानून, सामाजिक मानदंड और सामान्य ज्ञान इस बात की सीमाएं तय करते हैं कि हमारा गुस्सा हमें किस हद तक ले जा सकता है. क्रोध केवल और केवल संताप ही पैदा करता है. क्रोध, विनम्रता की लाश लांघ कर आता है. क्रोध सर्वप्रथम विवेक को नष्ट करता है क्योंकि विवेक ही क्रोध की राह का प्रमुख रोडा है. यहां तक कि क्रोधी व्यक्ति स्वयं का हित-अहित भी नहीं सोच पाता. क्रोध परस्पर सौहार्द को समाप्त कर देता है. यह प्रीति को नष्ट करता है और द्वेष भाव को प्रबल बना देता है. क्रोध के लगातार सेवन से स्वभाव ही असहिष्णु बन जाता है. इस प्रकार क्रोध, वैर की अविरत परम्परा का सर्जन करता है. क्रोध उद्वेग का जनक है. आवेश, आक्रोश एवं क्रोध निस्तार से स्वयं की मानसिक शान्ति भंग होती है, जिसके परिणाम स्वरूप तनाव के संग-संग, मानसिक विकृतियां भी पनपती हैं. क्रोध सदैव पश्चाताप पर समाप्त होता है. चाहे क्रोध के पक्ष में कितने भी सुविधाजनक तर्क रखे जाय, अन्ततः क्रोध घोर अविवेक ही साबित होता है. यह अप्रिय छवि का निर्माण करता है और अविश्वसनीय व्यक्तित्व बना देता है. अधिकांश, असंयत व्यक्ति अनभिज्ञ ही रहता है कि उसकी समस्त परेशानियों का कारण उसका अपना क्रोध है. जब मूल समझ में आता है सिवा पश्चाताप के कुछ भी शेष नहीं रहता. क्रोध को दबाया जा सकता है, और फिर परिवर्तित या पुनर्निर्देशित किया जा सकता है. ऐसा तब होता है जब आप अपने क्रोध को दबाते हैं, उसके बारे में सोचना बंद कर देते हैं, और किसी सकारात्मक चीज़ पर ध्यान केंद्रित करते हैं. इसका उद्देश्य आपके क्रोध को रोकना या दबाना और इसे अधिक रचनात्मक व्यवहार में बदलना है.

# केसी त्यागी के त्यागपत्र का निहितार्थ

• सियासत

अखिलेश अखिल

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया और झट से जदयू ने उसे स्वीकार भी कर लिया और लगे हाथ राजीव रंजन प्रसाद को केसी त्यागी की जगह बैठा भी दिया. यह सब इतनी जल्दबाजी में हुआ, मानो पहले से यह सब तैयारी कर ली गई थी. केसी त्यागी समाजवादी विचारधारा के अव्वल नेताओं में शुमार रहे हैं. मौजूदा राजनीति में अब बहुत कम लोग ही बचे हैं जो समाज और देश के बारे में सत्ता सरकार से भिन्न राय रखते हैं और समाज के अंतिम आदमी की बात करते हैं. देश की राजनीति में समाजवाद को ज़िंदा रखने वालों में जितने भी नेताओं की आप चर्चा कर लें, लेकिन ऐसे नेताओं की अंतिम कड़ी में आप केसी त्यागी के नाम को भुला नहीं सकते. त्यागी सबके रहे हैं. वे कभी कांग्रेस से भी सहमत रहे तो कभी बीजेपी से भी सहमत रहे. कभी वे कांग्रेस विरोधी भी रहे तो कभी वे बीजेपी के खिलाफ भी रहे, लेकिन समाजवादी राजनीति को कभी नहीं छोड़ा. लेकिन सबसे बड़ी बात तो यह है कि त्यागी चाहे जिसके साथ रहें या नहीं रहे, वे नीतीश कुमार के साथ तो खूब रहे. दिल्ली में रहकर नीतीश कुमार के आंख, कान बने रहे और सबसे बड़ी बात कि नीतीश कुमार केंद्र सरकार से लेकर इंडिया वालों को अगर कोई सन्देश देना चाहते थे तो उसे त्यागी जी अपने बयानों से पूरा करते रहे. त्यागी जी और नीतीश कुमार के इस बॉन्डिंग को बिहार के लोग भी जानते हैं और दिल्ली के राजनीतिक गलियारे के लोग भी जानते हैं. केसी त्यागी यूपी से आते हैं. गाजियाबाद से कई बार चुनाव भी लड़ चुके हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक सोच और समझ बिहार के लिए कुछ ज्यादा ही रही है. बिहार ने कई बड़े नेताओं को अपने यहां पनाह दी थी और उनकी राजनीति को आगे बढ़ाया था. नीतीश कुमार कभी जॉर्ज फर्नांडिस को भी बिहार में आगे बढ़ाते रहे और बिहार का बच्चा-बच्चा जॉर्ज की राजनीति का कायल रहा. त्यागी की राजनीति को आप उसी नजरिये से देख सकते हैं. सबसे बड़ी बात तो यह है कि केसी त्यागी जदयू से अलग नहीं हुए हैं. वे केवल प्रवक्ता के पद से बाहर निकले हैं. वे आज भी जदयू में हैं और शायद आगे भी नीतीश के साथ ही रहेंगे. लेकिन मजे की बात है कि अचानक त्यागी ने इस्तीफा का रास्ता क्यों अपनाया? राजनीतिक हलकों में कई तरह की बातें की जा रही हैं. उन बातों में कुछ सच्चाई भी है तो कुछ अनुमान भर है. राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बीजेपी के दबाव में केसी त्यागी को इस्तीफा देना पड़ा. ऐसा हो भी सकता है. त्यागी ने पिछले दिनों बिहार के चर्चित अखबार में एक लेख लिखा था जिसमें राहुल गांधी की मौजूदा राजनीति को ठीक माना था और उनकी जातीय आरक्षण से लेकर जातीय सर्वे को समय की मांग बताया था. कहने वाले कह रहे हैं कि बीजेपी के शीर्ष नेताओं को त्यागी का यह बयान पच नहीं पाया. सूत्रों की बात की जाए तो मोदी और शाह की तरफ से नीतीश पर यह दवाब डाला गया कि वे त्यागी के बयान से क्षुब्ध हैं और आगे गठबंधन चलने में परेशानी हो सकती है. आरसीपी सिंह, पवन वर्मा, प्रशांत किशोर के साथ क्या हुआ और क्यों हुआ यह पूरा देश जानता है. अब बिहार में भूमिहार समाज को लेकर जो बवाल मचा हुआ है और उसके केंद्र में मंत्री अशोक चौधरी फंसे हुए हैं, आने वाले समय में उनके साथ क्या होगा यह भी देखने की बात होगी. लेकिन ये तमाम बातें सिक्के का एक पहलू हैं. सिक्के का दूसरा पहलू बेहद खतरनाक भी हो सकता है. क्या बीजेपी त्यागी के हटने से खुश है? त्यागी के इस्तीफे के बाद बीजेपी के किसी बड़े नेता ने कोई बयान नहीं दिया है. बीजेपी अब पहले से ज्यादा सतर्क हो गई है. अब बीजेपी जदयू की राजनीति और नीतीश के पैंतरे को गंभीरता से देख रही है. बीजेपी को लग रहा है कि अब नीतीश कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं. संभव है कि वह एनडीए से बाहर निकल सकते हैं. नीतीश कुमार आगे क्या कुछ करते हैं इसको लेकर इंडिया के लोग भी सतर्क हैं. याद रखिये अभी चार राज्यों में चुनाव होने हैं. हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव की घोषणा हो चुकी है. इसी महीने के अंत में यहां चुनाव होने हैं. इसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं. हो सकता है कि इसी साल बिहार और दिल्ली का चुनाव भी हो जाए.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> दिल्ली में रहकर नीतीश कुमार के आंख, कान बने रहे और सबसे बड़ी बात कि नीतीश कुमार केंद्र सरकार से लेकर इंडिया वालों को अगर कोई सन्देश देना चाहते थे तो उसे त्यागी जी अपने बयानों से पूरा करते रहे. त्यागी जी और नीतीश कुमार के इस बॉन्डिंग को बिहार के लोग भी जानते हैं और दिल्ली के राजनीतिक गलियारे के लोग भी जानते हैं.

# अस्थिरता के बीच बांग्लादेश की बाढ़-आपदा

• देशांतर

रूना साहा

राजनीतिक अस्थिरता के बीच बंगलादेश बाढ़ की आपदा का शिकार है. प्राकृतिक आपदाएं किसी भी देश या समाज के लिए भयानक एवं हानिकारक होती हैं. यह आपदा लोगों के जीवन और अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाती है. बांग्लादेश अपनी भौगोलिक स्थिति, भूवैज्ञानिक संरचना और जनसंख्या घनत्व के कारण दुनिया के सबसे अधिक आपदाग्रस्त देशों में से एक है.बांग्लादेश में कमोबेश हर साल प्राकृतिक आपदाएं आती हैं. बाढ़ उनमें से एक है. विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 3.5 प्रतिशत भाग बाढ़ प्रवण क्षेत्र है. दूसरी ओर, दुनिया की कुल आबादी का लगभग 16.5 प्रतिशत हिस्सा बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में रहता है. बांग्लादेश में बाढ़ ने पहले भी खासकर 1966, 1988, 1998, 2004, 2008, 2017 और 2022 में कहर बरपाया है.अगस्त 2024 में, भारी बारिश और ऊपर से पानी आने से देश के पूर्वी हिस्से के बड़े इलाके जलमग्न हो गए. दस लाख परिवार जलमग्न हो गये और पीड़ितों की संख्या 56 लाख से अधिक है. कई विशेषज्ञों ने इसे स्मृति में विनाशकारी बाढ़ कहा है.

ग्रांथम रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन क्लाइमेट चेंज एंड द एनवायरनमेंट और सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज इकोनॉमिक्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में बाढ़ से हर साल बांग्लादेश का लगभग 55-60 प्रतिशत हिस्सा जलमग्न हो जाता है और एक अरब डॉलर के बराबर नुकसान होता है. उदाहरण के लिए, अनुमान है कि 2022 की बाढ़ से एक अरब डॉलर की क्षति हुई और 7.3 मिलियन लोग प्रभावित हुए. वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक में बांग्लादेश की स्थिति पहले से ही संतोषजनक स्तर पर नहीं है. ऊपर से बाढ़ के कारण खाद्य सुरक्षा को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. इस बाढ़ में धान की 2 लाख 91 हजार 33 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है. 19,680 हेक्टेयर अमन बीज क्यारियां विकसित की गईं, जो पूरी तरह से संक्रमित थीं. पिछले सीज़न के राष्ट्रीय औसत (बीबीएस पिछले सीज़न के उत्पादन औसत) के आधार पर, इस भूमि की मात्रा से कम से कम 841,234 मीट्रिक टन चावल का उत्पादन होने की उम्मीद है. कृषि विभाग का कहना है कि 12 जिलों के प्रभावित धान के खेतों में चावल का उत्पादन पूरी तरह से खराब हो सकता है. अर्थव्यवस्था पहले से ही महंगाई के दबाव में है. बाढ़ दीवार पर झटके की तरह है. व्यवसायियों का एक वर्ग आपदा की आशंका में वस्तुओं की कीमत बढ़ाकर कृत्रिम संकट पैदा करने का प्रयास करता है. बाढ़ नियंत्रण के साथ-साथ बाजार नियमन में कड़ी निगरानी एक बड़ी चुनौती है. 2024 में दो बाढ़ों के कारण सिलहट पर्यटन उद्योग ठप हो गया है. सिलहट होटल मोटल रिज़ॉर्ट ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा, नुकसान से निपटने में असमर्थ, कई लोग अब होटल बेचने और कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के बारे में सोच रहे हैं. कोरोना के कारण लंबी मंदी के बाद सेक्टर थोड़ा संभलने की कोशिश कर ही रहा था कि बाढ़ आ गई. इसके अलावा बाढ़ से प्रभावित हजारों शैक्षणिक संस्थानों के पुनर्निर्माण और मरम्मत से चालू वित्तीय वर्ष में शिक्षा क्षेत्र के विकास बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा. जैसे-जैसे परिवहन और संचार प्रणालियां बाधित होती हैं, आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होती हैं. आपूर्ति में कमी के कारण लगभग हर वस्तु की कीमतें बढ़ रही हैं. चटगांव में एक किलो कच्ची मिर्च की कीमत 1000 टका से भी ज्यादा हो गई है. चिड़ा, मुरी, बिस्कुट या सूखे भोजन की कमी के साथ-साथ कीमतें भी बढ़ गई हैं. अर्थव्यवस्था पहले से ही महंगाई के दबाव में है, बाढ़ दीवार पर झटके की तरह है. बाढ़ से निपटने के अलावा बाजार नियमन में कड़ी निगरानी भी एक बड़ी चुनौती है. बाढ़ के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर इतना बुरा असर पड़ने से लोगों की चिंता बढ़ गई है. बाढ़ से डायरिया, निमोनिया, बुखार, सर्दी, खांसी और त्वचा रोग होते हैं. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में साफ़ पानी की कमी गंभीर हो जाती है और जल-जनित बीमारियां फैलती हैं. पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल वितरण में व्यवधान स्वास्थ्य अर्थव्यवस्था में नए संकट पैदा कर सकता है. हाल ही में आई बाढ़ को सबसे भीषण आपदा माना जाता है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक में बांग्लादेश की स्थिति पहले से ही संतोषजनक स्तर पर नहीं है. ऊपर से बाढ़ के कारण खाद्य सुरक्षा को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. इस बाढ़ में धान की 2 लाख 91 हजार 33 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है. 19,680 हेक्टेयर अमन बीज क्यारियां विकसित की गईं, जो पूरी तरह से संक्रमित थीं.

## मीडिया में अन्यत्र

# समय पर न्याय के लिए ठोस प्रयास जरूरी

**भारतीय** सर्वोच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है. संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिए बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए. लेकिन पिछले दिनों न्यायिक बिरादरी के विभिन्न आयोजनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है. सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है. उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिए बड़ी चुनौती है. इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था, ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके. निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं. लेकिन यहां विचारणीय प्रश्न यह भी कि जिला स्तर पर न्यायालयों में लंबित मामलों का ग्राफ लगातार क्यों बढ़ता जा रहा है. जिला अदालतों में साढ़े चार करोड़ मामलों का लंबित होना हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए. जिसके लिए न्यायिक प्रकिया से जुड़े कामकाज की समीक्षा होनी जरूरी है. वहीं दूसरी ओर विभिन्न मुख्य न्यायाधीशों ने बार-बार निचली अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा भी उठाया है. जाहिरा तौर पर संसाधनों की कमी भी न्यायिक प्रक्रिया की गति को प्रभावित करती है. दरअसल, कुछ समाजशास्त्री मानते रहे हैं कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की वजह वह जटिल व्यवस्था भी है, जिसके चलते अपराधी बच निकलने का रास्ता निकाल लेते हैं. किसी भी वारदात के बाद आम विमर्श का विषय होता है कि अपराधियों में पुलिस व कानून का भय नहीं रह गया है. कुछ लोग मानते हैं कि सख्त कानून के साथ ही त्वरित न्याय भी अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना पाएगा.



**(द ट्रिब्यून)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### राग/लय/ताल

**अधरों** में राग अमंद पिये, अलकों में मलयज बंद किये, तू अबतक सोयी है आली, आंखों में भरी विहाग री. बीती विभावरी जाग री. ये महाकवि जयशंकर प्रसाद द्वारा विरचित पंक्तियां हैं, जिसमें नायक अपनी निद्रामग्न प्रेयसी के सौंदर्य पर मुग्ध हो रहा है. प्रेयसी ने अपने अधरों पर अमंद राग का पान कर लिया है और अलकों में मलय पवन को बंद कर रखा है, जो आंखों में विहाग भर कर अभी तक सो रही है. विहाग श्रृंगार रस प्रधान राग है और रात्रि के दूसरे प्रहर में गाया जाता है. राग अनेकार्थक शब्द है और उनमें से एक ही अर्थ है, जिसका संबंध संगीत से होता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार राग संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है किसी खास धुन में बैठाये स्वर का ढांचा. इसी अर्थ का विस्तार संगीत शास्त्र में मिलता है. राग के अन्य अर्थों में प्रेम, अनुराग, महावर, मोह, ईर्ष्या भी होता है. राग का विलोमार्थक शब्द द्वेष होता है. यानी दोस्ती का उल्टा दुश्मनी. राग से बने इस मुहावरे को देखिए. अपना राग अलापना. मतलब अपनी ही बात कहते जाना. न किसी से राग और न किसी से द्वेष यानी ना काहू से दोस्ती, ना काहू से वैर. राग से अनेक शब्दों की व्युत्पत्ति होती है. जैसे राग-चूर्ण मतलब कामदेव, लाख, खैर का पेड़. राग-रंग मतलब गाना-बजाना, आनंद मंगल. अर्थ के मामले में लय का भी बहुत हद तक राग का ही हाल है. यानी लय का एक अर्थ गाने की धुन की गति और उतार-चढ़ाव, गायन शैली और स्वर है. इसके अलावा लय का मतलब इस प्रकार है एक वस्तु का दूसरी में समा जाना, विलय, मिलकर एक हो जाना, ध्यानमग्नता, एकाग्रता, स्थिरता. ताल भी तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब करतल ध्वनि, वाद्ययंत्रों से निकलने वाली लयबद्ध ध्वनि, गायन, वादन और नर्तन में निश्चित मात्राएं. इसके साथ ही ताल का मतलब तालाब या ताड़ का वृक्ष भी होता है.

# डेंगू-प्रसारी मच्छर सुंदरी से मधुर मिलन


• तीर-तुक्का

डॉ. रामवृक्ष सिंह

एक दिन डेंगू फैलाने वाली मच्छर सुंदरी दिन-दहाड़े हमारे आस-पास मंडराने और मध्यम सुर में गुनगुनाने लगी. उसकी नीयत हमें कुछ अच्छी नहीं लगी. हमने रोककर पूछा- 'क्या बात है बेन? आज बड़े चक्कर काट रही हो. आखिर इरादा क्या है?' मच्छर सुंदरी बिहारी की प्रगल्भा नायिका की तरह बड़ी घाघ निकली. चहक कर बोली-'इधर खूब खाया-पिया है आपने. जिम-विम जाकर खूब मसल्स भी बना लिए हैं. त्योहारों के मौसम में हीमोग्लोबीन काउंट भी मस्त हो गया है आपका. इसलिए सोचती हूं कि थोड़ा-सा खून पी लिया जाए. सच्ची, मजा आ जाएगा.' हमें काटो तो खून नहीं. मोटी आय वालों से सरकार भी मोटी दर पर आय-कर वसूलती है. राजनीतिक पार्टियों वाले मोटे सेठों से मोटा चंदा वसूल ले जाते हैं. अब ये मादा डेंगू मच्छर भी मोटे-ताजे लोगों को पहचानने लगी है. साफ पानी में रहती है. दिन-दहाड़े बींधती है और खाते-पीते आदमी को अपना शिकार बनाती है. ये तो हद्द हो गई. हमने मच्छर सुंदरी को बतरस में डुबाकर बरगलाने की कोशिश की- 'अरे बेन! इस गरीब के पास तुम्हें क्या मिलेगा! हिन्दी की सेवा करता है. रूखी-सूखी खाता है और अपनी मस्ती में रहता है. इस फूले हुए शरीर पर मत जाओ. ये तो सब हमारी मां का चमत्कार है, जिसने पांच साल का होने तक हमें अपना दूध पिलाया और उसके बाद बकरी और भैंस का दूध पिला-पिला कर हमें इतना मोटा-ताजा बना दिया. सच कहें तो हमारे खून में वो शिफा नहीं, जिसकी तुम्हें तलाश है.' मच्छर सुंदरी ने बड़ी शरारत से हमें देखा. उसको सहसा हमारी बात पर यकीन नहीं आया. फिर भी, वह थोड़ी देर के लिए थमी और भिनभिनाते हुए बोली- 'मैंने देश के बड़े-बड़े लोगों का खून पीकर देख लिया है. सबकी रगों का खून काला हो चुका है. और जिनका काला नहीं हुआ, उनका सफेद हो गया है.' हमें लगा कि मच्छर सुंदरी हमें मुहावरे सुनाकर लुभाना-रिझाना चाहती है. लेकिन इन मुहावरों के चक्कर में ही तो हमें हिन्दी से प्रेम हो गया और प्रेम-प्रेम में बहुत दूर चले आए तो पेट पालने के लिए झक मारकर हिन्दी अधिकारी बनना पड़ा. लिहाजा हमने उसे सच्ची बात समझाने की कोशिश की- 'अरे बेन, बात को समझा करो. उनका खून चाहे काला हो या सफेद. उसमें प्लेटलेट्स खूब सारे हैं. वे लोग खूब गिजा खाते हैं. चैन से एसी में रहते हैं.



**शिक्षक दिवस विशेष**




डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद


*अगर आप सोचते हैं कि सभी शिक्षक एक जैसे होते हैं, तो जनाब, आप गलत हैं. स्कूलों में ऐसे-ऐसे अनमोल रत्न (शिक्षक) होते हैं, जिनकी विशेषताएं सुनकर आप दंग रह जाएंगे. आइए, शिक्षकों की मजेदार दुनिया में कदम रखते हैं, और इनके अद्भुत गुणों से रूबरू होते हैं*

**मूल मंत्र :** तो देखा आपने, शिक्षक भी कितनी वेराइटी के होते हैं। यही शिक्षक तो हमारे जीवन के सफर को यादगार बनाते हैं. शिक्षक चाहे जैसे हों, उन्हें सम्मान देना हमारा फर्ज बनता है. शिक्षक का सम्मान करना स्वयं का सम्मान करना है, क्योंकि शिक्षक ही हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं. जॉन उडेन का कहना है – शिक्षण का पेशा हमारे समाज की नींव को मजबूत बनाने वाला स्तंभ है. एक शिक्षक अपने ज्ञान और मूल्यों के बीज से भविष्य की पीढ़ियों का निर्माण करता है. इसलिए, समाज के विकास और सुधार में शिक्षकों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है.



# शिक्षकों की मजेदार दुनिया

1. **जोशीले शिक्षक** – इन्हें पढ़ाने में मजा आता है. पूरे जोश से पढ़ाते हैं, चाहे पहला पीरियड हो या अंतिम पीरियड. इनके पास ऐसे-ऐसे इनोवेटिव आइडियाज होते हैं कि छात्रों को कभी बोरियत का अहसास नहीं होता. इनकी क्लास में वक्त कब बीत जाता है, पता ही नहीं चलता. छात्र इनकी क्लास करने के लिए आतुर रहते हैं. और हां, इनका समझाने का तरीका गजब का होता है. कठिन से कठिन लेसन को बहुत आसानी से समझा देते हैं. आश्चर्य की बात नहीं कि ये छात्रों में काफी लोकप्रिय होते हैं.

2. **पारंपरिक शिक्षक** - ये शिक्षक दिखने में बिल्कुल वैसे लगते हैं, जैसे किसी पुराने हिंदी फिल्म के क्लासिक 'मास्टरजी'. उनकी तीन शर्ट और तीन पैंट का चक्र कभी नहीं टूटता, और जूते या चप्पल की बात करें, तो वह भी हमेशा वही होते हैं. महिला शिक्षकों के मामले में, थोड़े-बहुत सिंपल मेकअप के साथ यह स्पष्ट हो जाता है कि सादगी ही उनका मूल मंत्र है. इनको देखकर दिल में अपने आप आदर उमड़ आता है, लेकिन अफसोस, ये अपने शिक्षण शैली में थोड़ा भी बदलाव नहीं लाते. घिसे-पिटे तरीके से पढ़ाते हैं, जिन्हें समझना है, समझे, नहीं समझना है, मत समझे, अपनी बला से.

3. **हरफनमौला और सक्रिय शिक्षक** - ये शिक्षक ऐसे हैं, जिन्हें देखकर अपने आप जुबान कह उठता है - वाह क्या बात है. ये मल्टी-टैलेंटेड होते हैं. ये गा सकते हैं, नाच सकते हैं, और स्कूल के हर कार्यक्रम में लीड लेते हैं - चाहे वह एजुकेशनल हो या कल्चरल. स्कूल टीम को पूरी जिम्मेदारी के साथ बाहर लेकर जाते हैं. यदि स्कूल का कोई दौरा हो, तो ये अपने स्कूल के साथ जाते हैं और छात्रों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं. स्कूल का कोई भी फंक्शन हो, इनके बिना अधूरा है. इन्हें देखकर लगता है कि ये शिक्षक नहीं, बल्कि मंच के सुपरस्टार हैं. प्रबंधन भी इनकी तारीफों के पुल बांधता है, जैसे ये स्कूल की शान हों.

4. **डींग हांकने वाले शिक्षक** - "अरे, मैंने पता नहीं कितने इंजीनियर, डॉक्टर, आइएएस बना डाले हैं, मैंने बड़े-बड़े सेलेब्रिटीज को पढ़ाया है!" ऐसे वाक्य इनके मुंह से सुनना आम बात है. इन्हें अपनी तारीफ करने का ऐसा शौक है कि छात्रों को पढ़ाने के बजाय ये खुद के गुण गाने में व्यस्त रहते हैं. ये ऐसा शो ऑफ करते हैं कि इन्हें सबकुछ आता है. सभी इनकी फेंकू प्रवृति से वाकिफ रहते हैं इसलिए कोई इनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता, और इसका इन्हें बड़ा मलाल रहता है.



**स्टाइलिश शिक्षक**

अब आते हैं उन शिक्षकों पर जो फैशन के मामले में किसी मॉडल से कम नहीं होते. ये शिक्षक जब क्लास में आते हैं, तो छात्रों का ध्यान इनके पढ़ाने से ज्यादा इनके कपड़ों और स्टाइल पर होता है. उनके पास नए-नए कपड़े, शानदार जूते और मॉडर्न हेयरस्टाइल होते हैं. लड़के हों या लड़कियां, इनकी स्टाइल पर फिदा रहते हैं. इनके चलते बच्चों को भी स्टाइलिश बनने की प्रेरण मिलती है. जब ये पढ़ाने से ज्यादा फैशन पर ध्यान देते हैं, तब बच्चे इनका उपनाम देने से नहीं चूकते.

5. **हिटलर शिक्षक** - इनकी कक्षा में घुसते ही छात्रों की धड़कनें तेज हो जाती हैं और चेहरे का रंग उड़ जाता है. ऊंची आवाज में डांटना, क्लास के बाहर खड़ा देना-इनका फेवरिट काम होता है. 'बिहैव योरसेल्फ' और इस तरह के चंद वाक्य इनके फेवरेट डायलॉग होते हैं. छात्रों को ऐसा लगता है कि ये शिक्षक नहीं, बल्कि किसी आर्मी के कर्नल हैं. लेकिन सच कहा जाए, तो इनका अनुशासन भविष्य में बड़ा काम आता है, और जीवन को सफल बनाता है.

6. **बोरिंग शिक्षक** - एक तो इनका व्यक्तित्व ही बहुत कमजोर होता है, दूसरे पढ़ाने के प्रति भी ये उतने ही उदासीन रहते हैं. इनकी क्लास में खूब हल्ला होता है, जिसे ये कंट्रोल नहीं कर पाते. इनके पढ़ाने का तरीका ऐसा होता है कि घड़ी की सुइयां भी थक जाती हैं. इनके बोलने का लहजा और रफ्तार इतनी धीमी होती है कि छात्रों का ध्यान कब सपना देखने में लग जाता है, पता ही नहीं चलता. इनकी क्लास में जागते रहना किसी तपस्या से कम नहीं.

7. **गंदी मछली** - अब आते हैं उस प्रजाति पर, जो स्कूल के पूरे वातावरण को दूषित करते हैं. इनका काम होता है छात्रों को भड़काना, संगठन की बुराई करना, और प्रिंसिपल से बहस करना. ये स्कूल का माहौल खराब करने में पूरी तरह माहिर होते हैं, और छात्रों को भी अपने राजनीतिक खेल में उलझा कर रखते हैं. इतना ही नहीं कुछ शिक्षक पान-गुटखा खाने के आदी होते हैं और अक्सर क्लास में गुटखा खाकर पहुंच जाते हैं.

8. **चापलूस शिक्षक** - ये वो लोग हैं, जो अपने जीवन का मकसद ही चापलूसी मानते हैं. प्रिंसिपल और संगठन की चापलूसी में ये इतने व्यस्त रहते हैं कि शिक्षा तो कहीं पीछे छूट जाती है. इनकी खासियत यह है कि ये जासूस की तरह स्कूल में घूमते रहते हैं, और हर किसी की खबर रखते हैं.

9. **गार्जियन शिक्षक** - ये शिक्षक छात्रों को अपने बच्चों की तरह मानते हैं. वे उन्हें बेटा-बेटी कहकर पुकारते हैं और उनकी भलाई के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं. छात्रों की व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने में भी ये शिक्षक आगे रहते हैं. ये छात्रों की हर छोटी-बड़ी समस्या पर ध्यान देते हैं और उन्हें सही मार्ग दिखाते हैं. इन्हें छात्रों से बहुत लगाव होता है और छात्र भी इनके लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार रहते हैं.

10. **टेक्नो गुरु** - ये शिक्षक आधुनिक युग के प्रतिनिधि हैं. लैपटॉप, प्रोजेक्टर, स्मार्ट बोर्ड का सही उपयोग यही लोग करते हैं. ये हर तरह के टेक्नीकल काम में एक्सपर्ट रहते हैं. लैपटॉप काम नहीं कर रहा, प्रोजेक्टर में कोई प्रॉब्लेम आ गया हो, स्मार्ट बोर्ड में कुछ समझ में नहीं आ रहा - तो इनकी खोज आरंभ हो जाती है. फिलहाल स्कूल में सबसे ज्यादा डिमांड में यही शिक्षक हैं. इनकी क्लास में ऐसा लगता है जैसे आप किसी साइंस फिक्शन फिल्म के सेट पर हैं. गूगल और विकिपीडिया इनके सबसे अच्छे दोस्त होते हैं, और ये हर सवाल का जवाब एक शानदार पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए देते हैं. इनके साथ पढ़ाई करना मतलब है कि आप न सिर्फ किताबों से, बल्कि तकनीक की दुनिया से भी जुड़ रहे हैं. ये शिक्षक आपके भविष्य को संवारने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं.

# ...और इस तरह गुरु जी ने बदल दी जिंदगानी

**जिंदगी में कुछ मोड़ ऐसे आते हैं जहां से आगे का रास्ता नहीं सूझता. तब कभी कभी शायद पूर्वकृत कर्मों के परिणाम से किसी ऐसे गुरु से मुलाकात होती है जो लाइफ में यू टर्न ले आते हैं. आज ऐसे ही गुरुओं से मुलाकात और उनके कारण जिंदगी में आए बदलाव की चर्चा कर रही हैं अलग-अलग क्षेत्र में मुकाम बना चुकी कुछ शख्सियत...**

## बिना फीस के दिया ज्ञान



किशन कुमार, नर्तक
(गुरु सिमर प्रीत सोखी के साथ)

तब मैं दिल्ली में आईएएस की तैयारी कर रहा था. नृत्य में रुचि थी, पर तय था कि नृत्य सीखने के लिए घर से पैसा नहीं मिलेगा. उन्हीं दिनों में मैं इंस्टाग्राम पर ही गुरु जी सिमर प्रीत सोखी जी से भेंट हुई. मैंने नृत्य सीखने की अपनी ख्वाहिश बताई. साथ ही निवेदन भी किया कि मैं पैसा तो नहीं दे पाउंगा. तब गुरु जी ने कहा कि फीस नहीं दोगे तो कला की कद्र नहीं करोगे. मैंने कहा कि मैं डांस सीखने में जी जान लगा दूंगा, पर पैसे देने में असमर्थ हूं.

पता नहीं मेरी बातों पर भरोसा हुआ या क्या, पहली क्लास उन्होंने ऑनलाइन ली जिसमें मुझे शरीक होने का मौका दिया. उसके बाद लगातार शिक्षा दी. आज उनकी बदौलत नृत्य के फील्ड में ही मैं अपनी पहचान बना रहा हूं और यही मेरी आजीविका है. लेकिन आज तक गुरुजी ने मुझसे एक पैसा बतौर फीस नहीं लिया. गुरुजी से मिल कर ही जान पाया कि पैसा से हर चीज नहीं तौली जा सकती, पैसा सब कुछ नहीं है.

## गुरु जी की बदौलत आज आत्मनिर्भर हूं



सच्चिदानंद तिवारी
एडवोकेट



मनीषा रानी
एडवोकेट

उन दिनों व्यक्तिगत जिंदगी से जुड़े किसी मुकदमे में लगी थी. जिंदगी से हताश थी जब न पैसे पास थे और न परिजनों का सहयोग. जिंदगी जीने की चाहत शेष नहीं बची थी. उस वक्त मुकदमे में मदद के लिए ही महिला समिति गई थी जहां अपने गुरु एडवोकेट सच्चिदानंद तिवारी की धर्मपत्नी से मुलाकात हुई. जब उन्होंने मेरी समस्या सुनी तो अपने पति से मिलने की सलाह दी. मैं उनसे मिली और उसके बाद यकीन मानिए मेरी जिंदगी बदल गई.

जब सर के पास बैठी तो उन्होंने मेरा आत्मविश्वास जगाया, मुझे मेरी शिक्षा पूरी करने के लिए प्रोत्साहित किया. मैं अपना मुकदमा तब लड़ना नहीं चाहती थी और कोर्ट से बाहर समझौता करना चाहती थी. सर ने कहा कि तुम मुकदमा को अपने गति चलने दो, जब समय होगा, समझौते की बात भी करेंगे, पर पहले तुम खुद को संभालो. लोगों की निगेटिव बातों को अपनी ताकत बनाओ. अपनी शिक्षा, अपने संस्कारर और पारिवारिक वैल्यू पर भरोसा करो. करियर बनाओ, क्योंकि पैसा कमाना तुम्हारे लिए जरूरी है. उन्होंने अपने ही ऑफिस में मुझे काम दिलाया, कमाने के अवसर दिलाए. कभी उन्होंने या उनके परिवार ने ऑफिस के कनिष्ठ की तरह नहीं देखा मुझे, बल्कि परिवार की बेटी का सम्मान-प्यार दिया. मेरे सुख-दुख, छोटी-बड़ी बातों में मेरे सहयोगी रहे. परिवार से मेरा जुड़ाव बढ़ाया. आज तक कभी वे किसी के गारेन्टर नहीं रहे थे, पर मेरे लिए बैंक के गारन्टर बने और मुझे लोन पर स्कूटी दिलवाई. इतना ही नहीं, उन्होंने खुद मुझे स्कूटी चलानी भी सिखाई. कहा, आत्मनिर्भरता के लिए यह जरूरी है. इस तरह आज यदि मैं ससम्मान जिंदगी जी रही हूं, अपने पांवों पर खड़ी हूं तो इसमें मेरे गुरुजी का ही योगदान है.

## बात नहीं मानने का ताउम्र रहेगा पछतावा



वीना श्रीवास्तव
साहित्यकार

गुरु को सिर राखिये, चलिये आज्ञा माहिं कहैं कबीर ता दास को, तीन लोकों भय नाहिं' गुरु हमारे जीवन का वो दीप है, जो हर कदम पर हमारी राहों में व्याप्त अंधकार को दूर भगाता है. इसीलिए उसकी सीख और सुझावों को सिर-माथे रखना चाहिए. बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे बेहतरीन गुरु मिले. हां, दो बार दो गुरुओं की बात न मानकर जो नुकसान जीवन में हुआ, उसका पछतावा हमेशा रहेगा. पहली बार जब मैं मुरादाबाद में 'गोकुलदास गर्ल्स कॉलेज' में पढ़ती थी. ग्रेजुएशन में मैंने संगीत गायन लिया था. हाईएस्ट मार्क्स आए थे. मैं आदरणीय डॉ. कमलेश मैम की डार्लिंग स्टूडेंट थी. यही खिताब मिला था मुझे. मैम के प्रयास से सिंगिंग में नए टेलेंट की तलाश में रेडियो स्टेशन से टीम आई, ऑडिशन हुआ जिसमें मेरा सिलेक्शन हो गया. कई कार्यक्रमों की रिकार्डिंग हुई. मास्टर्स के बाद मैम ने कहा तुम्हारी आवाज, रेंज और समझ अच्छी है, तुम इसमें अपना करियर बनाओ. मैंने बात कर ली है और मुझे फुल फ्लैज्ड आर्टिस्ट के रूप में ज्वाइन करने को कहा. लेकिन उस समय मुझे सिविल सर्विसेज का भूत सवार हुआ कि सब छोड़कर मैं उसमें लग गई, प्री. तीन बार निकाला. इंटरव्यू भी दिया. फाइनल लिस्ट में छह न. से रह गई.

दूसरा दुख डॉ. पी.एन. टंडन सर की बात न मानने का है. जॉब के साथ हिंदी में एम.ए. किया. शादी के बाद दिल्ली आ गई थी, इसलिए रेगुलर पीएचडी करना मुश्किल था. उन्होंने कानपुर विवि में बात कर ली. वहां से पीएचडी करने के लिए कहा. लेकिन मैं नहीं कर सकी. जिसका आजतक पछतावा है.


# शिक्षकों को ग्रेड या उपनाम देना कितना सही?

**शिक्षक तो हमेशा छात्रों को ग्रेड देते हैं, पर क्या हो जब शिक्षक को छात्र ग्रेड दें. वहीं कई बार पीठ पीछे ही सही शिक्षकों को कुछ मजाकिया नाम भी दे दिया जाता है. कितना सही है शिक्षकों की ग्रेडिंग या उन्हें उपनाम देना, जब पूछा हमने ये सवाल तो सामने आए ये जवाब...**

## पूछे गए सवाल

**प्रश्न 1 : क्या शिक्षकों को मजाकिया या अजीब सा नाम देना सही है?**


**प्रश्न 2 : क्या हर छह महीने या एक साल में शिक्षकों को उनके पढ़ाने पर छात्रों द्वारा ग्रेड दिया जाना चाहिए?**



**अरिशा परवीन**
बीबीए, सेमेस्टर 2

1. मेरे हिसाब से शिक्षकों को अजीब नाम देना सही नहीं है क्योंकि वे हमारे गुरु हैं, हमारे मित्र नहीं. अगर हम उन्हें अजीब नाम देते हैं, तो यह उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा है. हमें उनका उपहास करने का कोई अधिकार नहीं है.

2. मेरे विचार से छात्रों को शिक्षकों को ग्रेड नहीं देना चाहिए क्योंकि हर शिक्षक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देता है. शिक्षक अपने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य देने के लिए मोमबत्ती की तरह जलते हैं. चाहे छात्र कितनी भी ऊंचाई पर पहुंच जाएं, शिक्षकों का स्थान उनसे ऊंचा होता है.



**आकृति कुमारी सिंह**
शिक्षिका


1. शिक्षक को उपनाम से पुकारना उचित नहीं है. ऐसा करने से उनका स्वाभिमान आहत होता है. यह उनके द्वारा दी गई शिक्षा और आदर्श का अपमान करने जैसा है. यह हमारे स्वयं की शिक्षा और व्यवहार पर भी सवाल खड़े करता है.

2. हर शिक्षक के पढ़ाने का तरीका अलग होता है. अगर आप उन्हें ग्रेड देते हैं, तो इसका मतलब है कि आप उनकी शिक्षा का मूल्यांकन कर रहे हैं, जो उचित नहीं है. हमें उनकी शिक्षा पर भरोसा करना चाहिए और उन्हें वह सम्मान देना चाहिए जिसके वे हकदार हैं.



**सुहानी कुमारी**
उर्सुलाइन इंटरमीडिएट कॉलेज, रांची (आर्ट्स स्ट्रीम)

छात्रों को शिक्षकों को ग्रेड जरूर देना चाहिए. इससे कक्षा का माहौल सीखने के लिए अनुकूल बनता है और उन शिक्षकों की पहचान हो सकती है जो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं. उन्हें अपने पढ़ाने के तरीके में सुधार करने का मौका मिलेगा.



**साइमन जैसवाल**
सेंट फ्रांसिस स्कूल
12वीं पास

शिक्षकों को मजाकिया उपनाम देना बिल्कुल भी अच्छी आदत नहीं है. यह हमारी परवरिश और हमारे द्वारा पले-बढ़े माहौल को भी दर्शाता है. शिक्षकों को उनकी पढ़ाने, शिक्षा देने और जीवन के सबक सिखाने के बदले में सम्मान मिलना चाहिए.

2. हां, छात्रों को शिक्षकों को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए हर साल उन्हें ग्रेड देना चाहिए. शिक्षक बहुत विद्वान होते हैं, लेकिन कभी-कभी उनके समझाने का तरीका सही नहीं होता. बहुत से छात्रों को उनका पढ़ाया समझ में नहीं आता. ग्रेडिंग और फीडबैक से शिक्षकों को अपनी कमजोरी का पता चल सकता है.



**अभिलाषा मिश्रा**
डिप्लोमा, सिविल

1. शिक्षकों को अजीब नाम देना सम्मानजनक नहीं है. शिक्षकों को छात्रों का मार्गदर्शन करने की उनकी भूमिका के लिए सम्मान मिलना चाहिए. किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना बहुत बुरी बात है. शिक्षकों के प्रति सम्मानजनक रवैया रखना जरूरी है.


2. छात्र शिक्षकों को सालाना ग्रेड दे सकते हैं, जिससे शिक्षकों को सुधार के लिए मूल्यवान प्रतिक्रिया मिल सकती है. यह उन्हें अपनी शिक्षण पद्धति में सुधार करने का अवसर भी देगा और उन्हें अपने टीचिंग स्किल को इम्प्रूव करने का दबाव बनाएगा.



**शांति मिश्रा**
गृहिणी

1. हमें शिक्षकों को अजीब नाम नहीं देना चाहिए क्योंकि शिक्षक बहुत सम्मानित व्यक्ति होते हैं. वे हमें ज्ञान और शिष्टाचार सिखाते हैं, हमारे करियर को बनाने में सहायक होते हैं. इसलिए, हम उन्हें अजीब नाम देकर उनका अपमान नहीं कर सकते.

2. छात्रों को शिक्षकों को सालाना ग्रेड देना चाहिए क्योंकि इससे शिक्षकों की शिक्षण पद्धति में सुधार होगा. वर्तमान में, कई शिक्षक यह नहीं समझ पाते कि वे कहां गलती कर रहे हैं. इस प्रक्रिया से उन्हें यह जानने में मदद मिलेगी और वे अपने शिक्षण में सुधार कर सकेंगे.



**प्रिया माहेश्वरी**
छात्रा

जो शिक्षक अच्छा पढ़ाते हैं, उनका कभी कोई मजाकिया नाम नहीं रखा जाता. आमतौर पर, ऐसे शिक्षक का उपनाम होता है जो ठीक से नहीं पढ़ाते या जो छात्रों से बहुत कठोरता से पेश आते हैं. गुटखा-पान खाकर कक्षा में आने वाले शिक्षकों को उपनाम देना स्वाभाविक है.



**प्रीति कुमारी**
छात्रा

मेरे हिसाब से, हां, छात्रों को शिक्षकों को ग्रेड देना सही है. इससे शिक्षक जान सकते हैं कि वे स्वयं कैसे सुधार कर सकते हैं. छात्रों को अपनी पढ़ाई के लिए उपयुक्त शिक्षकों का चयन करने का मौका भी मिलेगा.


संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### दलीप ट्रॉफी में इशान का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफ़ी के पहले मैच में इशान किशन का खेलना मुश्किल नज़र आ रहा है. उन्होंने शायद एक हैमस्ट्रिंग इंजरी के बारे में चयनकर्ताओं और प्रबंधन को सूचित किया है. इस महीने की शुरुआत में वह बुची बाबु टूर्नामेंट के दौरान झारखंड की तरफ़ से खेल रहे थे. ऐसा प्रतीत होता है कि यह चोट शायद उसी टूर्नामेंट के दौरान उन्हें लगी थी. दलीप ट्रॉफ़ी में किशन को इंडिया डी में रखा गया है, जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं. फ़िलहाल के लिए इंडिया डी ने किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है. उनकी टीम में अब केएस भरत के रूप में एकमात्र विकेटकीपिंग विकल्प है. इंडिया डी का पहला मुक़ाबला इंडिया सी के साथ है,जिसकी कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे. किशन मैच की पूर्व संध्या तक टीम में शामिल नहीं हुए थे. किशन की चोट की गंभीरता के आधार पर उनके रिप्लेसमेंट पर निर्णय लिया जा सकता है. बुधवार दोपहर तक आधिकारिक तौर पर किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई थी. इस बीच यह भी ख़बर है कि इंडिया ए को तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा के बिना ही खेलना होगा, जो क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं.

### आरआर के मुख्य कोच बन सकते हैं आर द्रविड़

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ बतौर मुख्य कोच जुड़ सकते हैं. इस साल जून में बारबाडोस में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारत की पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था. टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ का कोचिंग कार्यकाल भी सफल रहा है. उनकी देखरेख में ही भारत ने टी-20 विश्व कप 2024 जीता था. इसी के साथ टीम इंडिया के साथ उनके कोचिंग कार्यकाल का अंत यादगार रहा. ईएसपीएन क्रिकइन्फो को पता चला है कि द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और बड़ी नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन पर भी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी चर्चा हो चुकी है. टीम के मौजूदा कप्तान संजू सैमसन का द्रविड़ के साथ लम्बे समय से पेशेवर रिश्ता रहा है.

### चयन समिति में अंकोला की जगह रत्रा शामिल

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय रत्रा को पुरुष चयन समिति में नए सदस्य के तौर पर शामिल किया है.रत्रा अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति में सलिल अंकोला की जगह लेंगे और बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज को देखते हुए पद संभालेंगे. पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रत्रा के पास घरेलू और अंतरराष्ट्रीय का काफी अनुभव है.परंपरा के अनुसार सभी पांच चयनकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति में रत्रा उत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे. पिछले साल अगरकर को मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किए जाने के बाद चयन पैनल में पश्चिम क्षेत्र से दो चयनकर्ता थे.

दलीप ट्रॉफ़ी के पहले राउंड के बाद बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान संभव

# रेड बॉल टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी 2024 का रोमांच आज से होगा शुरू

**सभी मैच बेंगलुरु और अनंतपुर में खेले जायेंगे**

एजेंसी। नयी दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2024 की शुरुआत पांच सितंबर से होने वाली है. ये रेड बॉल टूर्नामेंट दो शहरों में खेला जाएगा और दो मैच पहले ही दिन शुरू होंगे और दोनों मैच अहम होंगे, क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम का सिलेक्शन इन्हीं मैचों के आधार पर होगा. जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उनको मौका मिलने की उम्मीद है. दलीप ट्रॉफी 2024 के मैच कर्नाटक के बेंगलुरु और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में खेले जाने हैं. इसी टूर्नामेंट के साथ भारत के डोमेस्टिक सीजन 2024-25 की शुरुआत होगी. प्रथम श्रेणी रेड-बॉल टूर्नामेंट में चार टीमें भाग लेंगी, जिनमें इंडिया ए, इंडिया बी, इंडिया सी और इंडिया डी टीम शामिल है. ये दलीप ट्रॉफी का 61वां सीजन है और इस बार नया फॉर्मेट लागू किया गया है. पहले जोन के आधार पर 6 टीमें इस टूर्नामेंट को खेलती थीं, लेकिन अब चार टीमें इस टूर्नामेंट में नजर आएंगी. इन टीमों का चयन नेशनल सिलेक्शन कमेटी ने किया है. 5 से 8 सितंबर के बीच खेले जाने वाले टूर्नामेंट के पहले मैच में टीम ए और टीम बी की भिड़ंत बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगी, जबकि टीम सी और टीम डी के बीच इसी दिन अनंतपुर के रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा. राउंड-रॉबिन फॉर्मेट के तहत ग्रुप फेज में हर एक टीम अन्य तीन टीमें से चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच खेलेंगी. इस तरह कुल छह मैच खेले जाएंगे. प्रत्येक टीम तीन मैच खेलेगी और टूर्नामेंट का विजेता सबसे अधिक अंक पाने वाले के आधार पर घोषित किया जाएगा. फाइनल इस टूर्नामेंट में नहीं होगा.




**मैच का शेड्यूल**

| | | |
|---|---|---|
| 5 से 8 सितंबर | टीम ए वर्सेस टीम बी | बेंगलुरु |
| 5 से 8 सितंबर | टीम सी वर्सेस टीम डी | अनंतपुर |
| 12 से 15 सितंबर | टीम ए वर्सेस टीम डी | अनंतपुर |
| 12 से 15 सितंबर | टीम बी वर्सेस टीम सी | अनंतपुर |
| 19 से 22 सितंबर | टीम बी वर्सेस टीम डी | अनंतपुर |
| 19 से 22 सितंबर | टीम ए वर्सेस टीम सी | अनंतपुर |

**ये हैं कप्तान**

भारत की व्हाइट बॉल क्रिकेट टीम के उपकप्तान शुभमन गिल टीम ए की कप्तानी करेंगे, जबकि घरेलू क्रिकेट के अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन टीम बी की कप्तानी करेंगे. चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ टीम सी का नेतृत्व करेंगे और 2024 आईपीएल चैंपियन टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर टीम डी का नेतृत्व करेंगे.

**ये हैं टीमें**

**इंडिया ए :** शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा,शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, विदवथ कावेरप्पा, कुमार कुशाग्र और शास्वत रावत.

**इंडिया बी :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी औरएन जगदीसन (विकेटकीपर).

**इंडिया सी:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), बी इंद्रजीत, रितिकशौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर) और संदीप वॉरियर.

**इंडिया डी :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, ईशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर) और सौरभ कुमार.

भारत के पदकों की संख्या 21 पहुंची

# सचिन सरजेराव ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में जीता रजत

एजेंसी। पेरिस




भारत ने बुधवार को पदकों का खाता पुरुषों की एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में खोला. सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने 16.32 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया. सचिन बस 0.06 मीटर से स्वर्ण पदक चूक गए. सचिन ने दूसरे प्रयास में ही 16.32 मीटर का थ्रो किया था. हालांकि, वह इससे ऊपर निकलन में कामयाब नहीं हो सके. कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया. इस स्पर्धा में भारत के मोहम्मद यासेर आठवें और रोहित कुमार नौवें स्थान पर रहे.गोला फेंक के फाइनल में सचिन का पहला प्रयास 14.72 मीटर, दूसरा प्रयास 16.32 मीटर, तीसरा प्रयास 16.15 मीटर, चौथा प्रयास 16.31 मीटर, पांचवां प्रयास 16.03 मीटर और छठा (आखिरी) प्रयास 15.95 मीटर का रहा. उन्होंने 16.32 मीटर के थ्रो के साथ एरिया रिकॉर्ड भी बनाया. यह भारत का पेरिस पैरालंपिक 2024 में 21वां पदक रहा. सचिन ने 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की शॉट पुट एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था.

उन्होंने 16.21 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पदक अपने नाम किया था. उन्होंने 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भाग लिया , जिसमें उन्होंने इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था.यासेर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 14.21 मीटर का और रोहित का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 14.10 मीटर का रहा. पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं. इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है. महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले सचिन स्कूली दिनों में एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी. कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके.

पैरालंपिक में भारत के प्रदर्शन से सचिन खुश, बोले-


### आपने सचमुच इतिहास रच दिया है

नयी दिल्ली ।टीम इंडिया के पूर्व महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने पेरिस में जारी पैरालंपिक गेम्स 2024 में मंगलवार 3 सितंबर को पदक जीतने वाले पांच खिलाड़ियों की तारीफ की. भारतीय खिलाड़ियों ने एक ही दिन में पांच पदक जीते और अपने पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त किया, क्योंकि भारत के खाते में अब पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 में कुल 20 पदक हो गए हैं, जो एक पैरालंपिक में भारत के लिए सबसे ज्यादा पदक हैं. यही देखकर सचिन तेंदुलकर फूले नहीं समाए और उन्होंने भारतीय पैरा एथलीटों को बधाई देते हुए कहा कि आपने सचमुच में इतिहास रच दिया .क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा, "विजयी मंगलवार! भारत ने सोमवार की गति को मंगलवार तक बरकरार रखा है और टोक्यो में 19 पदकों के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर पेरिस पैरालिंपिक में 20 पदक जीत लिए हैं. कल के हमारे 5 पोडियम फिनिशरों को बधाई. आपने वाकई इतिहास रच दिया है.



### पीएम नरेंद्र मोदी ने पैरा-एथलीटों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत के पैरा-एथलीट मरियप्पन थंगावेलु, शरद कुमार, सुंदर सिंह गुर्जर और अजीत सिंह को पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने के लिए बधाई दी. शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु ने पेरिस 2024 पैरालंपिक में मंगलवार को पुरुषों की ऊंची कूद टी42 वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते. शरद कुमार ने फाइनल में 1.88 मीटर की हाई जंप लगाई. यह उनका दूसरा पैरालंपिक पदक था. उन्होंने टोक्यो 2020 में 1.83 मीटर की दूरी के साथ कांस्य पदक जीता. 1.85 मीटर की ऊंचाई के साथ मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता. उन्होंने लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, "शरद कुमार ने पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की हाई जंप टी63 में रजत पदक जीता! उनकी निरंतरता और उत्कृष्टता के लिए उनकी प्रशंसा की जाती है. उन्हें बधाई. वह पूरे देश को प्रेरित करते हैं." प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "पुरुषों की हाई जंप टी63 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मरियप्पन थंगावेलु को बधाई. यह सराहनीय है कि उन्होंने पैरालंपिक के लगातार तीन संस्करणों में पदक जीते हैं. उनका कौशल, निरंतरता और दृढ़ संकल्प असाधारण है.



### भाविनाबेन पटेल टेटे महिला एकल के क्वाफा में हारीं

**पेरिस ।** टोक्यो पैरालिंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय पैरा-पैडलर भाविनाबेन पटेल को बुधवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 में महिला एकल वर्ग 4 के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा. चीन की झोउ यिंग के खिलाफ़ एक करीबी मुकाबले वाले क्वार्टर फ़ाइनल मैच में, पटेल अंततः 12-14, 9-11, 11-8, 6-11 के स्कोर से हार गईं. पहले गेम ने मैच की दिशा तय कर दी, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी. पटेल ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, लेकिन यिंग का कौशल अंतर साबित हुआ, चीनी पैडलर ने पहला सेट 14-12 से जीत लिया. यिंग ने दूसरे गेम में भी अपनी गति बनाए रखी, खेल पर हावी रही और 11-9 से आरामदायक जीत हासिल की. एलिमिनेशन का सामना करते हुए, पटेल ने तीसरे गेम में वापसी की और, इसे 11-8 से जीता, जिससे मैच निर्णायक चौथे गेम में चला गया. चौथे गेम में एक आशाजनक शुरुआत के बावजूद, पटेल अपनी गति को बनाए रखने में असमर्थ रहीं. यिंग ने नियंत्रण हासिल किया और 6-11 की जीत के साथ मैच को समाप्त कर दिया.



अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट : बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी बाहर

# नवारो, सबालेंका व फ्रिट्ज सेमीफाइनल में

एजेंसी। न्यूयॉर्क



अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा. पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने मंगलवार को फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया.

नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा पलट दिया. उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था. दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई.दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर भी इस मैच के गवाह बने. संन्यास लेने के बाद पहली बार वह दर्शक के रूप में अमेरिकी ओपन में पहुंचे थे. ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की कवायद में हैं. वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं. सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी. बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने मैच के बाद कहा, ''जब मैंने दर्शकों के बीच फेडरर को देखा तो मुझे लगा कि वह फ्रांसिस टियाफो और ग्रिगोर दिमित्रोव का मैच देखने के लिए पहुंचे हैं. लेकिन फिर भी मैंने तय किया कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना है ताकि वह इसका आनंद उठा सकें.'' पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में अमेरिका के 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने अमेरिकी ओपन में 2020 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (2), 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराकर पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई.

### बोपन्ना व सुत्जियादी की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्डिला सुत्जियादी मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की अमेरिकी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए. भारत और इंडोनेशिया की जोड़ी ने इससे पहले एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में मैथ्यू एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा को हराया था .44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही पुरुष युगल से बाहर हो गए थे. उनकी और एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीय जोड़ी से 1-6, 5-7 से हार गई थी. इससे पहले टूर्नामेंट में, सुमित नागल पुरुष एकल के पहले दौर में हार गए थे, जबकि युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी भी पुरुष युगल के अलग-अलग चरणों में हारकर बाहर हो गए थे.

### संग्राम सिंह पाक के अली रजा के खिलाफ करेंगे एमएमए पदार्पण

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) 8 सितंबर को नई दिल्ली के कन्वेंशन सेंटर के भारत मंडपम में होने वाली आगामी 44वीं ओसीए आम सभा में अपने नए नेतृत्व का चुनाव करेगी. इस अवसर पर एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह, युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष खेल नेता मौजूद रहेंगे. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज और अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह को आधिकारिक तौर पर ओसीए के पहले भारतीय अध्यक्ष के रूप में घोषित किया जाएगा,

### 44वीं एशियाई ओलंपिक परिषद की आम सभा की मेजबानी के लिए तैयार राजधानी दिल्ली

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) 8 सितंबर को नई दिल्ली के कन्वेंशन सेंटर के भारत मंडपम में होने वाली आगामी 44वीं ओसीए आम सभा में अपने नए नेतृत्व का चुनाव करेगी. इस अवसर पर एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह, युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष खेल नेता मौजूद रहेंगे. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज और अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह को आधिकारिक तौर पर ओसीए के पहले भारतीय अध्यक्ष के रूप में घोषित किया जाएगा, जो इस साल की शुरुआत में शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार के रूप में उभरे थे. इस कार्यक्रम के एजेंडे में पूर्वी एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और पश्चिम एशिया के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्षों का चुनाव भी शामिल है. चुनाव गुप्त मतदान द्वारा कराए जाएंगे. चुनावों से पहले रणधीर सिंह ने कहा कि नई दिल्ली में ओसीए महासभा की मेजबानी करना देश के लिए गर्व की बात है. रणधीर सिंह ने एशियाई ओलंपिक परिषद की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा, "देश की राजधानी में ओसीए महासभा की मेजबानी करना भारतीय खेल जगत के लिए बहुत सम्मान की बात है.

**टेस्ट रैंकिंग** पांच साल में पहली बार टॉप-10 से हुए बाहर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान

# बल्लेबाजी रैंकिंग में बाबर आजम को भारी नुकसान

एजेंसी। दुबई

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में पूरी तरह फेल रहे. चार पारियों में बाबर के बल्ले से 64 रन निकले. इसका नुकसान उन्हें टेस्ट की बल्लेबाजी रैंकिंग में हुआ है. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर टॉप-10 से बाहर हो गए हैं. दिसंबर 2019 के बाद यह पहली बार है जब बाबर टॉप 10 से बाहर हुए हैं. अभी वह 12वें नंबर पर हैं. बाबर के खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद रिजवान ही एकमात्र पाकिस्तानी बल्लेबाज हैं जो टॉप 10 में बने हुए हैं. वह 10वें नंबर पर हैं.




**टॉप-10 में तीन भारतीय बल्लेबाज :** टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप-10 में तीन भारतीय बल्लेबाज हैं. रोहित शर्मा 5वें, यशस्वी जायसवाल छठे तो विराट कोहली 7वें नंबर पर चल रहे हैं. भारतीय टीम इसी महीने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी. विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पिछली टेस्ट सीरीज में हिस्सा नहीं लिया था.इंग्लैंड के जो रूट का बल्लेबाजी चार्ट पर दबदबा कायम है. रूट के 922 रैंकिंग अंक हैं, जो दूसरे स्थान पर काबिज केन विलियमसन से 63 अंक अधिक हैं. रूट श्रीलंका के खिलाफ शानदार फॉर्म में हैं. लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़कर रूट ने टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक बनाने के मामले में एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ते हुए एक नया इंग्लिश रिकॉर्ड बनाया है. रूट के नाम अब 34 टेस्ट शतक हो गए हैं. न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड के हैरी ब्रूक क्रमशः टॉप 5 में शामिल हैं.

### बाबर ने 2022 से नहीं बनाया अर्धशतक

बाबर आजम ने दिसंबर 2022 में आखिरी बार टेस्ट में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली थी. लाल गेंद के प्रारूप में अपनी पिछली 16 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए हैं. 29 साल बाबर के खराब फॉर्म ने घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के प्रदर्शन को भी प्रभावित किया है. बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 10 विकेट तो दूसरे में 6 विकेट से हराया. इस सीरीज से पहले बांग्लादेश ने कभी पाकिस्तान को टेस्ट में नहीं हराया था.

# निहाल, रुद्रांश मिश्रित 50 मीटर पिस्टल के फाइनल में नहीं बना पाए जगह

एजेंसी। चेटोरौक्स (फ्रांस)

भारत के निहाल सिंह और रुद्रांश खंडेलवाल बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन में क्रमशः 19वें और 22वें स्थान पर रहने के बाद मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे. निहाल 522 के कुल स्कोर के साथ समाप्त हुआ जबकि रुद्रांश ने 60-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 517 अंक अर्जित किए. इससे पहले, निहाल क्वालीफिकेशन में 10वें स्थान पर रहने के बाद मिश्रित 25 मीटर पिस्टल (एसएच1) के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे. रुद्रांश और निहाल दोनों ने इस साल मार्च में पैरा-शूटिंग विश्व कप में मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था. इस जोड़ी ने टोक्यो पैरालंपिक पदक विजेता सिंहराज अधाना के साथ मिश्रित 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता. 2015 में एक शादी समारोह में आतिशबाजी के कारण हुए विस्फोट में अपना बायां पैर गंवाने के बाद रुद्रांश ने अपने पास के घर में महीनों बिताए थे. खेल में उनका उत्थान तब शुरू हुआ जब उनके समर्पित माता-पिता ने सुझाव दिया कि उन्हें राजस्थान के उत्तरी राज्य के शहर भरतपुर में एक स्थानीय शूटिंग रेंज की यात्रा के बाद इसे आज़माना चाहिए. भारत ने अब तक पेरिस में कुल मिलाकर 21 पदक जीते हैं, जो 2021 में टोक्यो पैरालंपिक खेलों की तुलना में दो अधिक हैं. भारत के पास वर्तमान में तीन स्वर्ण, आठ रजत और दस कांस्य पदक हैं.



**ब्रीफ खबरें**

### इजराइल के वैज्ञानिक ने लिया खेती का जायजा

**बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत कैला पंचायत में बुधवार को फलों और सब्जियों की खेती को लेकर विशेष रुचि दिखाते हुए इजरायल के वैज्ञानिक यूरी रुबिंस्टीन ने खेतों का जायजा लिया. सर्वे के दौरान उन्होंने रामचक के किसान अनुज कुमार के खेतों में स्ट्रॉबेरी, तरबूज और खरबूजे की खेती को बारीकी से देखा साथ हीं इस क्रम में यूरी रुबिंस्टीन ने फलों की गुणवत्ता, खेती के तरीकों, और उत्पादन क्षमता की सराहना की. उन्होंने स्थानीय किसानों को फसल उत्पादन के बेहतर तरीके अपनाने के सुझाव भी दिए.

### सांसद को धमकी देने वाला बिट्टू गिरफ्तार

**पटना ।** खगड़िया लोकसभा सीट से लोजपा (आर) के सांसद सांसद राजेश वर्मा के निजी मोबाइल पर कॉल कर जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में संलिप्त अभियुक्त बिट्टू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया. पटना पुलिस मुख्यालय द्वारा बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के निजी मोबाइल पर कॉल कर जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में उनके निजी सचिव विकास कुमार नयाटोला बलुआही, थाना-जिला-खगड़िया ने बीते 28 अगस्त को लिखित आवेदन खगड़िया साइबर थाना में दिया था.

### 3.9 किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** मोतिहारी शहर स्थित छतौनी बस स्टैंड से मंगलवार को पटना से आयी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने स्थानीय छतौनी थाना पुलिस के सहयोग से 3 किलो 900ग्राम चरस के साथ एक तस्कर को दबोच लिया. गिरफ्तार तस्कर की पहचान घोड़ासहन के माईस्थान वार्ड 4 निवासी बृजकिशोर के रूप में हुई है. जिसने पूछताछ में बताया कि वह चरस की खेप लेकर दूसरे प्रदेश जाने वाला था. हालांकि इसकी गुप्त सूचना मिलने परनारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों की टीम ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया. एनसीबी की टीम ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर तस्कर को अपने साथ ले गयी.

## दंपती को अर्धनग्न हालत में जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया

### बिहार में तालिबान जैसी सजा मिली दंपती को

**संवाददाता । जमुई**

जमुई के झाझा थाना अंतर्गत ताराकुरा गांव में पांच दिनों पहले प्रेमी संग फरार एक महिला सोमवार के दिन जब अपने ससुराल लौटी तो ग्रामीणों ने महिला के साथ-साथ उसके पति के साथ भी अमानवीय व्यवहार किया. लोगों ने अर्धनग्न की अवस्था में दंपति को चप्पल और जूते की माला पहनकर ढोल बाजे के साथ पूरे गांव में घुमाया. यही नहीं गांव वालों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया. महिला ने थाने में डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीण के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है. पीड़ित महिला ने बताया कि पांच दिनों पहले वह गांव के एक युवक केदार मंडल के साथ कहीं चली गई थी उसके बाद अपने पति और बच्चों के पास वापस ससुराल लौट आई. दो सितंबर की रात को गांव के गणेश मंडल, रवि मंडल, सुधीर कारू, कल्लू दामोदर, नारायण अरुण, संगीता, सहित कई लोगों ने एक बैठक कर दंपती को घर से बाहर निकाल दिया. दोनों के बाल भी काटे गए. वहीं इस दौरान ग्रामीणों ने मिलकर महिला के कपड़े भी उतार दिए. युवाओं ने फोन के माध्यम से वीडियो भी बनाया. दंपती रहम की भीख मांगते रहे, लेकिन ग्रामीणों ने ढोल बाजे बजाकर दंपती को चप्पल जूते आदि की माला पहनकर अर्धनग्न अवस्था में पूरे गांव में घुमाया.

**गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी**

दरअसल, महिला और उसका प्रेमी दोनों शादीशुदा है. दोनों के तीन-तीन बच्चे भी हैं. फिर भी प्रेम-प्रसंग में दोनों एक दूसरे के साथ फरार हो गए थे, जब दोनों पांच दिनों बाद अपने गांव ताराकुरा वापस लौटे तो ग्रामीण जोरदार विरोध किया. वीडियो बीते सोमवार की रात का है. वहीं झाझा थाना अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला के आवेदन पर मामला दर्ज कर 12 लोगों केस दर्ज की गई है. आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है.




### छपरा में महावीरी जुलूस के दौरान हुआ बड़ा हादसा

## ऑर्केस्ट्रा देख रहे लोगों पर गिरा छज्जा, 100 से ज्यादा लोग घायल

**संवाददाता । सारण**

सारण जिले के इसुआपुर प्रखंड के महावीरी अखाड़ा में मंगलवार देर रात आर्केस्ट्रा देखने पहुंची सैकड़ों की भीड़ से अचानक छज्जा गिर गया. इस हादसे में कम से कम 100 लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उचार के बाद घर भेज दिया गया. दरअसल, पारंपरिक महावीरी अखाड़ा मेला के अंतिम दिन विभिन्न गांवों से आए अखाड़ों का मिलन प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में हो रहा था. इसे लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा था. आयोजकों द्वारा मेले में भक्ति से मस्ती तक की व्यवस्था की गई थी. प्रखंड के लगभग दो दर्जन से



अधिक गांवों में इस मेला को लेकर तैयारी की गई थी. पूरे गांव में डंके की ताल पर युवाओं द्वारा रणकौशल का पूर्वाभ्यास युद्ध स्तर पर कराया गया था. वहीं, अखाड़े में रात्रि मेला की रौनक बढ़ाने के लिए राज्य के कई नामी गिरामी आर्केस्ट्रा संचालकों को आमंत्रित किया गया था.

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार देर रात्रि को गांव में महावीरी जुलूस निकाला जा रहा था, जिसमें हजारों की संख्या में लोग आर्केस्ट्रा देख रहे थे. तभी अचानक एक घर का छज्जा टूटकर गिर गया. प्रसिद्ध महावीरी मेला में छज्जा गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. घटना बीती रात करीब दो बजे के आसपास की है. इस हादसे में कई लोगों को चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया.

बताया जा रहा है कि इसुआपुर के ईश्वरपुर में महावीरी अखाड़ा मेला के दौरान अखाड़ा नंबर-1 के बाबा लालदास मठिया परिसर में टीन के शेड पर अनियंत्रित भीड़ बैठकर आनंद ले रही थी. तभी अचानक छज्जा गिरने से बीस से ज्यादा लोग घयाल हो गए. छज्जा गिरने की लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. हालांकि किसी के हताहत होने की आधिकारिक सूचना नहीं है.

बताया जा रहा है कि डंके की ताल और अश्लील नृत्य वाले विभिन्न आर्केस्ट्रा की नर्तकियों के समक्ष रणकौशल का प्रदर्शन किया जा रहा था. वहीं, अखाड़े में रात्रि के दौरान मेला की रौनक बढ़ाने के लिए राज्य के कई नामी गिरामी म्यूजिकल ग्रुपों को देखने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी थी. हालांकि महावीरी मेला में शांति व्यवस्था के लिए प्रत्येक अखाड़े के साथ पुलिस बल के साथ ही दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी.

### मुजफ्फरपुर में नाव पलटने से दो की मौत

**मुजफ्फरपुर ।** जिले के कलवारी गांव में गंडक नदी में नाव पलटने से बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार को स्थानीय लोगों ने बचा लिया. इस घटना की सूचना नजदीकी थाने की पुलिस को दे दी गई है. पुलिस के मुताबिक कलवारी गांव में लगभग आधा दर्जन लोग एक नाव पर सवार होकर जमीन मापी के लिए बूढ़ी गंडक नदी को पार कर रहे थे. इसी दौरान अचानक नाव अनियंत्रित होकर बीच नदी में ही पलट गयी, जिसके बाद नाव पर सवार सभी लोग बूढ़ी गंडक नदी में डूबने लगे. इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया लेकिन तबतक दो लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई.

### जमीन विवाद में 16 लोगों पर मामला दर्ज

**कटिहार ।** सहायक थाना पुलिस ने आदिवासी समुदाय के जमीन विवाद मामले में मामला दर्ज कर लिया है. इस मामले में 16 नामजद और करीब 50 अज्ञात लोग शामिल हैं. बुधवार को सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिजीत कुमार ने बताया कि सहायक थाना क्षेत्र स्थित ऑफिसर कॉलोनी के कुछ आदिवासी समुदाय के महिलाओं के आरोप पर मामला दर्ज कर लिया गया है. महिलाओं ने आरोप लगाया है कि ऑफिसर कॉलोनी स्थित करीब 76 डी. जमीन पर 60-70 दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है. इस जमीन पर आदिवासी समुदाय के लोगों का दावा है.

### राज्य में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं : तेजस्वी यादव

**पटना ।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में लगातार हो रहे अपराध को लेकर राज्य सरकार पर बुधवार को बड़ा हमला बोला. उन्होंने कहा कि बिहार में लगातार अपराध बढ़ रहा है और बिहार सरकार इस पर संज्ञान नहीं लेती है. अपराधी भी नहीं पकड़े जाते हैं. उन्होंने कहा कि हमने तो कई अपराधियों का फोटो शेयर किया है जो सीएम हाउस में बैठे हैं कई अपराधी बीजेपी नेताओं के साथ बैठे रहे उसका भी हमने फोटो शेयर किया है. वह बताएं सृजन घोटाले में कौन थे? बालिका गृह कांड में कौन लोग थे? ये सभी अपराधी आखिर हैं कहां? यह तो बताना चाहिए. बिहार में लगातार अपराध बढ़ रहा है, लेकिन पीड़ित परिवार के पास कोई जाता भी नहीं है.

## गोली मारकर युवक की हत्या

### अपराधियों ने शव को सड़क किनारे फेंका

**संवाददाता । दरभंगा**

दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा थानाक्षेत्र के रामपुरा गांव के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई. बताया जा रहा है कि हत्यारों ने युवक की कनपटी में सटाकर गोली मार दी. हालांकि मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है. स्थानीय लोगों की सूचना पर सिंहवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, एक व्यक्ति ने रामपुरा-रामबाग जाने वाली एनएच-57 सड़क पर नीले रंग की टीशर्ट और पैंट पहने व्यक्ति का शव पड़ा देखा. उसके बाद इलाके में सनसनी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई. वहीं, सिंहवाड़ा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करवाने की कोशिश में जुट गई है.

## सीएम ने जेपी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माणाधीन टर्मिनल का किया निरीक्षण

**संवाददाता । पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माणाधीन टर्मिनल का निरीक्षण किया. साथ ही अधिकारियों को बचे हुए कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के विस्तारीकरण कार्य की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. हवाई अड्डा के समीक्षा कक्ष में विस्तारीकरण कार्य से संबंधित एक समीक्षा बैठक हुई. समीक्षा बैठक में



मुख्यमंत्री को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एयरपोर्ट के अधिकारियों ने दी. समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना एयरपोर्ट पर और बेहतर सुविधाओं के लिए विस्तारीकरण के तहत जो भी जरूरी कार्य हैं वो किये जा रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना एयरपोर्ट पर हवाई जहाजों के सुचारु आवागमन को लेकर विस्तारीकरण कार्य जल्द पूरा करें. राज्य सरकार से जो भी मदद की जरूरत होगी उसे पूरा किया जायेगा. हवाई अड्डा परिसर में मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था करें और हवाई अड्डा से कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएं ताकि कम से कम समय में लोग यहां पहुंच सकें.

## नकली खाद बनाने की फैक्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर जिले की वैनी थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र के ठहरा पंचायत के वार्ड-10 मोहल्ले में छापामारी कर नकली खाद बनाने की अवैध फैक्ट्री का खुलासा किया है. पुलिस ने इस मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया है. वहीं, मौके से 30 बोरी नमक के अलावा 1,610 पैकेट पारस जिंक के खाली रैपर और 152 पारस जिंक के रैपर में भरा हुआ नमक बरामद किया गया है. प्रभारी थाना अध्यक्ष अंशु सिंह ने बताया कि रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ठहरा पंचायत के दामोदर सिंह के बेटे रंजीत कुमार सिंह के यहां नकली पारस जिंक खाद बनाई जा रही है.

# कारोबार

### बिल प्रबंधन प्रणाली एक अक्तूबर से शुरू

**नयी दिल्ली ।** जीएसटी नेटवर्क एक अक्तूबर से बिल प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) की शुरुआत करेगा. इसकी मदद से करदाता सही इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए आपूर्तिकर्ताओं की तरफ से जारी रिकॉर्ड/बिलों का मिलान कर पाएंगे. जीएसटी नेटवर्क ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतानकर्ताओं को जारी परामर्श में कहा, करदाता पोर्टल के माध्यम से अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ रिकॉर्ड/बिलों में सुधार/संशोधनों का कुशल प्रबंधन कर सकें.

### आईपीओ लाने की तैयार में जुटी क्लासिक

**नयी दिल्ली ।** क्लासिक मोटरसाइकिल के भारतीय बाजार में हलचल मचाने के बाद क्लासिक लीजेंड्स अब शेयर बाजार पर हलचल मचाने की तैयारी कर रही है. जावा, येज्डी और बीएसए बाइक जैसे ब्रांड नाम से प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी आईपीओ लेकर आने की योजना पर काम कर रही है. ईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, क्लासिक लीजेंड्स की योजना वित्त वर्ष 2026-27 में आईपीओ लाने की है. आईपीओ की योजना के बारे में कंपनी के को-फाउंडर अनुपम थरेजा ने जानकारी साझा की है.

### कच्चा तेल 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट का रुख है. ब्रेंट क्रूड का मूल्य 74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब है. देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन ब्रेंड क्रूड 0.47 डॉलर यानी 0.64 फीसदी की गिरावट के साथ 73.28 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड किया है.

### पीएम मोदी के पहुंचते ही सिंगापुर की कैपिटालैंड का बड़ा एलान

## 4 सालों में करेगी भारत में 45000 करोड़ रु. निवेश

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिंगापुर में लैंड करते ही सिंगापुर की दिग्गज रियल एस्टेट ग्रुप ने साल 2028 तक भारत में अपने निवेश को डबल करने का एलान किया है. सिंगापुर की कैपिटालैंड जो कि एशिया की सबसे बड़ी डायवर्सिफायड रियल एस्टेट ग्रुप है उसने कहा है कि अगले चार वर्षों में वो भारत में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और जिसके बाद भारत में ग्रुप का कुल निवेश बढ़कर 90,280 करोड़ रुपये हो जाएगा. कैपिटालैंड इंवेस्टमेंट ने कहा, भारत में अपने फंड्स अंडर मैनेजमेंट जो 30 जून 2024 तक 7.4 बिलियन डॉलर या 458.8 बिलियन रुपये था उसे 2028 तक



बढ़ाकर डबल करेगी. कंपनी ने कहा, इस फैसले के जरिए कैपिटालैंड इंवेस्टमेंट को साल 2028 तक 200 बिलियन डॉलर के फंड्स अंडर मैनेजमेंट के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी. भारत में अपनी मौजूदगी के 30वें सालगिरह के मौके पर कंपनी ने ये एलान किया है. कैपिटालैंड इंवेस्टमेंट भारत के आर्थिक विकास की गति को लेकर बेहद सकारात्मक है और वो अपने का विस्तार करना चाहती है. भारत में सिंगापुर के हाई कमिश्नर सिमॉन वॉन्ग ने कैपिटालैंड इंवेस्टमेंट के इस निवेश की जानकारी को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर साझा किया है. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा ये देखकर अच्छा लग रहा है कि सिंगापुर की कंपनियां भारत में अपने निवेश को डबल कर रही हैं.

कैपिटालैंड इंवेस्टमेंट के ग्रुप सीईओ ली ची कून ने कहा, भारत हमारे लिए स्ट्रैटजिक मार्केट है और कैपिटालैंड इंवेस्टमेंट के ओवरऑल बिजनेस में मुख्य कंट्रीब्यूटर है. उन्होंने कहा, भारत हमारे लिए सबसे तेज गति से बढ़ने वाला बाजार रहा है जहां पिछले सात सालों में हमारा निवेश तीन गुना हो गया है. उन्होंने कहा, साल 2024 में भारत की जीडीपी 7 फीसदी रहने का अनुमान है और अगले पांच वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगी. कैपिटालैंड इंवेस्टमेंट के ग्रुप सीईओ ने कहा, भारत अपने क्वालिटी रियल एसेट्स के लिए लगातार बड़ी कंपनियों और संस्थागत इंवेस्टर्स से निवेश आकर्षित कर रहा है.

## सेंसेक्स 202 अंक गिरकर 82,352 पर बंद : निफ्टी भी 81 अंक फिसला



विप्रो का शेयर 3 प्रतिशत से ज्यादा टूटा

नयी दिल्ली : कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण बुधवार को शेयर मार्केट में गिरावट देखने को मिली है. सेंसेक्स 202 अंक की गिरावट के साथ 82,352 के स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयर्स में गिरावट और 11 में तेजी रही. वहीं निफ्टी में भी बुधवार को 81 अंक की गिरावट रही. ये 25,198 के स्तर पर बंद हुआ. बुधवार को कारोबार के दौरान आईटी और एनर्जी शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही. विप्रो का शेयर 3.06% और कोल इंडिया का शेयर 2.81% टूटा है. ईसीओएस इंडिया मोबिलिटी का शेयर 16.77% के प्रीमियम के साथ बाजार में लिस्ट हुआ. एनएसई पर इसका शेयर 390 रुपए में लिस्ट हुआ. वहीं बीएसई पर ये 391.30 रुपए पर लिस्ट हुआ. इसका इश्यू प्राइस 334 रुपए था. लिस्टिंग के इसके शेयर और तेजी देखने को मिली, और ये 107.05 रुपए (32.05%) बढ़कर 441.05 रुपए पर बंद हुआ.

### सरकार ने निर्यातकों के लिए ब्याज समानीकरण 30 सितंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्याज समानीकरण योजना को एक और महीने के लिए 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दिया है. इस योजना का मकसद निर्यात को प्रोत्साहन देना है. विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी एक व्यापार अधिसूचना में कहा गया है कि व्यापार तथा उद्योग को सूचित किया जाता है कि निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिये जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है. अधिसूचना के मुताबिक निर्यातकों को ब्याज लाभ प्रदान करने वाली यह योजना 31 अगस्त, 2024 को समाप्त हो गई थी. जून में इस योजना को दो महीने के लिए बढ़ाया गया था. ये योजना केवल एमएसएमई विनिर्माण निर्यातकों के लिए है. उल्लेखनीय है कि निर्यातकों को निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिये जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना के तहत सब्सिडी मिलती है. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे पहले 8 दिसंबर, 2023 को इस योजना को 30 जून तक जारी रखने के लिए 2,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन को अपनी मंजूरी दी थी.

### विश्व बैंक ने भारत को लेकर अपनी रिपोर्ट में कहा

## सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट लेकिन आर्थिक रूप से मजबूत

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत का वैश्विक व्यापार इसकी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल नहीं रख पाया है. देश कम लागत वाले विनिर्माण निर्यात केंद्रों के रूप में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ रहा है. विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है. बहुपक्षीय ऋणदाता विश्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले एक दशक में भारत के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में गिरावट आई है. बावजूद इसके यह




आर्थिक रूप से मजबूत है. विश्व बैंक के अनुसार, परिधान, चमड़ा, वस्त्र और जूते के वैश्विक निर्यात में देश की हिस्सेदारी 2002 के 0.9% से बढ़कर 2013 में 4.5% के शिखर पर पहुंच गई. लेकिन उसके बाद 2022 में यह घटकर 3.5% रह गई. इसके विपरीत, इन वस्तुओं के वैश्विक निर्यात में बांग्लादेश की हिस्सेदारी 5.1% तक पहुंच गई.

### डेबिट कार्ड का इस्तेमाल घटा

## क्रेडिट कार्ड का बाजार 2028 29 तक हो सकता है दोगुना

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत में क्रेडिट कार्ड की संख्या 15 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ 20 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, पीडब्ल्यूसी की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेडिट कार्ड उद्योग ने पिछले पांच वर्षों में जारी किए गए क्रेडिट कार्ड की संख्या को दोगुना करते हुए महत्वपूर्ण विस्तार हासिल किया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि यह गति जारी रहने की उम्मीद है, आने वाले वर्षों में बाजार यह वृद्धि दोहरा सकती है.



रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में क्रेडिट कार्ड बाजार में वित्त वर्ष 28-29 तक कार्डों की संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है, और यह आंकड़ा 20 करोड़ कार्ड तक पहुंच जाएगा. क्रेडिट कार्ड उद्योग में पिछले पांच वर्षों के दौरान 100 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है. अगले पांच वित्तीय वर्षों के भीतर बाजार इस वृद्धि को दोहरा सकती है.

**आईपीओ**

### मिनिमम ₹14,812 करने होंगे निवेश, 9 सितंबर को बाजार में लिस्ट होंगे कंपनी के शेयर

## गाला प्रिसिजन के आईपीओ का बुधवार को रहा आखिरी दिन

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ का बुधवार को आखिरी दिन रहा. 9 सितंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे. ये आईपीओ अब तक 52.41 गुना सब्सक्राइब हो चुका है. गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग इस इश्यू के जरिए टोटल 167.93 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है. इसके लिए कंपनी 135.34 करोड़ के 2,558,416 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है. वहीं कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस के जरिए 32.59 करोड़ के 616,000 शेयर बेच रहे हैं. गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 503 से 529 तय किया है. रिटेल निवेशक कम से कम एक लॉट यानी 28 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं. यदि आप आईपीओ के अपर प्राइस बैंड 529 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,812 इन्वेस्ट करने होंगे. वहीं, रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 364 शेयर्स के लिए अप्लाय कर सकते हैं. इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,556 इन्वेस्ट करने होंगे.

**इश्यू का 35% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व :** कंपनी ने इश्यू का 50% हिस्सा




क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व रखा है. इसके अलावा 35% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईटी) के लिए रिजर्व है. आईपीओ ओपनिंग से पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 45.37% यानी 240 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है. ऐसे में अपर प्राइस बैंड 529 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 769 पर हो सकती है. हालांकि, इससे केवल अनुमान लगाया जा सकता है, शेयर की लिस्टिंग की प्राइस ग्रे मार्केट की प्राइस से अलग होती है. बता दें कि

गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड की स्थापना फरवरी 2009 में हुई थी. कंपनी डिस्क और स्ट्रिप स्प्रिंग्स (डीएसएस), कॉइल और सर्पिल स्प्रिंग्स (सीएसएस) और स्पेशल फास्निंग सॉल्यूशन (एसएफएस) जैसे प्रीसीजन कॉम्पोनेंट्स बनाती है.

कंपनी के प्रोडक्ट इलेक्ट्रिकल, ऑफ-हाइवे इक्विपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर और जनरल इंजीनियरिंग के साथ ऑटोमोटिव और रेलवे में इस्तेमाल किए जाते हैं. कंपनी ने जर्मनी, डेनमार्क, चीन, इटली, ब्राजील, अमेरिका, स्वीडन और स्विट्जरलैंड सहित कई देशों में टेक्निकल स्प्रिंग्स और हाई टेंसाइल फास्नर्स सप्लाई करती है.

**9 सितंबर को 3 आईपीओ ओपन होंगे :** बजाज हाउसिंग फाइनेंस, क्रॉस लिमिटेड और टॉलिन्स टायर्स में निवेश का मौका, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 14,880 शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए 9 सितंबर को 3 इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ ओपन होंगे. इसमें बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, क्रॉस लिमिटेड और टॉलिन्स टायर्स लिमिटेड शामिल हैं.

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी बोले-

## हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप लाने की जरूरत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में नए विचार लाने तथा युवाओं को शामिल करने के लिए स्टार्टअप लाने की जरूरत पर जोर दिया. प्रह्लाद जोशी ने 'हरित हाइड्रोजन इंडिया' 2024 के दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि ग्रीन



हाइड्रोजन मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमें स्टार्टअप लाने की जरूरत है, क्योंकि इसके लिए युवा तथा नए विचारों की जरूरत है. ग्रीन हाइड्रोजन पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 11 से 13 सितंबर तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा.

